राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 79
लखनऊ, बुधवार 19 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूपी मे फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री बनेगी निवेश व रोजगार का नया केंद्र : केशव प्रसाद मौर्य 03

बाल श्रम के विरुद्ध चलाया गया विशेष चेकिंग एवं जागरुकता अभियान 12

## यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग ने टीजीटी 2022 परीक्षा की स्थगित

▶ परीक्षा नियंत्रक ने नहीं, उप सचिव ने जारी किया स्थगन आदेश

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक परीक्षा (टीजीटी) चयन लिखित परीक्षा विज्ञापन संख्या 01-2022 को मंगलवार को स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा 18 व 19 दिसम्बर को प्रदेश में आयोजित होने वाली थी। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज की आज हुई बैठक में परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

आयोग के उप सचिव ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि टीजीटी के परीक्षा कार्यक्रम की आगामी तिथि बाद में घोषित की जाएगी। आयोग के टीजीटी परीक्षा स्थगित करने की जानकारी उप सचिव ने दी है। जबकि परीक्षा से सम्बंधित जानकारी देने के लिए आयोग में परीक्षा नियंत्रक देवेन्द्र प्रताप सिंह हैं। लेकिन वह परीक्षा से सम्बंधित कोई जानकारी नहीं देते हैं। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की अध्यक्ष प्रो (डॉ) कीर्ति पाण्डेय ने इस्तीफा दे दिया है। प्रभारी अध्यक्ष रामसुचित परीक्षा से सम्बंधित कोई निर्णय नही लें पा रहे हैं। इससे लाखों प्रतियोगियों को भारी परेशानी हो रही है।

## व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर जल संरक्षण के प्रति सभी रहें सचेत : राष्ट्रपति

▶ राष्ट्रपति ने प्रदान किए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार और जल संचय-जनभागीदारी पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि जनसंख्या की तुलना में जल संसाधन सीमित होने के कारण देश में जल का कुशल उपयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने रेखांकित किया कि प्रभावी जल प्रबंधन व्यक्तियों, परिवारों, समाज और सरकार की भागीदारी से ही संभव है। जल का सक्षम उपयोग, एक वैश्विक अनिवार्यता है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में नदियाँ, झीलें और अन्य जलस्रोत पूजनीय हैं। हमारे राष्ट्रीय गीत में बंकिम चंद्र चटर्जी ने जो पहला शब्द लिखा था, वह है सुजलाम। इसका अर्थ है 'प्रचुर जल संसाधनों से धन्य।' यह तथ्य हमारे देश के लिए जल की प्राथमिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जल संसाधनों का सर्वाधिक सक्षम तरीके से उपयोग करना हमारे सभी देशवासियों की जीवन-शैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर सभी को जल संरक्षण के प्रति निरंतर सचेत रहना है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि पिछले वर्ष शुरू की गई जल संचय-जनभागीदारी पहल के तहत 35 लाख से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि किसानों और उद्यमियों को कम से कम पानी का उपयोग करके, अधिक से अधिक उत्पादन के नए-नए तरीके अपनाने चाहिए। उत्साह के साथ व्यक्तिगत योगदान देने वाले प्रबुद्ध नागरिक भी जल महत्वपूर्ण हितधारक हैं। जल से जुड़ी चक्रीय अर्थव्यवस्था की प्रणालियों को अपनाकर सभी उद्योग तथा अन्य हितधारक जल-संसाधन का प्रभावी उपयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों का उद्देश्य लोगों में जल के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और उन्हें जल उपयोग के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

### जल संरक्षण में मॉडल बना जालौन, नून नदी के पुनर्जीवन के लिए डीएम को राष्ट्रीय सम्मान

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जनपद के लिए यह गर्व का क्षण है कि जल संचयन जन भागीदारी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जनपद को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा जल संचय जन भागीदारी 1.0 अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह राष्ट्रीय सम्मान महामहिम राष्ट्रपति द्वारा 18 नवम्बर 2025 को प्रात: 10 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में प्रदान किया गया। राष्ट्रीय जल मिशन के पत्र के अनुसार जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद में जल संरक्षण जन भागीदारी एवं सामुदायिक सहभागिता के अभिनव प्रयासों ने जल सुरक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया जिसके चलते विलुप्त हुई नून नदी को पुनर्जीवित करने का महत्वपूर्ण कार्य हुआ वर्षों से बंद नून नदी की धारा को बहता हुआ देखकर स्थानीय लोगों के चेहरे पर खुशी साफझलकती दिखाई दे रही थी। सामूहिक प्रयासों से जनपद में जल संरचना निर्माण, पुनर्भरण कार्य एवं जन-जागरूकता की उल्लेखनीय पहलें की गईं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।



-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,23,810/ |
| 22 कैरेट | = | 1,13500/ |
| 18 कैरेट | = | 92,910/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 162,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र, सीबीआई, ईडी व अनिल अंबानी को शीर्ष कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम), इसके समूह की कंपनियों और उनके प्रवर्तक से जुड़ी कथित व्यापक बैंकिंग और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर मंगलवार को केंद्र, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), अनिल अंबानी और अन्य को नोटिस जारी किए। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले और पूर्व केंद्रीय सचिव ई ए एस शर्मा की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। पीठ ने अब जनहित याचिका पर आगे की सुनवाई तीन सप्ताह बाद करना निर्धारित किया है।

### यूपी में तीन अपर पुलिस अधीक्षकों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने तीन अपर पुलिस अधीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले हैं। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार जायसवाल का फतेहगढ़ के लिए किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। अरुण कुमार सिंह द्वितीय को उपसेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के पद से हटाकर एएसपी फतेहगढ़ के पद पर तैनाती दी गई है। एएसपी दक्षिणी गोरखपुर जितेन्द्र कुमार प्रथम को उपसेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई थी। वह गोरखपुर से पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के लिए स्थानान्तरणाधीन थे।

### सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता 31 माओवादी गिरफ्तार

**विजयवाड़ा/रम्पाछोड़वरम।** आंध्र प्रदेश में माओवादियों पर शिंकजा कसने के दौरान सुरक्षाबलों को मंगलवार को एक और बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने सुबह एक मुठभेड़ में छह माओवादियों को ढेर किया था। इसके कुछ देर बाद ही सुरक्षाबलों ने राज्य में कई स्थानों पर छापा मार कर 31 माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। आंध्र प्रदेश के एडीजी खुफिया महेश चंद्र लड्डा ने अल्लूरी सीतारामाराजू जिले के एसपी अमित बरदार के साथ पत्रकारों को मुठभेड़ और गिरफ्तारी का पूरा ब्योरा दिया।

### एंबुलेंस में लगी आग, नवजात व डॉक्टर समेत चार की मौत

**अरवल्ली।** गुजरात के अरवल्ली जिले के मोडासा के पास सोमवार-मंगलवार मध्यरात्रि एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना हुई। यहां अहमदाबाद जा रही एक एम्बुलेंस अचानक आग की लपटों में घिर गई, जिसमें नवजात बच्चा, उसके पिता, डॉक्टर और नर्स की जलकर मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मोडासा नगर पालिका के फायर अधिकारी हेमराज वाघेला ने बताया कि मध्यरात्रि 1.40 बजे कॉल मिली कि एक एम्बुलेंस में आग लगी है।

# हाई-टेक फोरेंसिक लैब का उद्घाटन

### सीएम योगी ने किया 73 करोड़ से तैयार प्रयोगशाला का उद्घाटन, अब गोरखपुर में ही होंगी 90 प्रतिशत से ज्यादा जांचें

यह लैब पूर्वांचल ही नहीं, नेपाल बॉर्डर से जुड़े मामलों की जांच में भी लाएगी क्रांतिकारी बदलाव

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को गोरखपुर में एक नई और हाई-टेक फोरेंसिक लैब का उद्घाटन किया। जिला अस्पताल के इमरजेंसी गेट के ठीक सामने बनी यह छह मंजिला प्रयोगशाला करीब 73 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई है। पहले बी-ग्रेड रही यह लैब अब ए-ग्रेड में अपग्रेड हो चुकी है और पूर्वांचल ही नहीं, नेपाल बॉर्डर से जुड़े मामलों की जांच में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

इस लैब में मोबाइल, लैपटॉप, पेन ड्राइव, सीसीटीवी फुटेज और हर तरह के डिजिटल डिवाइस से डाटा रिकवर करने की सबसे आधुनिक सुविधा, साइबर क्राइम के लिए अलग डिविजन और वॉइस एनालिसिस (आवाज की वैज्ञानिक पहचान) की नई यूनिट,गोली, कारतूस, हथियारों की बैलिस्टिक जांच और विस्फोटकों का पूरा केमिकल एनालिसिस,वीडियो ऑथेंटिकेशन, एडिटिंग डिटेक्शन और स्पीकर आइडेंटिफिकेशन जैसी सुविधाएं अब लोकल स्तर पर उपलब्ध। पहले अधिकतर सैंपल लखनऊ भेजने पड़ते थे, जिसमें हफ्तों-महीनों लग जाते थे।

अब 90 प्रतिशत से ज्यादा जांच गोरखपुर में ही हो जाएगी। इससे, केस चार्जशीट की रफ्तार कई गुना बढ़ेगी, साइबर अपराध, मर्डर, बलात्कार, आतंकवाद और बॉर्डर क्राइम जैसे गंभीर मामलों का खुलासा तेज होगा, पुलिस को बार-बार लखनऊ दौड़ने और इंतजार करने से छुटकारा मिलेगा, सरकार का समय, पैसा और संसाधनों की भी भारी बचत होगी। इस पूरी बिल्डिंग का निर्माण यूपी राज्य निर्माण निगम ने किया है। सोमवार को जोनल एडीजी मुथा अशोक जैन, डीएम दीपक मीणा और एसएसपी राजकरन नय्यर ने लैब का दौरा कर सारी तैयारियां परखीं। अधिकारियों ने बताया कि नई लैब शुरू होते ही पूर्वांचल के दर्जनों जिलों की पुलिस को तुरंत राहत महसूस होगी।

### ध्वजारोहण की तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे सीएम



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरुआत संकट मोचन हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन से की, जहां उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हनुमानगढ़ी में प्रभु हनुमान के समक्ष शीश नवाने तथा पूजन-दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे श्रीरामलला विराजमान के दरबार पहुंचे। यहां आरती के बाद उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरणों में शीश झुकाया और परिक्रमा करते हुए मंदिर निर्माण की प्रगति का बारीकी से निरीक्षण किया। दर्शन-पूजन के उपरांत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें मंदिर निर्माण की वर्तमान स्थिति और आगामी चरणों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। श्रीरामलला के दर्शन के बाद जब मुख्यमंत्री बाहर निकले तो बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी ने भी हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान जय श्रीराम के नारे से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। अयोध्या आगमन पर रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी का यह नवम्बर माह का पहला अयोध्या दौरा है।

## 1996 के बस बम विस्फोट का आरोपी मो. इलियास दोषमुक्त

▶ न्यायमूर्ति सिद्धार्थ व राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने दिया फैसला

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** वर्ष 1996 के मोदीनगर-गाजियाबाद बस में बम विस्फोट मामले से संबंधित 51 पृष्ठों के विस्तृत फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मोहम्मद इलियास नामक व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द कर दिया। कोर्ट ने यह कहते हुए रद्द कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में बुरी तरह विफल रहा और पुलिस द्वारा दर्ज किया गया उसका कथित इकबालिया बयान साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 के तहत प्रतिबंध के मद्देनजर अस्वीकार्य है।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने इलियास द्वारा दायर आपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि पुलिस के समक्ष उसके इकबालिया बयान को हटा दिए जाने के बाद अपीलकर्ता के खिलाफ कोई कानूनी रूप से स्वीकार्य सबूत नहीं बचा है। कोर्ट ने अपने आदेश में सजा को रद्द करते हुए कहा कि कोर्ट भारी मन से÷ बरी करने का आदेश पारित कर रही है, क्योंकि यह मामला इतना गंभीर था कि इसने समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया था, क्योंकि इस 'आतंकवादी' साजिश में 18 निर्दोष लोगों की जान चली गई। दर्ज एफआईआर के अनुसार रुड़की डिपो की एक बस 27 अप्रैल 1996 को 15:55 बजे दिल्ली से लगभग 53 यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी। मोहन नगर में 14 और यात्री उसमें सवार हो गए। शाम करीब पांच बजे, मोदीनगर पुलिस स्टेशन (गाजियाबाद) पार करते ही बस के अगले हिस्से में एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिससे 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और लगभग 48 यात्री घायल हो गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शवों में धातु के टुकड़े पाए गए थे और डॉक्टरों ने कहा कि मौतें बम विस्फोट के कारण हुए अत्यधिक रक्तस्राव, सदमे और रक्तस्राव के कारण हुईं।

### बिहार के केन्द्रीय पर्यवेक्षक बनाए गए केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय बोर्ड ने बिहार में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केन्द्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वहीं, केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और पूर्व केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को केन्द्रीय सह पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। केशव प्रसाद मौर्य ने इस नियुक्ति के लिए केन्द्रीय नेतृत्व का आभार जताया है। विदित हो कि केशव प्रसाद मौर्य बिहार के सह चुनाव प्रभारी भी थे। इस नाते उन्होंने बिहार में चुनावी रणनीति बनाने से लेकर विधानसभा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं भी की थी

## चार जिला अदालतों व सीआरपीएफ के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

▶ दोनों परिसरों को खाली कराकर की गई जांच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चार जिला अदालतों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर संबंधित स्कूलों और अदालत परिसरों को खाली करा लिया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम को मंगलवार सुबह फोन कर दावा किया कि प्रशांत विहार और द्वारका स्थित सीआरपीएफ के स्कूलों में बम लगाए गए हैं। इसके बाद दोनों परिसरों को खाली करा लिया गया। उन्होंने बताया कि पटियाला हाउस कोर्ट, साकेत कोर्ट, रोहिणी कोर्ट और द्वारका कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अदालतों में कामकाज अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। बम की धमकी ई-मेल के जरिये मिली थी। सीआरपीएफ और बम निरोधक दस्ते मामले की जांच में जुड़े हैं। हालांकि जांच में अभी तक किसी भी अदालत में बम मिलने की खबर नहीं है। अग्निशमन विभाग के अनुसार आज सुबह करीब 9 बजे आए इस कॉल के बाद स्थानीय पुलिस, बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन विभाग सहित अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर घंटों जांच की गयी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिला।

### गोरखपुर-मुंबई पैसेंजर ट्रेन में बम की सूचना से हड़कंप

**गोरखपुर।** गोरखपुर से मुंबई जा रही गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस (15018) में मंगलवार को बम होने की सूचना मिलते ही अफरा-तफरी मच गई। रेलवे कंट्रोल रूम को लैंडलाइन फोन से एक कॉल आया, जिसमें दावा किया गया कि ट्रेन में बम रखा है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर ट्रेन को भदोही रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। स्टेशन पहुंचते ही यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और प्लेटफॉर्म पर रोक दिया गया। इसके बाद आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस की टीमों ने कोच-दर-कोच विस्तृत तलाशी शुरू की। करीब कुछ समय तक यात्रियों में बेचौनी और घबराहट का माहौल रहा, मगर बाद में स्थिति सामान्य कर दी गई।

## कड़ी सुरक्षा के बीच दिल्ली ब्लास्ट का आरोपी बिलाल पटियाला हाउस कोर्ट में हुआ पेश

एजेंसी





**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए भीषण कार बम विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को एक और आरोपी जसिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपी को कोर्ट लाया गया। यह गिरफ्तारी एनआईए की जांच में बड़ी सफलता मानी जा रही है।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से गिरफ्तार जसिर बिलाल वानी को आतंकी साजिश में सक्रिय सह-साजिशकर्ता बताया जा रहा है।वानी ने आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर उन नबी को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। वह ड्रोन में बदलाव करने और रॉकेट बनाने की कोशिश में शामिल था, ताकि भविष्य में और बड़े हमले किए जा सकें। यह गिरफ्तारी पहले गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी सबूतों के आधार पर हुई है। एनआईए की टीमें पिछले कई दिनों से कश्मीर घाटी में छापेमारी और पूछताछ कर रही थीं। इससे एक दिन पहले सोमवार को एनआईए ने मुख्य आरोपी आमिर रशीद अली को भी पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया था, जहां अदालत ने उसे 10 दिन की एनआईए रिमांड पर भेज दिया। दक्षिण कश्मीर के पंपोर निवासी आमिर रशीद अली पर आरोप है कि विस्फोट में इस्तेमाल हुंडई प20 कार उसके नाम पर रजिस्टर्ड थी।

सम्मेलन | मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव नें पीडीए सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा

## अखिलेश ने देश को जोड़ने के लिए दिया पीडीए का नया मॉडल

▶ देवभूमि में हुआ सपा का पहाड़ी देशी अल्पसंख्यक सम्मेलन

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ/उत्तराखंड।** उत्तराखंड में कुछ सामाजिक नेता अपनी राजनीति चमकाने हेतु पहाड़ और मैदान के बीच दूरी और दरार पैदा करने का कार्य कर रहे हैं। जबकि इस प्रदेश की असली नींव समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता जी मुलायम सिंह यादव ने सन् 1994 में रखी थी।

नेता जी ने उत्तराखंड की मूल संरचना तथा सामाजिक सौहार्द की रक्षा के उद्देश्य से कौशिक समिति का गठन किया था और क्षेत्रवाद की आशंका को देखते हुए 11 जिलों का पृथक राज्य गठन करने का प्रस्ताव रखा था। मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव नें यहां समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए सम्मेलन को संबोधित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देश को जोड़ने और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए पीडीए पहाड़ी, देसी, अल्पसंख्यक का नया जनसरोकार मॉडल दिया है। खाद समय पर उपलब्ध नहीं, गन्ने का भुगतान लंबित, धान की सरकारी खरीद बंद, इसके साथ ही 2020 से बाजपुर के 20 गाँवों की ज़मीन पर सेल-परचेज पर प्रतिबंध ने किसानों को आर्थिक रूप से तोड़ कर रख दिया है।

### उत्तराखंड में भी सपा राजनीति को देगी नई दिशा

समाजवादी पार्टी उत्तराखंड में पहाड़ी, देसी और अल्पसंख्यक समाज की आवाज बनकर सर्वसमाज को साथ लेकर प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देगी। अरविंद यादव नें आगे कहा कि उत्तराखंड में SIDCUL की स्थापना स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देते हुए रोजगार देने के उद्देश्य से की गई थी, जिसमें 70 प्रतिशत रोजगार उत्तराखंड के लोगों के लिए आरक्षित था। लेकिन आज भी प्रदेश का युवा रोजगार न मिलने के कारण पलायन करने को मजबूर है। युवा आज भी स्थायी और सम्मानजनक रोजगार से वंचित हैं। किसानों कि समस्या पर श्री यादव नें कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में किसानों की हालत बेहद दयनीय है। जंगली जानवर फसलें नष्ट कर रहे हैं। वर्तमान में किन्नू की फसल तैयार है, लेकिन बंदरों के डर से किसानों को समय से पहले फसल काटनी पड़ रही है। शिक्षा पर अरविंद नें कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों के सैकड़ों विद्यालय आज शिक्षक-विहीन हो चुके हैं। सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर 13 किलोमीटर के दायरे में एक स्कूल रखने की योजना बना रही है, जो बिल्कुल अव्यावहारिक है। विश्व प्रसिद्ध पंतनगर विश्वविद्यालय की हालत भी अत्यंत चिंताजनक है।

## वर्ष 2035 तक देश के सभी पासपोर्ट हो जाएंगे ई- पासपोर्ट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश में अबतक 80 लाख से अधिक इलेक्ट्रॉनिक चिप लगे पासपोर्ट जारी किए जा चुके हैं और 2035 तक देश में सभी पासपोर्ट ई-पासपोर्ट में तब्दील हो जाएंगे।

विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार देश में पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 के तहत बीते एक साल में 80 लाख से अधिक ई-पासपोर्ट जारी किये जा चुके हैं जबकि विदेशों में भारतीय दूतावासों एवं वाणिज्यिक मिशनों के माध्यम से 62 हजार से अधिक ई-पासपोर्ट जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ई-पासपोर्ट की शुरूआत, मंत्रालय के लिए एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भविष्य में सभी नए जारी किए गए पासपोर्ट ई-पासपोर्ट होंगे जबकि मौजूदा गैर-इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट उनकी समाप्ति तक वैध रहेंगे। वर्ष 2035 तक देश में सभी पासपोर्ट ई-पासपोर्ट में तब्दील हो चुके होंगे। सूत्रों ने ई-पासपोर्ट को लेकर गलतफहमियों को दूर करने के लिए बताया कि अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन द्वारा अनुमोदित पासपोर्ट सुधारों के क्रम में विश्व के सौ से अधिक देशों में ई-पासपोर्ट जारी किये जा रहे हैं।

# राजस्व निरीक्षक रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन देवीपाटन मंडल गोण्डा की टीम ने शिकायत पर की बड़ी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**विशेश्वरगंज, बहराइच।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन देवीपाटन मंडल गोण्डा की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक राजस्व निरीक्षक को छह हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी को पटिहाट चौराहा इकौना मार्ग पर दबोचकर आगे की कार्रवाई हेतु थाना विशेश्वरगंज लाई, जहाँ विधिक कार्रवाई की गई।

ग्राम अमराई निवासी शिकायतकर्ता दीनानाथ ने संगठन को अवगत कराया था कि राजस्व निरीक्षक राम मिलन, निवासी रमपुरवा (हरैया), तहसील मिहीपुरवा, जमीन की पैमाइश रिपोर्ट तैयार करने के नाम पर उससे 6,000 रुपये की अवैध मांग कर रहा है। शिकायत सत्य पाए जाने पर प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एंटी करप्शन की ट्रैप टीम गठित की गई। तय योजना के तहत मंगलवार दोपहर करीब 2.10 बजे, जैसे ही आरोपी राजस्व निरीक्षक ने निर्धारित स्थान पटिहाट चौराहाइकौना मार्ग पर शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया।

गिरफ्तारी के बाद उसे थाना विशेश्वरगंज ले जाकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। टीम ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की नकदी, रिकॉर्डिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किए हैं। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में एंटी करप्शन संगठन की इस सटीक पकड़ की व्यापक चर्चा है।

### चीन की महिला को आठ साल की जेल, 50 हजार जुर्माना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले की एक अदालत ने बिना वैध दस्तावेज के भारत में रह रही चीन की एक महिला को 8 साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सजा के साथ जुर्माना भी लगाया है, जिसका भुगतान न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला दो साल पुराना है।



दो साल पहले बिना वैध दस्तावेज गई थी पकड़ी

भारत–नेपाल सीमा पर स्थित रूपईडीहा चेकपोस्ट पर एसएसबी और पुलिस के जवानों ने चेकिंग के दौरान चीनी मूल की महिला ली जिन मेयी उर्फ ली शिन मेई को रोका था। महिला के पास चीन का पासपोर्ट था, जबकि वीजा नेपाल का बना हुआ था। वह भारत में प्रवेश के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाई थी। वैध दस्तावेज न मिलने पर महिला को हिरासत में ले लिया गया। उसके पास से विभिन्न विदेशी दस्तावेज जैसे पासपोर्ट, नागरिकता कार्ड, एटीएम कार्ड, मोबाइल, ईयरफोन, मेमोरी बुक और चीनी भाषा की धार्मिक पुस्तकें बरामद की गईं। इसके बाद महिला के खिलाफ विदेशी अधिनियम की धारा 14ए के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। विवेचना के बाद उपनिरीक्षक विजय कुमार ने 7 दिसंबर 2023 को न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने महिला को धारा 14ए के तहत दोषी मानते हुए आठ वर्ष के कारावास और 50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# एसएसबी 59वीं वाहिनी ने बांटी सिलाई मशीनें सीमावर्ती गांवों में होगा महिला सशक्तिकरण



समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** सशस्त्र सीमा बल की 59वीं वाहिनी ने नानपारा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सिलाई मशीनों का वितरण किया। यह कार्यक्रम सीमावर्ती गांवों की महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

ग्राम सलारपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत-नेपाल सीमा से सटे ग्राम मूर्तिहा और निधिपुरवा के ग्राम प्रधानों को कुल 6 सिलाई मशीनें सौंपी गई। प्रत्येक ग्राम प्रधान को 3-3 मशीनें वितरित की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता 59वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने की। इस अवसर पर बल के अन्य अधिकारीगण और स्थानीय ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे। कमांडेंट रमोला ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सीमा क्षेत्र की महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का कौशल सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं की घरेलू आय में वृद्धि होगी और वाइब्रेंट विलेजेज के समग्र विकास, स्थानीय उद्यमिता तथा ग्रामीण आजीविका को भी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि एसएसबी का नागरिक कल्याण कार्यक्रम सीमावर्ती नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और बल तथा जनता के बीच विश्वास व सहयोग की भावना को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने एसएसबी के इस सामाजिक और जनहितकारी प्रयास की सराहना की। उन्होंने बल के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### एएसपी ने शांति सुरक्षा को लेकर किया पैदल गश्त



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा जनपद में अपराध–नियंत्रण व आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में रूट मार्च/पैदल गश्त किया गया। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के निर्देशन मे जनपद में शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आमजन में सुरक्षा व पुलिस के प्रति विश्वास की भावना जागृत करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस व यातायात पुलिस के साथ नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों व बाजारों में पैदल मार्च किया गया । इस दौरान एएसपी ने मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया तथा आमजन से संवाद कर सुरक्षा का एहसास दिलाया।

### रेहुआ मंसूर के खेत में दिखा तेंदुआ, इलाके में दहशत

**बहराइच,`समृद्धि न्यूज।** महसी के रेहुआ मंसूर टेपरा गांव में सोमवार देर रात एक तेंदुआ देखा गया। किसान विशाल शुक्ला ने अपने खेत में तेंदुए को घूमते हुए देखा, जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। विशाल शुक्ला रात करीब 8 बजे अपने खेत की रखवाली के लिए गए थे। उन्हें खेत में किसी जानवर के होने का शक हुआ। टॉर्च जलाकर देखने पर उन्होंने एक तेंदुआ देखा। वन विभाग के रेंजर साकिब अंसारी ने बताया कि उन्हें तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिली है। वन विभाग की टीम मौके पर भेजी जा रही है। वन विभाग की टीम लगातार गांवों, स्कूलों और चौराहों पर लाउडस्पीकर लगाकर और पोस्टर चिपकाकर लोगों को जागरूक कर रही है। क्षेत्र में हिंसक वन्यजीवों के हमलों के कारण लोगों में दहशत है। शाम होते ही लोग घरों से बाहर निकलने से बचते हैं।

### फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** डा. सर्वेश शुक्ला इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कालेज में मंगलवार को सेमिनार हाल में नशा मुक्ति के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें फार्मेसी प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव ने कहा कि नशा व्यक्ति का शरीर ही नहीं बल्कि जीवन को ही बर्बाद कर देता है इसीलिए नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर एचओडी शिवमूर्ति सिंह, विशाल सिंह,राहुल पांडेय, अरुण जायसवाल,सुजान शील श्रीवास्तव, अनुराग मिश्रा,इदरीश अंसारी, सोमदास,दीपक पटेल, मोहित सोनी,शालू त्रिपाठी,अजय शुक्ला,नीलकमल दीक्षित आदि मौजूद रहें।

### गांव का विकास मेरे जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य : गायत्री

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** गांव का विकास मेरे जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य है जिसके लिए सतत प्रयत्नशील हूँ और निरन्तर प्रयास जारी रहेगा। सरकार की सभी योजनाओं से ग्रामवासी लाभान्वित हों यह मेरा कर्तव्य है। उक्त बातें ग्राम मांदे की प्रधान गायत्री पाण्डेय ने मार्ग जीर्णोद्धार उत्तर से दक्षिण परमात्मा प्रसाद श्रीवास्तव के घर तक मार्ग का लोकार्पण करते हुए कही। गायत्री पाण्डेय ग्राम प्रधान ने आगे कहा कि ग्रामवासियों के लिए सरकार द्वारा प्रदत्त मूलभूईत सुविधाओं में बिजली, सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य चिकित्सा और शौचालय आदि व्वस्थाएं दी जा रही हैं जिसका समुचित लाभ ग्रामवासियों द्वारा उठाया जा रहा है। उक्त जीर्णोद्धार मार्ग लोकार्पण के अवसर पर ग्रामवासियों के साथ पूर्णिमा श्रीवास्तवा ने ग्राम प्रधान व विशिष्ट अतिथि रमा पाण्डेय का माल्यार्पण करते हुए मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। उपस्थिति ग्राम वासियों ने जर्जर मार्ग के जीर्णोद्धार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान की भूरि भूरि प्रशंसा किया। उक्त अवसर रानी, कमला मौर्या, रामेत्री, प्रधान अध्यापक अंजनी गुप्ता, मुन्नी, कामिनी, वैभव राज, उत्कर्ष, सुगंधा राज,सुभाष, मनोज, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से जनता दर्शन प्रभावित

उतरौला (बलरामपुर), **समृद्धि न्यूज।** राजकीय कन्या इंटर कालेज उतरौला के जर्जर भवन को गिराने की कवायद जिलाधिकारी ने शुरू कर दी है। जर्जर भवन गिराने के समय कालेज की छात्राओं को उसके बगल बने बीज गोदाम उतरौला के भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। इसके लिए बीज गोदाम के अधिकारियों ने प्रयास शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी ने विगत दिनों राजकीय इण्टर कालेज उतरौला का निरीक्षण किया और डेढ़ सौ वर्ष पुरानी जर्जर भवन को गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी।

# विस्थापन की कार्रवाई का डीएम ने लिया जायजा

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत राजस्व ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को ग्राम सभा सेमरहना में विस्थापित किये जाने की कार्यवाही का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल से भूमि पैमाईश के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

डीएम ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि विभिन्न मूल भूत सुविधाओं के लिए चिन्हित की गई भूमि की पुनः पैमाईश करा ली जाय ताकि कार्य प्रारम्भ होने पर भूमि को लेकर किसी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर तहसीलदार धमेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार राजदीप व ब्रहमा व अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### एसपी ने तीन थाना प्रभारियों को भेजा लाइन , चौकी चौक प्रभारी सुरेन्द्र बौद्ध बने मटेरा थाना प्रभारी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने जिले की कानून व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से तीन थाना प्रभारियों को पुलिस लाइन भेज दिया है। इनमें पयागपुर, मटेरा और फखरपुर के थाना प्रभारी शामिल हैं। चौकी चौक प्रभारी सुरेंद्र बौद्ध को मटेरा थाने का नया प्रभार सौंपा गया है। पुलिस लाइन भेजे गए थाना प्रभारियों में फखरपुर के एसएचओ ब्रहम गोंड, मटेरा के अभिनव प्रताप सिंह और पयागपुर के मिथिलेश राय शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक के वाचक रहे संजय कुमार सिंह को पयागपुर थाने का प्रभारी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, रामगांव की मेटुकहा चौकी प्रभारी को फखरपुर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। अन्य बदलावों में, प्रभारी आयोग सेल और विशेष जांच प्रकोष्ठ के निरीक्षक प्रहलाद सिंह को अब थाना एएचटीयू और एसजेपीयू का प्रभार दिया गया है। वहीं, एएचटीयू, एसपीजेयू और सदर मालखाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह अब एएचटीयू, एसपीजेयू और सदर मालखाना का प्रभार संभालेंगे।

# पीड़ित को धमका रहे दबंग के आगे बेबस दिख रही कोतवाली पुलिस

समृद्धि न्यूज

▸ घटना के 48 घंटे बाद भी खुला में घूम रहे हैं अपराधी

**गोंडा।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में स्थित कोइली जंगल गांव में रविवार दोपहर पंचायत के दौरान खूनी संघर्ष में गंभीर रूप से घायल पूर्व सैनिक आनंद यादव का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। पूर्व सैनिक की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना में दशरथ लाल और किशन लाल भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है पूर्व सैनिक आनंद यादव को 48 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी होश नहीं आया है डॉक्टरों के द्वारा उन्हें होश में लाने का प्रयास किया जा रहा है,लड़ाई के दौरा न उनके हाथ और पैर पूरी तरह टूट गए हैं।वहीं दशरथ लाल और किशन लाल की सेहत में कु छ सुधार हों रहा है और उनका इलाज ट्रामा सें टर में चल रहा है।इस खूनी संघर्ष के दौरान दश रथ लाल और किशन लाल को भी काफी गंभीर रूप से चोटें आई थी। घटना के 48 घंटे बाद भी मुख्य आरोपी समेत छह फरार आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिजनों में डर का माहौल है। पीड़ित परिवार गोंडा पुलिस से सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहा है।परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसपी विनीत जायसवाल ने गांव में पुलि सकर्मियों की तैनाती कराई है। एसपी ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमों का गठन किया है, जो लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।सीओ नगर आनंद राय ने बताया कि घायलों का जहां इलाज चल रहा है, वहां पुलिस मौजूद है। विवाद स्थल पर भी पुलिस बल तैनात है। उन्होंने आश्वस्त किया कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और पीड़ित परिजनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। वही देहात कोतवाली पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार करके अपनी पीठ थापा रही है वही गोंडा पुलिस का कहना है की प्रशासन उन के साथ खड़ा है।

### कौड़िया पुलिस ने हत्या के दो आरोपियों को पकड़ा

**गोंडा।** वादी तेज बहादुर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह नि0 पश्चिम पुरवा मौजा जेठपुरवा थाना कौड़िया जनपद गोण्डा द्वारा थाना कौड़िया में लिखित तहरीर दी गयी जिसमें बताया गया कि दिनांक 19 मई को सुबह उनका पुत्र बब्लू उर्फ श्याम अपने मुर्गी फार्म हाउस पर सो रहा था। तभी गांव के कमल बहादुर सिंह, भरत सिंह, अन्नू सिंह उर्फ राजेश सिंह (पुत्रगण अम्बिका सिंह) एवं राहुल सिंह (पुत्र अन्नू सिंह) एकराय होकर वहां आए और पुरानी रंजिश के चलते उसे गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा उसके हाथ-पैर और नाक दबाकर जबरन मुंह में जहर पिला दिया और फरार हो गए। उनका बेटा बबलू किसी तरह घर आया और घटना की जानकारी दी। जिसके बाद तत्काल उसे जिला अस्पताल गोण्डा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। 18 नवंबर को थाना कौडिया पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त 1. कमल बहादुर सिंह पुत्र अम्बिका सिंह व 2. भरत सिंह पुत्र अम्बिका सिंह निवासीगण ग्राम जेठपुरवा थाना कौडिया जनपद गोण्डा को बिछुड़ी नहर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### बुलडोजर चलाने के विरोध में व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**तुलसीपुर, बलरामपुर।** आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर के नई बा?ार आनंद मार्ग वार्ड में नाला निर्माण के लिए एस डीएम के नेतृत्व में बीते शुक्रवार को व्यापारियों के घरों व दुकानों पर मनमाने तरीके से की गई बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ल की अगुवाई में पांच सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी बिपिन चंद्र जैन को देकर त्वरित कार्यवाही की मांग की। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्षों बनी पूर्व नाली के जगह दूसरा नाला निर्माण पूरी तरह से सरकारी धन का बंदरबांट ही है और यह कार्यवाही बिना पूर्व सूचना के तथा राजस्व संहिता का उल्लंघन कर की गई जिससे पूरे बाजार के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। पत्र में एसडी एम की कार्यवाही की निष्पक्ष जांच कराने, नगर क्षेत्र में भविष्य में जेसीबी का प्रयोग न करने, अर्दली के द्वारा व्यापारियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार आदि मांग शामिल हैं।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को किया जागरूक



समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों और थाना क्षेत्रों में चौपालें लगाई गई। मिशन शक्ति टीम की महिला सिपाहियों ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं पर हो रहे अपराधों के प्रति भी सचेत किया और उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के उपाय बताए। महिला संबंधी अपराधों की शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर जैसे 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, साइबर संबंधित अपराधों की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में भी बताया गया। टीम ने मानव तस्करी और बच्चों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों से सुरक्षित रहने के तरीके भी साझा किए। सभी उपस्थित लोगों को आत्म-रक्षा के सरल उपाय और खतरनाक परिस्थितियों से बचने के तरीके भी सिखाए गए।

▸ अधिकारों व सरकारी योजनाओं को लेकर दी गई जानकारी

# सुमान मिलेनियम पब्लिक स्कूल सीबीएसई अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** सुमान मिलेनियम पब्लिक स्कूल के विशाल खेल मैदान में सीबीएसई अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता का व्य आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया में खेल भावना अनुशासन और जोश का अद्भुत संगम देखने को मिला कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सूरज सिंह एवं प्रधानाचार्य श्रीमती रीना तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों को मेहनत अनुशासन और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया ने विशेष रूप से बालिका वर्ग की कबड्डी टीमों का को संबोधित करते हुए लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है वे अच्छी क्षमता और विद्यालय और जिले का नाम रोशन कर रही हैं उनके प्रोत्साहन से छात्रों में और अधिक उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला प्रतियोगिता में गोंडा जिले के प्रतिष्ठित विद्यालयों शिवांश मिलेनियम पब्लिक स्कूल फातिमा स्कूल सेंट जेविय स्कूल मालवीय स्कूल पंतनगर एम्स इंटरनेशनल फुलवारी पब्लिक स्कूल तथा सर्वोदय विद्यालय ने भाग लिया प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल अनुशासन एवं खेल भावना का अद्भुत प्रदर्शन किया दिनभर चले रोमांचक मुकाबे के परिणाम निम्न प्रकार रहे बालिका बालिका सुभाष मिलेनियम पब्लिक स्कूल उपविजेता टीम राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय विशंभरपुर वॉलीबॉल



विजेता टीम विजेता टीम ऐम्स इंटरनेशनल स्कूल गोंडा उपविजेता टीम नेशनल स्कूल गोंडा एथलीट प्रतियोगिता के परिणाम शॉट पुट गुंजन पांडे प्रथम स्थान राजकीय आश्रम पद्धति द्वितीय स्थान शिवांश मिलेनियम पब्लिक स्कूल शिफा भानु तृतीय स्थान मिला।

# यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाता दारोगा

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** नियमों को लेकर जनता हैरान परेशान है। उधर सोशल मीडिया पर भी लोग चालान को लेकर काफी चर्चा कर रहे हैं इस बीच लोग निय मों को पालन कराने वाले पुलिसकर्मी की फोटो और वीडियो भी खूब शेयर कर रहे हैं। जिसमें एक दरोगा जी भौकाल से बिना हेलमेट की गाड़ी सड़क पर दौड़ा रहे हैं। बताते हैं कि खरगूपुर थाना क्षेत्र पुलिस चौकी पिपरा बाजार के चौकी प्रभारी शशांक मौर्य के फोटो और वीडियो सो शल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।जहां

दरोगा खुलेआम नियमोंको ताक पर रख क र खुलेआम बुलेट गाड़ी से चले जा रहे हैं। वीडियो में दरोगा भी बिना हेलमेट की बाइक दौड़ा रहे है। वहीं लोगों का कहना है कि आम आ दमी से जुर्माना वसूला जा रहा है। लेकिन इन्हें चेक करने वाला कोई नहीं। क्या इन्हें नियमों में छूट दी गई है।वही लोग तरह-तरह के कमेंट क र रहे हैं कि डीजीपी साहब के आदेशों का पाल न कराया जाएगाकि नहीं। पुलिस विभाग के अधिकारियों का कहना है कि चाहे पुलिस मह कमा हो या कोई भी महकमा उनको ट्रैफिक के नियमों का पालन तो करना ही होगा।

वही यातायात प्रभारी का कहना है कि जब से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किए जाने वाले चालान में वृद्धि की गई है तभी से मुख्यमंत्री द्वारा साफ तौर पर आदेश दिया गया है कि यदि कोई पुलिसकर्मी भी यातायात नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

जनता के मुकाबले उसके ऊपर दोगुना जुर्माना ठोका जा ना चाहिए। अभी तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है अगर तो निश्चित तौर पर याता यात नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए उनके ऊपर दोगुना जुर्माना लगाया जाएगा।

### फरियादियों को बिना सुनवाई के जाना पड़ता है वापस

**उतरौला (बलरामपुर)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों की व्यस्तता के चलते जनता दर्शन में आए फरियादियों को इंतजार करके वापस लौटना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं व फरियादियों ने प्रतिदिन जनता दर्शन में सुनवाई किए जाने की मांग की गई है। तहसील उतरौला में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनता दर्शन में दूर दराज गांव से अपनी समस्या को लेकर आने वाले फरियादियों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। अजीम, नसीर, करन ने जनता दर्शन में जमीन संबंधी विवाद की शिकायत करने आए थे, अधिकारियों की व्यस्तता के चलते बिना सुनवाई के ही वापस हो गए। अधिवक्ता देवेंद्र कुमार, सुमित कुमार, मनीष पांडेय आदि ने जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुनने व उनके निराकरण की मांग की है। इस संबंध उपजिलाधिकारी अभय सिंह ने बताया कि जनता दर्शन में सुनवाई की जाती है व्यस्तता के चलते देर से सुनवाई हो रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1334/ई.ई.-3/जी.एल.-7/2025-26 दिनांक- 18.11.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 25.11.2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 25.11.2025 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदाएं उसी दिन अधोहस्ताक्षरी में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 250mm dia sewar line 35 mtr from H.No. 1/495 to H.No.1/499 Sec-J Jankipuram Lko | 5700.00 | 300 | 30 दिवस |
| 2. | Laying of 250mm dia sewar line 50 mtr from H.No. 1/365 to H.No.1/380 Sec-J Jankipuram Lko | 7400.00 | 400 | 30 दिवस |
| 3. | Laying of 250mm dia sewar line 40 mtr from H.No. 1/35 to H.No.1/45 Sec-J Jankipuram Lko | 6800.00 | 400 | 30 दिवस |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ





# मेयर ने की असम के कर्मचारियों के एनआरसी दस्तावेज की जांच

## राजधानी लखनऊ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को चिह्नित करने के लिए नगर निगम एक्टिव

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को चिह्नित करने के लिए नगर निगम एक्टिव हो गया है। मेयर सुषमा खर्कवाल खुद ही मंगलवार दोपहर गोमतीनगर के विनीतखंड स्थित कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पहुंच गई। यहां उन्होंने असम राज्य के कर्मचारियों के एनआरसी दस्तावेज की जांच की।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने कड़े निर्देश दिए कि किसी भी बांग्लादेशी अथवा रोहिंग्या व्यक्ति को किसी भी सफाई कंपनी की ओर से नौकरी पर न रखा जाए। सभी सफाईकर्मियों के कागजात पूर्ण रूप से जांचने के बाद ही उन्हें काम पर रखा जाए।मेयर ने सभी सफाईकर्मियों के सामने जमकर ललकारा। उन्होंने कहा अगर आप लोग हमारे देश के नहीं हैं तो यहां से लौट जाइए। अगर आप हमारे घर के हैं, हमारे भाई-बहन हैं तो आपको झुग्गी-झोपड़ियों में भी रहने की जरूरत नहीं है। आप सीधे मुझसे मिलिए और बताइए की झोपड़ी में रह रहे हैं। मैं सीएम योगी से मिलकर बात करूंगी। प्रधानमंत्रीजी का भी सपना है कि अपने देश का कोई भी आदमी बेघर नहीं रहेगा। मेयर ने जोनल अधिकारी को बुलाकर निर्देशित किया कि सबके कागज जांचकर मुझे एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट दीजिए। इस मामले में मैं दखल करूंगी।

### एक महीने में कर दूंगी बांग्लादेशी और रोहिंग्या का सफाया : मेयर

इस दौरान मेयर बोलीं एक महीने में बांग्लादेशी और रोहिंग्या का सफाया कर दूंगी। नगर निगम जोन-4 में निरीक्षण के बाद मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा मैंने पहले अपने घर यानी नगर निगम से ही सफाई अभियान शुरू किया है। एक महीने के अंदर नगर निगम में पूरी तरह से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर दूंगी। आने वाले समय में नगर निगम क्षेत्र से रोहिंग्या और अवैध बांग्लादेशियों का पूर्ण रूप से सफाया किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा इन व्यक्तियों की सूची तैयार की जा रही है। उन्हें बाहर करने के लिए एक महीने का समय तय किया गया है। नगर निगम लखनऊ की सीमा में अवैध रूप से रहने वाले सभी व्यक्तियों को बाहर करना मेरा संकल्प है और इसे हर हाल में पूरा किया जाएगा।

# क्या साफ-सफाई छोड़कर सियासी सफाई में लगी हैं मेयर : पार्षद मुकेश सिंह चौहान

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए निवर्तमान महासचिव एवं पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि लखनऊ के नागरिकों ने मेयर के तौर पर सुषमा खर्कवाल को इसलिए नहीं चुना था कि वो शहर को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का केंद्र बनाएं या मेयर के साथ साथ गृह मंत्रालय का काम भी देखना शुरू कर दें।

जनता ने उन्हें वोट दिया था ताकि शहर में गंदगी कम हो, सड़कें ठीक हों, सीवर की समस्या सुलझे, और नागरिक सुविधाएं बेहतर हों। लेकिन अफसोस, मेयर साहिबा का ध्यान इन मुद्दों पर नहीं, बल्कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के नाम पर सियासी खेल खेलने में है। एक साल पहले उन्होंने शहर में ढाई लाख बांग्लादेशी और रोहिंग्या का शिगूफा छेड़ा था लेकिन ऐसे एक भी संदिग्ध को अब तक चिन्हित नहीं किया। इस बीच शहर में कूड़ा उठने से लेकर साफ सफाई, सड़क, पानी, सीवर पर जनता सवाल पूछ रही तो विकास कार्यों की जवाबदेही से सबका ध्यान भटकने के लिए दोबारा वही खेल फिर शुरू कर दिया। कांग्रेस की मांग है कि अगर मेयर सुषमा खर्कवाल शहर में बांग्लादेशी और रोहिंग्या को लेकर वाकई गंभीर हैं तो वो इसे लेकर गृह मंत्रालय भारत सरकार और राज्य सरकार को पत्र क्यों नहीं लिखतीं? उन्हें यह भी बताना चाहिए कि एक साल पहले उन्होंने जो अभियान शुरू किया था उसका क्या हुआ? श्री चौहान ने कहा कि मेयर सुषमा खर्कवाल ने संविदा और आउटसोर्सिंग से काम कर रहे सफाई कर्मचारियों की नागरिकता के दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी।

## खबरें एक नजर में

### छात्राओं को दी गई मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की जानकारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ में राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता तथा एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के संचालन तथा एनएसएस अधिकारी डॉ चंदन मौर्य, डॉ मनीषा बरौनिया, सुश्री दीक्षा के संयोजन में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत सिटी मजिस्ट्रेट सतीश त्रिपाठी ने उपस्थित सभी को इस बात से अवगत कराया कि आगामी निर्वाचन की शुचिता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ऐप के माध्यम से किस प्रकार से प्रत्येक मतदाता के पहचान पत्र का पुनरीक्षण किया जा रहा है ताकि आगामी चुनाव में वोटर लिस्ट में किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा कमी शेष न रह सके प् उन्होंने उपस्थित सभी को विशेष पुनरीक्षण हेतु भरे जाने वाले फॉर्म के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उसे भरने तथा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का प्रशिक्षण भी दिया। उन्होंने छात्राओं को फार्म 6, फार्म 7, एवं फॉर्म 8 के विषय में बताते हुए कहा कि जिन छात्राओं का नाम अभी मतदाता सूची में नहीं है वह ऑनलाइन फॉर्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करवा सकती है।

### चलती कार बनी आग का गोला, दो लोगों ने कूदकर बचाई जान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में चलती कार में आग लग गई। कार में मौजूद 2 लोगों ने गाड़ी से कूद कर जान बचाई। आग लगने के पीछे की वजह का अभी पता नहीं चला है। घटना का वीडियो राहगीरों ने बना लिया। घटना मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे की है। अचानक आग लगने से सड़क पर अफरा-तफरी के हालात बन गए। ठाकुरगंज के मालीखां सराय सीएमएस स्कूल के पास एक यू20 कार में आग लग गई। कार में दो लोग सवार थे। जो धुआं उठते ही कार से निकल गए। कुछ ही देर में कार आग का गोला बन गई। वहां मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग को पूरी तरह बुझा दिया। चौक फायर स्टेशन प्रभारी ने बताया फायर स्टेशन को करीब ढाई बजे सूचना प्राप्त हुई। स्टेशन से दो फायर ब्रिगेड मालिखां सराय से चौक की ओर जाने वाली रोड पर भेजी गई। जलती कार को तत्काल फायर टेंडर से पंपिंग कर बुझा दिया गया। आग से जनहानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण चालक द्वारा शॉर्ट सर्किट बताया गया। चालक का नाम मोहम्मद कैफ है।

### भाकपा ने डीएम को सौंपा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। नकली खाद ,बीज, खाद्य पदार्थ विक्रेता, दलित पिछड़ों के उत्पीड़न कर्ता समाजविरोधी गतिविधियों में शामिल सभी असामाजिक तत्व सत्तारूढ़ दल के नेता है। यह आरोप लगाते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राष्ट्रपति को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया बाराबंकी में प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि किसानों के कर्ज माफ नहीं किए जा रहे हैं। नकली खाद बीज ने किसानों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ दी है। चुनाव जनता की भलाई के मुद्दे पर न होकर लोकतंत्र का अपहरण कर लिया गया है। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार ने कहा कि अडानी और अम्बानी के कर्ज माफहो रहे हैं और किसान के नही। जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि दलित महिला पिछड़ों का उत्पीड़न बढ़ रहा है,सरकार मूकदर्शक है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। राजकुमार वर्मा, प्रेम चंद वर्मा, महेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र शर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव जितू भैया, सर्वेश यादव, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, दीपक वर्मा, आशीष वर्मा, संदीप तिवारी, अमर सिंह प्रधान आदि लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के पृथक गठन की अधिसूचना जारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। खाद्य प्रसंस्करण कार्यों के पूरी क्षमता के साथ योगदान के लिये उद्यान निदेशालय से पृथक खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के गठन की अधिसूचना उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी कर दी गयी है। इस सम्बन्ध मे आवश्यक पत्र अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा ने जारी कर दिया है और सम्बन्धित को अधिसूचना का पत्र भेज दिया गया है। जारी अधिसूचना मे कहा गया है कि इस सम्बन्ध मे पृथक से विस्तृत शासनादेश भी जारी किया जायेगा। खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के गठन की 14 नवम्बर को मन्त्रि परिषद की बैठक मे सहमति मिल चुकी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर पृथक खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के गठन किये जाने की मन्त्रि परिषद की सहमति मिली है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

### कुलदीप मिश्रा ने पवन सिंह से की मुलाकात

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव एवं अभिनेता कुलदीप मिश्रा ने मंगलवार को भाजपा स्टार प्रचारक और भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह से उनके लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की। बिहार में बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत दिलाने में पवन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उन्हें बधाई दी और उनके योगदान की सराहना की। भाजपा नेतृत्व ने बिहार चुनाव के दौरान पवन सिंह को स्टार प्रचारक के रूप में विशेष जिम्मेदारी सौंपी थी। उन्होंने चुनाव प्रचार में पूरी निष्ठा के साथ भाग लिया, जिससे बिहार में एनडीए को जीत दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा रही कि चुनावी माहौल में पवन सिंह के प्रचार ने कई सीटों पर निर्णायक प्रभाव डाला। बताया जाता है कि सुपरस्टार खेसारी लाल यादव को हराने में रणनीतिक बढ़त दिलाने में भी पवन सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान कुलदीप मिश्रा ने पवन सिंह को भाजपा की ऐतिहासिक जीत में योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पवन सिंह के उज्ज्वल राजनीतिक और सामाजिक भविष्य की भी कामना की।

### स्टेशन पर कोयंबटूर से लौट रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के चारबाग स्टेशन में ट्रेन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। उसकी पहचान महाराजगंज निवासी अब्दुल (36) के रूप में हुई है। वह कोयंबटूर से मजदूरी करके वापस अपने गांव जा रहा था। चारबाग स्टेशन पर नींद आने से वह पटरी पर गिर गया और ट्रेन की चपेट में आ गया। परिजनों ने बताया कि उसने वापस आने के लिए पैसे भी मंगवाए थे। पुलिस को शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अब्दुल चार महीने पहले कोयंबटूर गए थे। परिजन के अनुसार, अब्दुल ने कुछ समय पहले पैसों के लिए फोन किया था। जिसके बाद उसके खाते का 1000 रुपए भेजे गए थे। वह उन्हीं पैसों से टिकट कराकर वापस लौट रहा था। चाचा अख्तर हुसैन ने बताया कि चारबाग स्टेशन से पुलिसवालों का फोन आया। उन्होंने बताया कि अब्दुल ट्रेन की चपेट में आ गया है। गंभीर चोट आने से इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हम लोग लखनऊ पहुंचे हैं। अब्दुल 4 बहनों में सबसे बड़े थे। उनके पीछे 8 और 5 साल के दो बेटे रह गए हैं। जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रामायण व वैदिक शोध संस्थान की कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात की अध्यक्षता में कल अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान की बैठक पर्यटन भवन में हुई। बैठक में संस्थान की प्रगति, आधारसंरचना विस्तार एवं शोध गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण को लेकर व्यापक विचार मंथन किया गया। बैठक में नवीन कार्यालय हेतु उपयुक्त भूमि के चयन के लिए प्रस्तुत संभावित स्थलों का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया, जिनमें परिवहन, सुरक्षा, तकनीकी सुविधाओं और दीर्घकालिक विकास की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में रामायण, वेद, उपनिषद एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित शोध कार्यों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से गति देने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी, पाण्डुलिपि संरक्षण प्रयोगशाला, ऑडियो-विजुअल शोध स्टूडियो तथा अंतरराष्ट्रीय शोध सहयोग कार्यक्रमों की स्थापना पर विस्तार से चर्चा हुई।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में अधिकारियों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा

# पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**जनता दर्शन में300 लोगों से मुलाकात कर सीएम ने सुनीं समस्याएं**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ/गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए।

योगी ने मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद में विलंब और लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा, जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए।

योगी ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें।

### सीएम योगी ने भरा एसआईआर फॉर्म, विपक्ष को भी दे दी नसीहत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भी अब एसआईआर कराने को लेकर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी गोरखपर में आज अपना एसआईआर भरा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि एसआईआर पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण तरीके से लागू किया जाएगा। साथ में उन्होंने विपक्षी पार्टी को भी नसीहत देते हुए कहा कि एसआईआर एक सामान्य प्रक्रिया है इसका सभी को मिलकर सम्मान करना३ चाहिए। न कि चुनाव के आयोग को परेशान करना चाहिए। मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की ओर से उपलब्ध कराए फॉर्म को भरकर जमा किया। मुख्यमंत्री का नाम गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 223, कन्या प्राथमिक विद्यालय (झूलेलाल मंदिर के पास) में दर्ज है। इसी प्रक्रिया के तहत देशभर में वोटर लिस्ट को अपडेट किया जाता है। इसमें नए वोटर जोड़े जाते हैं, गलतियां सुधारी जाती हैं और पुराने, डुप्लीकेट नाम हटाए जाते हैं।

### स्कूल वैन की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

लखनऊ। राजधानी के दुबग्गा में नौबस्ता रेलवे ओवरब्रिज पर एक स्कूली वैन और बाइक की टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में बाइक पर सवार 17 साल के सत्यम की मंगलवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने वैन चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह हादसा नौबस्ता ओवरब्रिज पर तब हुआ जब स्कूली वैन और बाइक विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। अचानक नियंत्रण खोने के कारण दोनों वाहन आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि वैन में सवार कुछ बच्चों को मामूली चोटें आईं। मृतक सत्यम अपने परिवार के साथ विभूति खंड, गुलाम सिंह पुरवा में किराए के मकान में परिवार के साथ रहते था।

# इम्प्लांट और रिफ्रैक्टिव सर्जरी में प्रगति का मंच बनेगा आईआईआरएसआई

समृद्धि न्यूज



लखनऊ/नई दिल्ली। इन्ट्राऑक्यूलर इम्प्लांट एंड रिफ्रैक्टिव सोसाइटी ऑफ इंडिया ने अपने वार्षिक सम्मेलन IIRSI 2025 की घोषणा की, जो 22-23 नवंबर 2025 को यशोभूमि इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

पूर्व-कार्यक्रम सत्र के दौरान आईआईआरएसआई के साइंटिफिक कमेटी के चेयरमैन डॉ. (प्रो.) महिपाल सचदेव ने बताया कि यह दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह द्वारा उद्घाटित किया जाएगा। इस वर्ष सम्मेलन की थीम Hindsight. Insight. Foresight रखी गई है, जो बीते अनुभवों से सीख, वर्तमान क्लीनिकल उत्कृष्टता को सुदृढ़ करने और भविष्य की कैटरैक्ट, रिफ्रैक्टिव और इम्प्लांट सर्जरी के लिए तैयारी के संकल्प को दर्शाती है। यह आयोजन नेत्ररोग विशेषज्ञों के लिए ज्ञान-विनिमय, नवाचारों के अन्वेषण और अगली पीढ़ी की तकनीकों के व्यावहारिक अनुभव का एक व्यापक वैज्ञानिक मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित कैटरैक्ट, रिफ्रैक्टिव, कॉर्निया और ऐन्टीरियर सेगमेंट सर्जनों की भागीदारी होगी।

### जॉइंट वेंचर समाप्त कर दोनों परियोजनाओं को उत्पादन निगम को देने की मांग

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने आने वाले वर्षों में बढ़ रही बिजली की मांग को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी से मांग की है कि अनपरा ई और ओबरा डी परियोजनाओं का जॉइंट वेंचर समाप्त कर इसे प्रदेश की जनता हित में में तत्काल उत्पादन निगम को दिया जाय। संघर्ष समिति ने कहा है कि परियोजना शुरू न होने से परियोजनाओं की लागत भी बढ़ेगी और उत्पादन लागत भी बढ़ेगी। संघर्ष समिति ने बताया कि उत्पादन निगम की तुलना में जॉइंट वेंचर में इन परियोजनाओं को बनाने से कम से कम 40 से 50 पैसे प्रति यूनिट महंगी बिजली मिलेगी।

# प्राथमिकता से कराया जाएगा जनहित का कार्य

**दोहरीघाट गोठां सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का ऊर्जा मंत्री ने किया लोकार्पण**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने मऊ प्रवास के दौरान भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा दोहरीघाट में सरयू नदी से गोठां ग्राम तक बनाई गई सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

यह सड़क 5.3 किलोमीटर लंबी है और इसके उन्नयन पर 5.71 करोड़ रुपए की लागत आई है।सड़क के सुदृढ़ीकरण से इस क्षेत्र के लोगों को सुगम, सुरक्षित और तेज आवागमन की सुविधा मिलेगी। दोहरीघाट कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान, व्यापारी, विद्यार्थी, मरीज और रोजमर्रा के यात्रियों को इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्नत सड़क से न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया। लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में विकास के जो भी कार्य आवश्यक होंगे, उन्हें हर हाल में कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। बेहतर परिवहन व्यवस्था से व्यापार बढ़ता है, छात्रों को शिक्षा संस्थानों तक जाने में आसानी होती है और लोगों की दैनिक जिंदगी में भी सकारात्मक बदलाव आता है।श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि रखी जाए और निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे हों। सरकार की विकास योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के हर व्यक्ति तक पहुँचे, यही मुख्यमंत्री की मंशा है।

# एलयू के स्थापना दिवस पर सम्मानित होंगे पूर्व छात्र

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय इ अपने 105वें स्थापना दिवस पर उन नौ विशिष्ट पूर्व छात्रों का सम्मान करेगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। एलुमनाई फाउंडेशन की चयन समिति ने गहन विचार-विमर्श के बाद तय नामों की घोषणा के साथ विश्वविद्यालय ने अपनी गौरवशाली परंपरा और शैक्षणिक मूल्यों के प्रति सम्मान प्रकट किया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने की तैयारी में है। इस मौके पर विश्वविद्यालय उन नौ प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को सम्मानित करेगा, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर लखनऊ विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सम्मान न सिर्फ पूर्व छात्रों के योगदान का गौरवपूर्ण स्मरण है बल्कि वर्तमान पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत भी है।

### उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर नौ नामों का हुआ चयन

एलुमनाई फाउंडेशन के महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा के मुताबिक चयन समिति ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के आधार पर नौ नामों को चुना है। इनमें उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना भी शामिल हैं, जिनके नेतृत्व में राज्य में वित्तीय अनुशासन, बजट प्रबंधन और आर्थिक पारदर्शिता को नई पहचान मिली है। हिंदी साहित्य और आलोचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रो. सूर्य प्रकाश दीक्षित को सम्मानित किया जाएगा। बायोकेमिस्ट्री में उत्कृष्ट शोध और अध्यापन के लिए प्रो. जीजी सनवाल को सम्मान मिलेगा। परफॉर्मिंग आर्ट्स के क्षेत्र में डॉ. अनिल रस्तोगी को सम्मानित किया जाएगा, जो थिएटर और अभिनय में लखनऊ की सांस्कृतिक धारा के प्रमुख स्तंभ हैं। न्यायपालिका के क्षेत्र में योगदान के लिए जस्टिस मनीष कुमार का नाम सूची में है। आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए प्रभु नारायण श्रीवास्तव को सम्मानित किया जाएगा। प्रत्यक्ष कर प्रशासन, कर सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सीबीडीटी के सदस्य प्रबोध सेठ को चयनित किया गया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और निष्पक्ष रिपोर्टिंग के लिए अखिलेश सिंह को सम्मान मिलेगा। आईपीएस लक्ष्मी सिंह को पुलिसिंग में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### निरीक्षण में उजागर हुईं स्मार्ट मीटर की खामियां

लखनऊ । स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं के बीच लगातार भ्रम और असंतोष की स्थिति बनी हुई है। उपभोक्ता जहां विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं बिजली कंपनियाँ इन शंकाओं को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं। दो दिन पहले प्रदेश के माननीय ऊर्जा मंत्री द्वारा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में यह बयान दिया गया कि स्मार्ट मीटर बिल्कुल सही हैं और वे स्मार्टफोन की तरह काम करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। यह चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली एक कंपनी ने अपनी साइड ऑब्जर्वेशन रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि बांदा, झांसी और कानपुर खंडों में 255 उपभोक्ताओं के स्मार्ट प्रीपेड मीटर कनेक्शन स्थायी रूप से डिस्कनेक्ट हो चुके हैं।

# अभियान : दो करोड़ पेंशनभोगियों तक पहुंचेगा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। पेंशन व पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 का आयोजन 1 नवंबर से 30 नवंबर तक किया जा रहा है।

यह अभियान सरकार के पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण और ईज ऑफ लिविंग को आगे बढ़ाने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है, जो डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण से भी सीधे जुड़ी है। अभियान का उद्देश्य देश के 2,000 से अधिक शहरों एवं कस्बों में निवासरत दो करोड़ से अधिक पेंशनभोगियों तक संतृप्ति-आधारित पहुँच सुनिश्चित करना है। डीएलसी अभियान 4.0 में इस वर्ष विशेष रूप से आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर जोर दिया जा रहा है, जिससे पेंशनभोगी बिना किसी बायोमेट्रिक उपकरण के, केवल अपने स्मार्टफोन के माध्यम से घर बैठे आसानी से जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे। अति-वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की डोरस्टेप सेवा को और सुदृढ़ किया गया है, ताकि वे घर पर ही जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकें।

### महादेवा महोत्सव के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास : जयवीर

लखनऊ। बाराबंकी के सूरतगंज ब्लॉक स्थित सुप्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव में सात दिवसीय 17 से 23 नवंबर तक महादेवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया है। यह महोत्सव केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं बल्कि तेजी से विकसित हो रहे ग्रामीण पर्यटन का महत्वपूर्ण मॉडल भी बनता जा रहा है। महोत्सव में इस वर्ष भी 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महादेवा महोत्सव ने आध्यात्मिकता के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन विकास को भी मजबूती दी है। लाखों की संख्या में आने वाले आगंतुकों से जिले के होटल, होम स्टे, परिवहन, भोजनालय और स्थानीय बाजारों को बड़ा लाभ मिलता है।

**समीक्षा**

### उप मुख्यमंत्री ने प्राप्त परियोजना प्रस्तावों पर समयबद्ध कार्रवाई के अधिकारियों को दिए निर्देश

# यूपी मे फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री बनेगी निवेश व रोजगार का नया केंद्र

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावों पर समयबद्ध कार्यवाही करने, स्थापित इकाइयों के सब्सिडी आदि के प्रकरणों की समीक्षा करते रहने व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराना है।उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा देश की सर्वोत्तम उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि उत्पादन आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार के समक्ष 12 प्रस्तावों को प्रस्तुत किया गया।

समिति ने 12 प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा उपरान्त सहमति व्यक्त की गयी एवं लेटर ऑफ कर्फट जारी किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। गौतम बुद्धनगर, सहारनपुर, मीरजापुर, बाराबंकी, कानपुर नगर, इटावा, बरेली, शाहजहाँपुर, रामपुर, जालौन, अमरोहा एवं बहराईच से एक-एक अर्थात 12 प्रस्तावों को राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति के समक्ष अवलोकनार्थ परीक्षण हेतु प्रस्तुत किया और सभी का अनुमोदन किया गया। कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति द्वारा खाद्य प्रसंस्करण से इकाईयों की स्थापना हेतु 200 करोड़ की परियोजनाओं के सापेक्ष 58 करोड़ की सब्सिडी की स्वीकृति प्रदान की गयी।

एम्ब्रोसिया नेचर लिविंग एलएलपी लखनऊ के निवेशक माधवेन्द्र देव सिंह एवं श्याम फूड्स, कुशीनगर को उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत इकाई की स्थापना, सफल संचालन एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादन हेतु प्रशस्ति प्रत्र दिया गया।

एम्ब्रोसिया नेचर लिविंग एलएलपी लखनऊ द्वारा फ्रूट वाइन का उत्पादन किया जा रहा है तथा फर्म द्वारा अपना आउटलेट भी लखनऊ में ओपन किया गया है। बैठक मे बताया गया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत अब तक कुल 1394 प्राप्त प्रस्तावों में 966 प्रस्तावों को अनर्ह, अपूर्ण पाये जाने के कारण निरस्त किया गया, 416 प्रस्तावों के सापेक्ष लेटर आफ कम्फर्ट जारी किया गया। बाराबंकी के निवेशक द्वारा फ्लोटिंग फिश फीड से संबन्धित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

# जनप्रतिनिधियों के फोन न उठाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो: मंत्री

▸ प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह ने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने विद्युत आपूर्ति, खाद उपलब्धता, स्वास्थ्य, पशुपालन और समाज कल्याण विभाग से जुड़ी समस्याएं रखीं। प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों के फोन न उठाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने उर्वरक उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने, सहकारी समितियों में नियमित सप्लाई बनाए रखने तथा बड़े किसानों को डीएपी व एनपीके और छोटे किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही यूरिया वितरण की अग्रिम तैयारी करने को कहा। स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। पशुपालन विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉकवार पशु चिकित्सकों की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने पेंशन घोटाले में तेजी से रिकवरी करने को भी कहा। आबकारी, नगर विकास, जीएसटी, स्टांप, खनन और बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने राजस्व संग्रह को लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की समीक्षा में उन्होंने 302, पोक्सो, एनडीपीएस और जिला बदर मामलों की स्थिति जानी और जनपद की कानून व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप कार्रवाई जारी रखी जाए। मंत्री कश्यप ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ काम करें ताकि आने वाले समय में शाहजहांपुर विकास और कानून व्यवस्था के मामले में प्रदेश में प्रथम पंक्ति में दिखाई दे। अंत में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का प्रभावी पालन कराया जाएगा। बैठक में सांसद अरुण कुमार सागर, एमएलसी सुधीर गुप्ता, विधायक वीर विक्रम सिंह, सलोन कुशवाहा, अरविंद कुमार सिंह, प्रदेश अधीक्षक राजेश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**कांट-शाहजहांपुर।** खाटू श्याम बाबा की भव्यशोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बाबा की जयकारे के उद्घोष से नगर गूंज उठा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहल्ला गढ़ी पूर्वी के संतोष राठौड़ द्वारा आयोजित खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा माता शीतला खेड़ा मंदिर से भव्य रूप से निकाली गई। नगर की मुख्य गलियों से संचालित होकर मोहल्ला गढ़ी पूर्व स्थित श्याम बाबा के मंदिर पर भव्य समापन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर खाटू श्याम बाबा के जयकारे लगाए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, आयोजक संतोष राठौड़, राम राठौर सभासद लालजीत राठौर, योगेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### किसान दिवस बैठक आज

**शाहजहांपुर।** किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक आयोजित की जाती है। उक्त बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारी जिसमें सिंचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभागों में कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, गन्ना एवं रेशम विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया जाता है। बैठक में एकीकृत रूप से कृषि एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं,कृषक वैज्ञानिक संवाद, कृषि निवेशों एवं अन्य उपकरणों पर अनुदान, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया व विभिन्न विभागों द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं। कृषि प्रदर्शनी व मेले आदि की सम्पूर्ण जानकारी सम्बन्धित अधिकारी द्वारा दी जाएगी। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि इस माह किसान दिवस बैठक का आयोजन आज बुधवार को कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर, सभागार में दोपहर 12.30 बजे से किया जाएगा।

### नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन का एक दिवसीय धरना

**रोजा-शाहजहांपुर।** रनिंग स्टाफ के किलोमीटर की दरों में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी में देरी के खिलाफ रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के कर्मचारियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन वर्किंग कमेटी के आवाहन पर जनवरी 2024 से 50 प्रतिशत बढ़ने के बाद रनिंग स्टाफ के किलोमीटर की दूरी दरों में बढ़ोतरी नहीं हुई। इसके विरोध में रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा के आवाहन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर शाखा सचिव अमित भागवत मिश्रा ने संबोधित किया और एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विमलेश दीक्षित, निर्मल सिंह, वैभव मिश्रा, अमित भागवत मिश्रा, चंदन कुमार, अवधेश कुमार, मोहम्मद शमी, राहुल कुमार, दुर्गेश पाल, संजीव कुमार, राजकुमार, अमित राय, एलिक दास आदि उपस्थित रहे।

### सीनियर डीसीएम ने किया रोजा जंक्शन का निरीक्षण

**रोजा-शाहजहांपुर।** सीनियर डीसीएम रिचा शर्मा सड़क मार्ग से सीतापुर जंक्शन से रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंची। उसके बाद रोजा रेलवे स्टेशन पावर केबिन रोजा सीडिंग का निरीक्षण किया। रोजा साइडिंग का निरीक्षण करने के बाद बट बिल्डिंग प्लांट का निरीक्षण किया। बट बिल्डिंग प्लांट में प्लेटफार्म नंबर 6 के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। प्लेटफार्म नंबर पांच पर सड़क मार्ग तक रोड बनवाने के लिए आदेश दिए। रोजा स्लाइडिंग और बट वेल्डिंग प्लांट पर प्रकाश व्यवस्था करने के लिए सीनियर डीसी से बात की और लाइट अधिक लगवाने के लिए कहा। सीनियर डीसीएम ने रोजा सिड़ेंग पर अधिक से अधिक व्यापारियों को सुविधा देने के लिए आदेश दिए। बट वेल्डिंग प्लांट में भी मजदूरों को बैठने के लिए पानी की व्यवस्था बिजली की व्यवस्था करने के आदेश दिए। निरीक्षण करने के बाद सड़क मार्ग से शाहजहांपुर चली गई। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक, कार्यवाहक स्टेशन अधीक्षक हरेंद्र सिंह, मुख्य वनिज निरीक्षक संजीव कुमार ठाकुर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 27 को मनाई जाएगी क्षत्रिय सम्राट सल्हीय सिंह अर्कवंशी की जयंती

**पुवायां, शाहजहांपुर।** 27 नवंबर को तहसील पुवायां में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल गौरव संडीला निर्माता महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी जी की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बात की जानकारी देते हुए रवि सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी जी की जयंती पर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें आप सादर आमंत्रित हैं। इस मौके पर करणी सेना तहसील अध्यक्ष सुमित यादव, ठा.नरवीर सिंह, आदित्य प्रताप अर्कवंशी, अंशुमान सिंह मानसिंह, पप्पू राठौर, सत्यम शुक्ला, अंजेश यादव, हर्षित सिंह, कोविद सिंह, अभिकल दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### बम धमाकों में घायलों के स्वस्थ होने और दिवंगत आत्माओं की शांति को 2 मिनट का मौन




**शाहजहांपुर।** लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति द्वारा मासिक मीटिंग ध्वज वंदना के साथ शुरू हुई। तत्पश्चात दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम धमाकों में घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। क्लब के पिछले महीने के कार्यों और आगामी सेवा कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान, लायंस इंटरनेशनल से आए लायन क्लब मेंबरशिप ग्रोथ अवार्ड सर्टिफिकेट को चार्टर अध्यक्ष गुरजीत कौर ने अध्यक्ष लायन ललिता यादव को सौंपा और उनके द्वारा इस वर्ष अब तक किए सभी सेवा कार्यों की प्रशंसा की गई। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने सभी का धन्यवाद किया और क्लब के सदस्यों को आगे भी इसी तरह काम करने के लिए प्रेरित किया। क्लब मीटिंग में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, सचिव लायन गुरमीत कौर,कोषाध्यक्ष लायन प्रियंका बियानी, चार्टर अध्यक्ष गुरजीत कौर और क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## तिलहर पुलिस ने वांछित अभियुक्त रजित यादव को गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** थाना तिलहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त रजित यादव पुत्र कप्तान सिंह निवासी ग्राम डडिया को गिरफ्तार किया। आरोपी पर थाना तिलहर में मुअसं. 540/25 धारा 64(1), 333, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस एवं पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध रोकथाम अभियान के तहत की गई। आरोपी को सरयू पुलिया कस्वा तिलहर क्षेत्र के पास सुबह 11.10 बजे दबोचा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब, चोरी, लूट, डकैती, गौ तस्करी और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, उपनिरीक्षक नेहा सैनी, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार रहे हैं।

## बंडा के वार्ड 4 से जिला पंचायत सदस्य पद पर सुबोध कुमार की दावेदारी मजबूत, विकास और जनसेवा को बताया प्राथमिकता

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आगामी पंचायत चुनावों की हलचल के बीच बंडा क्षेत्र के चतुर्थ वार्ड से सुबोध कुमार एडवोकेट ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए औपचारिक रूप से अपनी दावेदारी पेश कर दी है। समाजहित के मुद्दों पर लगातार सक्रिय रहने वाले सुबोध कुमार का कहना है कि राजनीति उनके लिए महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि जनसेवा का एक सशक्त माध्यम है। लंबे समय से क्षेत्र में सामाजिक कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले सुबोध कुमार ने कहा कि गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को नजदीक से देखकर उन्हें महसूस हुआ कि बिना जनप्रतिनिधि के रूप में अधिकार मिलने के कई कार्य अधूरे रह जाते हैं। उन्होंने कहा जनसेवा मेरे जीवन का उद्देश्य है। पंचायत स्तर पर जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र का समग्र विकास मेरा पहला लक्ष्य होगा। अधिवक्ता सुबोध कुमार का मानना है कि आज के दौर में युवाओं को राजनीति में आगे आकर नेतृत्व की भूमिका निभानी चाहिए, ताकि नई सोच और नई ऊर्जा के साथ ग्रामीण विकास की दिशा बदली जा सके। उन्होंने बताया कि यदि विश्वास और संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं रहता। चुनाव में अभी समय है, लेकिन क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियाँ तेज होती जा रही हैं। संभावित प्रत्याशियों के बीच सुबोध कुमार ने भी अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कर दी है, जिसकी चर्चा अब पूरे इलाके में होने लगी है। उनके जनसंपर्क के दौरान कई गांवों के लोगों ने उनसे मुलाकात कर समर्थन का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों का कहना है कि सुबोध कुमार हमेशा से सामाजिक कार्यों में आगे रहे हैं और जरूरत पड़ने पर हर व्यक्ति के साथ खड़े दिखाई देते हैं। बंडा के ग्राम सुहेला निवासी सुबोध कुमार की छवि एक ईमानदार, सरल और कर्मठ समाजसेवी की रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि उन्हें मौका मिलता है तो वे क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को नई दिशा देंगे। जनता के बढ़ते समर्थन के साथ सुबोध कुमार की दावेदारी अब क्षेत्रीय राजनीति में मजबूत होती दिख रही है, और आगामी चुनाव में उनका अभियान महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा कर सकता है।

## रामपुर कलां में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

▸ प्रकाश फाउंडेशन ने मेडिकल कालेज के सहयोग से शिविर किया आयोजित

**खुटार-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रकाश फाउंडेशन द्वारा वरुण अर्जुन व रुहेलखंड मेडिकल कालेज के सहयोग से मंगलवार को रामपुर कलां की सियाराम वर्मा मार्केट में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जलालाबाद विधान सभा के विधायक हरिप्रकाश वर्मा के सौजन्य से आयोजित शिविर का उद्घाटन पूर्व निदेशक पावर ग्रिड विधा एजुकेशन इंस्टिट्यूट के निदेशक विनय शर्मा ने फीता कटकर किया। वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज बंथरा व रुहेलखंड मेडिकल कालेज बरेली से आए चिकित्सकों ने शिविर में क्षेत्र के आए हजारों लोगों की खून, लीवर, गुर्दा, हृदय, डायविटीज व मोतियाबिंद की निशुल्क जांच की गई। सामान्य रोग, नाक, कान, गला, दांत, हड्डी, स्त्री रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग की जांच के साथ निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में पंजीकरण, परामर्श, व दवाई निशुल्क दी गई। स्वास्थ्य शिविर में शुरू होने से शाम तक लोगों की भीड़ रही। शिविर में भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पाल, ब्लाक प्रमुख नमित दीक्षित, जीवेंद गुप्ता, पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा, पूर्व एमएलसी प्रत्याशी रेनू मिश्रा, बंडा ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश, रंजीत सिंह सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक हरिप्रकाश वर्मा शिविर की व्यवस्थाओं पर लगातार नजर बनाए रहे।

## रौब गांठने व टोल टैक्स बचाने को बना फर्जी दरोगा

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ खुटार पुलिस ने फर्जी दरोगा को गिरफ्तार कर भेजा जेल
▸ वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, वर्दी, पीकेप बरामद, सीओ ने आरोपी से की पूछताछ, गाड़ी सीज

खुटार पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार रात को एक फर्जी दरोगा को पकड़ा। उसके पास से पिकेप (टोपी), पुलिस वर्दी, जुते, मोबाइल आदि सामान बरामद हुआ है। साथ ही पुलिस ने आरोपी के पास से कुछ फोटो बरामद किए हैं। जो वर्दी में पहने खड़ा हुआ है। पुलिस को शक होने पर आरोपी को पकड़ कर थाने ले आई। जहां कड़ी से पूछताछ की गई तो मामला फर्जी दरोगा का मामला सामने आ सका। सूचना पर पुवायां सीओ प्रवीण मलिक थाने पहुंचे। जहां आरोपी से पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि उसका नाम गौरव शर्मा है। वह जनपद मथुरा के थाना कृष्णा नगर के मोहल्ला मानस नगर महोली रोड का रहने वाला है। तकरीबन डेढ़ साल से फर्जी दरोगा बनकर खुटार के मोहल्ला कोट निवासी संजय त्रिपाठी के घर में रह रहा था। दरोगा की आड़ में ठगी करता था और एडीजी कार्यालय लखनऊ से अटैच है। लोगों से कहता था। इससे किसी को शक भी नहीं हुआ। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत ने कहा कि सोमवार रात को पुलिसकर्मियों ने वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी गौरव शर्मा को पकड़ा था। आरोपी गाड़ी से पूरनपुर की ओर से आ रहा था। तो उसे रोक लिया और पीकेप (टोपी) पर नजर पड़ी तो पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि वह एडीजी कार्यालय लखनऊ से अटैच है। पुलिस के पूछने पर कोई सही जवाब नहीं दे सका। तो शक गहरा गया। लेकिन कोई ठोस सबूत नहीं दिखा पाया। जिससे पुलिस कर्मियों को शक हुआ। पुलिस ने आरोपी की गाड़ी से पिकप, वर्दी बरामद की और थाने ले आये। सूचना पर पुवायां सीओ प्रवीण मलिक पहुंचे और कड़ी से पूछताछ की। पुलिस आरोपी से कड़ी से पूछताछ कर रही है। मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गाड़ी को सीज कर दिया और आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## खाद्य सचिव से 3 लाख की लूट का खुलासा, दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने खाद्य सचिव से हुए तीन लाख रुपये की लूट का सफल खुलासा करते हुए मुकदमे में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

थानाध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी द्वारा गठित पुलिस टीम ने मंगलवार की सुबह ग्राम मंसुररपुर मार्ग पर स्थित स्कूल के पास से रामकिशन उर्फ भल्लू निवासी शाहबाद हरदोई और नरेश निवासी मनवापुर मानपुर को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी लूट में वांछित चल रहे थे। गिरफ्तार रामकिशन के पास से 10 हजार रुपये, वहीं नरेश के पास से 5200 रुपये और बिना नंबर प्लेट की होंडा साइन मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है और इनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि बरामद माल और आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक इरफान अली, हेड कांस्टेबल कृष्णपाल सिंह व कांस्टेबल सौरभ राठी शामिल रहे।

## विधायक चेतराम ने विजेताओं को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

▸ राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बेसिक शिक्षा परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




बंडा के सुनासिरनाथ रोड, सरदारपुर स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बेसिक शिक्षा परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक चेतराम ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने खेलकूद, नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। विधायक चेतराम ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और खेलों के प्रति रुचि विकसित होती है। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल प्रबंधक महेंद्र सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ खेल, कला और संस्कारों से जोड़ना है। ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनमें आत्मविश्वास का विकास होता है। राज इंटरनेशनल स्कूल सदैव बच्चों को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में विपिन दीक्षित उर्फ नीटू, कुंडरा राजेश यादव, प्रधान लालपुर फतेहचन्द्र वर्मा, भाजपा बूथ अध्यक्ष प्रकाश चंद्र वर्मा, प्रधान सिंघापुर पनई रामभजन वर्मा, सर्वजीत वर्मा, सरदार प्रदीप, नितिन चौधरी, कुलदीप शुक्ला, संतोष शुक्ला, रामराजेश पाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई वीरपाल यादव ने किया।

## पीडित की शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण: एसपी

▸ एसपी सिटी ने किया थाना निगोही का निरीक्षण, दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार थाना निगोही का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की अभिलेख प्रणाली, कार्यप्रणाली, अनुशासन, स्वच्छता और अपराध नियंत्रण की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण की शुरुआत अपराध रजिस्टर, अंदरूनी जांच रजिस्टर, जी.डी., चालान और मालखाना अभिलेखों के परीक्षण से हुई। इसके बाद सीसीटीएनएस कक्ष में पंजीकरण की गुणवत्ता, डिजिटाइजेशन कार्य और ऑनलाइन प्रविष्टियों की समीक्षा की गई। थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए एसपी सिटी ने मैस, बैरक, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क और अन्य कार्यालय शाखाओं की कार्यप्रणाली एवं स्वच्छता की स्थिति देखी। उन्होंने मुकदमों में दाखिल वाहनों की सुरक्षा और सुव्यवस्थित रख-रखाव की भी समीक्षा की। एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने थाना स्टाफ को जनसाधारण की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, महिला सुरक्षा मामलों में प्राथमिकता, साइबर अपराध नियंत्रण, गश्त पिकेटिंग में सतर्कता और प्रो-एक्टिव पुलिसिंग अपनाने के निर्देश दिए।

## मिल ने किया गन्ने का भुगतान

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** द्वारिकेश चीनी मिल द्वारा किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया है। चीनी मिल मुख्य महाप्रबंधक गन्ना पवन कुमार चतुर्वेदी नें बताया चीनी मिल द्वारा 10 नवंबर तक आपूर्ति किए गए गन्ने का भुगतान 1 करोड़ 80 लाख 13 हजार रूपए किसानों के खाते में भेजा गया है। जिसमें तिलहर तहसील के किसानों के खाते में 10 लाख 84 हजार रुपए भेजे गए हैं। क्षेत्र में गन्ने की अधिक पैदावार करने वाले किसान सुरजूपुर के प्रधान प्रवेंद्र सिंह यादव, राधा रमन पाठक, संतोष सिंह, रूपेंद्र कुमार नें चीनी मिल द्वारा किसानों के हित में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की है।

## हाथ जोड़ता रहा पीड़ित, फिर भी दबंग का नहीं पसीजा दिल, बरसाता रहा लाठियां

▸ शाहजहांपुर के थाना सिंधौली क्षेत्र में सब्जी विक्रेता को लाठियों से पीटा, वीडियो वायरल

**सिंधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



दबंग किस्म के एक व्यक्ति ने एक सब्जी विक्रेता को लाठियों से पीट दिया, मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो पुलिस महकमा हरकत में आ गया और पीड़ित की तहरीर लेकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं, लेकिन वायरल वीडियो में ऐसा प्रतीत हो रहा था कि शाहजहांपुर पुलिस का खौफ लोगों को बिल्कुल नही हैं। दिन में सरेआम एक सब्जी विक्रेता को इतना पीटा गया, कि वीडियो जिसने भी देखा, उसे आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की ही मांग की हैं, वीडियो में पीडित हाथ जोडकर कह रहा है कि दद्दा छोड दो दोबारा कभी शिकायत नहीं करेंगे, बताया जा रहा है इनका पुराना विवाद भी हुआ था, इसके बाद दबंगों ने उसे दूसरे गांव में घेर लिया और जमकर पीट दिया, लेकिन सबसे खासबात है कि लोग देखते रहे और किसी ने बचाने का प्रयास नहीं किया। थाना सिंधौली क्षेत्र के पैना खुर्द सुंदर नगर निवासी अचल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया 17 अक्टूबर सोमवार को वह सब्जी बेचकर अपने गांव जा रहा था, जैसे ही पैना बुजुर्ग हाईवे के किनारे मोड़ पर पहुंचा उसके गांव का ही अजीत सिंह पुत्र राजेंद्र तथा पैना बुजुर्ग गांव के तीन अज्ञात व्यक्ति जिनमें से एक ने कहा मेरे गांव सब्जी लेकर चलो अजीत सिंह पीछे पीछे आया सभी लोग एक राय होकर गालियां देने लगे जब गालियों का विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक गाली दी। पुलिस ने अचल की तहरीर पर एक नामजद सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इससे पहले 22 अक्टूबर को मारपीट के संबंध में पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। ग्रामीणों ने बताया कुछ यूकेलिप्टस के पेड़ को लेकर विवाद हुआ है तो कुछ नहीं बताया बाइक हटाने को लेकर पहले विवाद हो चुका है और यह भी बता रहे थे गांव में अभी तक पुलिस पड़ी हुई है गांव में ना पीट कर पड़ोस के गांव में ही दबंगों ने पीट दिया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया एक नामजद सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ हैं। सीओ प्रवीण मलिक ने बताया पीडित की तहरीर के आधार पर एक नामजद सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं, जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### एक दिसंबर से 28 फरवरी तक पैसेंजर ट्रेनें बंद

**रोजा-शाहजहांपुर।** दिसंबर माह में कोहरे के चलते सुरक्षित यातायात की नजर से मुरादाबाद डिविजन में शाहजहांपुर जंक्शन से निकलने वाली चार जोड़ी पैसेंजर ट्रेन है, जोकि 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक बंद रहेंगी। रोजा बरेली पैसेंजर, शाहजहांपुर बालामऊ पैसेंजर, शाहजहांपुर सीतापुर पैसेंजर, शाहजहांपुर लखनऊ मेमो पैसेंजर 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक बंद रहेंगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कोहरे में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षित यातायात के कारण पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया।

### नाबालिक से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिक से रेप के नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की के घर बीती 12 नवंबर की तड़के सुबह में घुसकर रेप किए जाने के मामले में सोमवार को रेप व पॉस्को एक्ट के तहत गांव डड़िया निवासी राजित यादव पुत्र कितन यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को नगर की सरयू पुलिया के समीप से आरोपी रजित यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर।** बाल दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति फेस-5 के तहत ग्राम पंचायत बनगांव में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के आदेश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य बाल संरक्षण, सुरक्षा और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। बैठक में बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों का संरक्षण, बाल श्रम निषेध, विभागीय सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा समुदाय में बच्चों की सुरक्षा हेतु सहयोगी तंत्र का निर्माण, लैंगिक उत्पीड़न, साइबर क्राइम और घरेलू हिंसा पर सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए और बाल संरक्षण हेतु मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में महिला कल्याण विभाग से रश्मि जेंडर स्पेशलिस्ट) और सुप्रिया अवस्थीसामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सद्भावना सत्संग का आयोजन

**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गढ़िया रंगीन कस्बे में मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय सद्भावना सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कल 19 और 20 नवंबर को कस्बे के खेल मैदान में होगा। सत्संग में हरिद्वार के प्रेम नगर से आए संत महात्मा ग्रामीणों को जागरूक करेंगे। मुकेश गुप्ता बर्तन वाले ने इस आयोजन की जानकारी दी।

### दहेज की खातिर विवाहिता को पीटा

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के गांव खुड़रा में दहेज की खातिर विवाहिता को उसके पति ने जमकर डंडे से पीटा।आरोप है कि पेट्रोल डालकर जान लेने की कोशिश की। विवाहिता ने घर से निकल कर किसी तरह अपने आपको बचाया। थाना तिलहर के गांव नौगाई निवासी ब्रजपाल नें पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कार्रवाई की मांग की। बताया 3 वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी नेहा की शादी गांव खुड़रा के धर्मपाल के बेटे अरुन के साथ की। सामर्थ के अनुसार धन दहेज़ दिया। बेटी के दो छोटे बच्चे हैं। शादी के कुछ माह बाद ही उसका पति अरुण ससुर धर्मपाल, सास जसोदा दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। मायके से सोने की चेन व बाइक लाने का दबाव बनाते। दो माह पूर्व भी बेटी के साथ मारपीट की गई तो पंचायत में फैसला हुआ। सोमवार शाम 6 बजे बेटी घर पर थी तो उसको पति अरुण ने डंडे से बेरहमी द्वारा मारा पीटा। गर्दन पकड़ कर जान से मारने की कोशिश की। आरोप लगाया कि सास ने फोन पर जान से करने को कहा तो अरुन पेट्रोल निकाल लाया।बताया बेटी किसी तरह घर से निकल कर गांव में रह रही बहन के यहां पहुंची और फोन कर जानकारी दी। उसके पूरे शरीर में चोट के निशान हैं।

### आयुक्त ने सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 8 समस्यायें/शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 1 समस्याओं/शिकायतों का निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा,महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण, जन-प्रतिनिधिगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

### बेसिक शिक्षा विभाग में संविदा भर्ती प्रक्रिया शुरू, टाइपिंग गति होगी अनिवार्य

**शाहजहांपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में संविदा पर विभिन्न पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित कर दिए गए हैं और अभ्यर्थियों के लिए स्पष्ट मानक तय कर दिए गए हैं। सीडीओ के अनुसार, आवेदकों के पास हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट और अंग्रेजी में 40 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति होना अनिवार्य है। गति परीक्षण के बाद योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को अगले चरणों में शामिल किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध रखने के लिए इसे चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। जल्द ही दस्तावेज़ सत्यापन, कौशल परीक्षा व अन्य औपचारिकताओं की तिथि और विवरण जारी किए जाएंगे। सीडीओ ने बताया कि संविदा भर्ती से विभाग में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों पर कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे विभागीय नोटिस बोर्ड और आधिकारिक सूचनाओं पर नजर बनाए रखें।

### पुलिस ने 25 वाहनों के चालान किए

**कांट-शाहजहांपुर।** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कई मार्गों पर पैदल मार्च किया। एवं देर रात गहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 25 वाहनों के चालान किए गए। श्याम करीब 7 बजे प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने पुलिस बल के साथ जलालाबाद मार्ग, कुर्रिया मार्ग मदनापुर मार्ग एवं शाहजहांपुर मार्ग पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके इस दौरान पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की एवं असमाजिक तत्वों पर कई निगाह रखने की भी अपील की। श्रीमौर्य ने बताया किसी क्षेत्र में कोई अपराधिक गतिविधि संचालित हो रही हो। तत्काल पुलिस को सूचना दें। रात 9 से 10 तक गहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया जिसमें 25 वाहनों के चालान किए गए।

# डीईओ ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**मतदेय स्थलों के सम्भजन के संबंध में सुझाव, आपत्ति देने का समय आज**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मतदेय स्थलों के संभाजन के प्रस्ताव के संबंध में जनपद के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक वीसी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने राजनैतिक दल के पदाधिकारियों को बताया कि मतदेय स्थलों के सम्भजन प्रस्तावों के संबंध में राजनैतिक दल अपने सुझाव, आपत्ति परिवर्तन संबंधी 19 नवंबर की शाम तक जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने एवं सुगमता बढ़ाने हेतु 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलों का सम्भाजन के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की अपेक्षा है कि बहुमंजिली भवनों, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटिस, आरडब्लूए कालोनिज जिनके पास अपने परिसर में भूतल पर सामान्य सुविधा क्षेत्र, सामुदायिक हॉल हो वहां नये मतदेय स्थल स्थापित किये जाने पर विचार किया जा सकता है। उक्त के अतिरिक्त नगरीय क्षेत्रों के झुग्गी झोपड़ी वाले समूहों और नगरीय,अर्द्ध नगरीय क्षेत्रों जहां बाह्य विकास हुआ है उन क्षेत्रों में भी उक्त के संबंध में विचार




किया जा सकता है। आयोग द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी है कि एक पोलिंग स्टेशन लोकेशन पर मतदेय स्थलों के मध्य यथासंभव उचित संख्या में मतदाता हों और कोई भी परिवार न टूटे तथा परिवार के सभी सदस्य समान अनुभाग एवं समान स्थान पर रखे जाए। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदेय स्थलों को रनिंग सीरियल नम्बर दिये जाएगे। मतदेय स्थलों की नई सूची में कोई भी आक्जिलरी सहायक मतदेय स्थल नहीं रखा जाएगा। गत सम्माजन के समय कई जिलों ने मतदेय स्थल भवनों के नामों को शुद्ध रूप से अंकित नहीं किया था, जिसके कारण नई सूची प्रकाशित होने के कुछ ही समय बाद उनमें संशोधन की आवश्यकता पड़ी। अतः नामों की शुद्धता पर विशेष ध्यान रखा जाए। विशेष परिस्थितियों में 300 से कम मतदाता वाले मतदेय स्थलों को रखा जाना अपरिहार्य हो, तो प्रस्ताव में उस मतदेय स्थल को बनाये रखे जाने के संबंध में स्पष्ट कारण का उल्लेख कर दिया जाए।शहरी क्षेत्रों में जहां नयी आवासीय कालोनियां गत कुछ वर्षों में बनी हैं और उसमें नागरिक निवास करने लगे हैं तो वहां पर यथावश्यकता नया पोलिंग स्टेशन बनाया जाए।

अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपलब्ध स्थायी भवन में स्थानान्तरित कर दिया जाए।सभी मतदेय स्थल भवनों के यथासम्भव भूतल पर होना सुनिश्चित किया जाए।किसी भी राजनैतिक दल या लेबर यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के अन्दर कोई भी मतदेय स्थल नहीं बनाया जाए।यदि कोई मतदेय स्थल दुकान, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, व्यक्तिगत सामुदायिक केन्द्र, विवाह घर अथवा ऐसे भवन, जिनका स्वामित्व किसी राजनैतिक व्यक्ति के पास है, ऐसे मतदेय स्थलों हेतु विकल्प तलाश कर उनको स्थानान्तरित कर दिया जाए।मतदेय स्थलों को बनाते समय एएमएफ सम्बंधी सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए। इस दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## छह माह से इकलौते पुत्र की हत्या के आरोपी कांट पुलिस से दूर

**कांट-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

> मामला संज्ञान में है। इस पर गहन जांच की जा रही है अति शीघ्र मामले का राजफाश किया जाएगा।
> –राकेश कुमार मौर्य
> प्रभारी निरीक्षक, थाना-कांट

छह माह से इकलौते पुत्र की अपहरण के बाद हत्या के मामले के अभी तक आरोपी गिरफ्तार न होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा जल्द से जल्द वर्कआउट किया जाएगा। क्षेत्र के ग्राम भानपुर के फिरोज खान ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 2 जून को उसका पुत्र शाम करीब 6 बजे गुम हो गया था जिसकी गुमशुदगी थाना पर दर्ज है। थाना कोतवाली द्वारा कोई भी बराममदगी नहीं की गई सिर्फ दिलासा दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश के द्वारा थाना पर प्राथमिकी दर्ज की गई उसके पुत्र फैज खान को अपहरण कर मृत्यु के संबंध में थाना पर प्राथमिकी मुस्तजाब, शाहिद निवासी ग्राम भानपुर के विरुद्ध 24 अगस्त को दर्ज की गई थी।

पुलिस की टीम ने जांच करने के दौरान 12 जून को गर्रा पुल के नीचे एक बॉडी बरामद की एसओजी टीम ने बुलाया और शव की फोटो दिखाई जिसमें फोटो से पहचान कि वह उसका ही लड़का है उसे पूरा यकीन है कि उसके लड़के की हत्या गांव के ही नामजद दो लोगों एवं एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर की है।

## गोरखपुर अधिवेशन में सम्मानित हुए विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री

**पुवायां, शाहज़हांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुवायां के गाँव नगरिया प्रयागपुर निवासी वीरेंद्र सिंह उर्फ काले प्रदेश मंत्री विश्व हिंदू महासंघ को हिंदू रत्न से सम्मानित किया गया। योगी गंभीर नाथ प्रेक्षागृह गोरखपुर में 14 नवंबर से चल रहे विश्व हिंदू महासंघ के अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन का समापन हो गया है। विश्व हिंदू महासंघ के सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अस्मिता भंडारी एवं उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न देशों से अनेक पदाधिकारी की गरिमामई उपस्थिति रही। प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी द्वारा विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें योगी जी के चित्र से नेपाल तथा कार्य चरित्र से भारत बनेगा हिंदू राष्ट्र मुख्य मुद्दा रहा। कार्यक्रम में लगभग 75 जनपदों के जिला अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित रहे। विश्व हिंदू महासंघ के सभी पदाधिकारी ने इस सम्मेलन में प्रतिभाग किया। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री वीरेंद्र सिंह उर्फ काले को सभागार में योगी आदित्यनाथ हिंदू रत्न से सम्मानित किया गया और कार्यकताओं को नेपाल की अंतरराष्ट्रीय अध्यक्षा एवं प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति द्वारा तलवार एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति द्वारा शिव की



प्रतिमा एवं अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। गुरु गोरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान किसी भी कार्यकर्ता को केवल एक बार ही दिया जाता है। जनपद कार्यकारिणी द्वारा इस सम्मान के लिए प्रदेश कार्यकारिणी एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्षा महोदया का हार्दिक आभार प्रकट किया गया इस सम्मान के प्राप्त होने पर जनपद में विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई एवं सभी ने योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## अवैध होर्डिंग्स को हटाया जाए

**शाहजहांपुर।** महानगर को सुंदर व स्वच्छ रखने हेतु नगर आयुक्त विपिन मिश्रा द्वारा महानगर क्षेत्र में बेहतर सफाई व्यवस्था रखने तथा महानगर के चौराहे/तिराहे पर लगी अवैध होर्डिंग्स/बैनर को हटाए जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में आज को प्रवर्तन दल टीम द्वारा महानगर के विभिन्न चौराहों/तिराहों पर अवैध रूप से लगी होर्डिंग्स/बैनर को हटाये जाने की कार्यवाही की गई, जिसका निरीक्षण नगर आयुक्त द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय अपनी उपस्थिति में अवैध रूप से लगी होर्डिंग्स/बैनर को हटवाया गया व निर्देशित किया गया कि महानगर को सुंदर रखने की दिशा में कार्य करते हुए चौराहे/तिराहे पर अवैध हॉर्डिंग को हटाया जाए।

## अधिवक्ताओं के पैनल का गठन तीन वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता विनियम 2010 के अधीन पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क एवं प्रभावी विधिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद की सभी तहसील विधिक सेवा समितियों के लिए अधिवक्ताओं के पैनल का गठन तीन वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा है। विधि व्यवसाय में तीन वर्ष से अधिक अनुभव रखने वाले इच्छुक अधिवक्ताओं के आवेदन पत्र मांगे गए है प्रारूप पर आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पर एवं तहसील विधिक सेवा समितियों से सम्बन्धित आवेदन पत्र सम्बन्धित तहसीलों पर 20 नवम्बर तक प्राप्त कराए जा सकते है। जिसके बाद आवेदन स्वीकार नही किए जाएगे।जानकारी विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने दी।

## मिर्ज़ापुर में डिप्टी सीएम केशव मौर्य का कार्यक्रम स्थगित, अन्य मंत्री सभा में लेंगे हिस्साः विधायक



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि कल (आज) पार्टी की ओर से आयोजित यूनिटी मार्च पदयात्रा और जरियनपुर में सभा भी अपने निर्धारित समय पर ही होगी। उन्होंने अफ़वाहों से बचने की अपील कार्यकर्ताओं और समर्थकों से की है। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने दूरभाष पर बताया कि पार्टी आला कमान ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार में मुख्यमंत्री चयन की जिम्मेदारी दे दी गई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के स्थान पर किसी अन्य वरिष्ठ मंत्री को कल (आज) के कार्यक्रम में भेजा जायेगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से निर्धारित समय पर पदयात्रा शुभारंभ स्थल ग्राम बहेरिया पहुंचने की अपील की। जिससे यह पद यात्रा पूरे जोशोखरोश के साथ जरियनपुर के सभा स्थल पर समय से पहुंच सके।

## प्रभारी मंत्री ने किसानों संग संवाद कर योजनाओं की समीक्षा की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**सरकार बिना भेदभाव सभी किसानों तक पहुंचा रही योजनाओं का लाभः मंत्री**

विकास भवन सभागार में सोमवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जिले के किसानों से सीधा संवाद किया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री कश्यप ने किसानों से फसल उत्पादन, खरीद-बिक्री, समर्थन मूल्य, सिंचाई और अन्य समस्याओं पर विस्तार से जानकारी ली। धान, गन्ना, ज्वार, बाजरा सहित प्रमुख फसलों के बढ़ाए गए समर्थन मूल्य पर किसानों से फीडबैक लिया गया। किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी का लाभ उन्हें सुगमता से मिल रहा है।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को सिंचाई के लिए 2023 से ट्यूबवेल कनेक्शन नंबर पर मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। फसल बीमा योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं ने किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। उन्होंने किसानों की समस्याएं भी सुनीं और योजनाओं के जमीनी लाभ की जानकारी हासिल की। मंत्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री किसानों को देश की रीढ़ एवं भविष्य की ताकत मानते हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि किसी किसान को किसी भी स्तर पर परेशानी न हो और सभी को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिले। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और किसानों के प्रयास से इसे पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य सरकार ने तय किया है।

किसानों को फसल उत्पादन से लेकर खरीद और भुगतान तक किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार लगातार निगरानी और व्यवस्था सुधार में जुटी है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, जिला खाद्य एवं वितरण अधिकारी राकेश मोहन पांडेय सहित संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## प्रेमिका जब शादी करने को तैयार नहीं हुई तो गाड़ी के आगे कूदा प्रेमी

**शाहजहांपुर।** सिंधौली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक और युवती के बीच सड़क पर जोरदार हंगामा हो गया। राहगीरों द्वारा बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवती युवक की गर्दन और कपड़े पकड़कर धकेलती हुई नजर आ रही है। मामले के अनुसार, युवक हरदोई जिले का निवासी है, जबकि युवती शाहजहांपुर के सिंधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली है। दोनों के बीच प्रेम संबंध बताए जा रहे हैं। युवती की शादी किसी और जगह तय होने की जानकारी मिलते ही युवक नाराज होकर हरदोई से शाहजहांपुर आ पहुंचा। बताया गया कि जैसे ही युवक को पता चला कि युवती अपने परिवार के साथ कहीं जा रही है, उसने बीच रास्ते में उनकी कार रोक ली और कार के आगे खड़ा होकर रास्ता जाम कर दिया। युवती ने पहले उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन बात न मानने पर वह गुस्से में आ गई और सड़क पर ही उसे जोर से धक्का देने लगी। करीब 10 मिनट तक यह हाई-वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। इस दौरान राहगीरों की भीड़ लग गई, लेकिन किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया। बाद में युवती अपने परिवार के साथ वहां से चली गई, जबकि युवक काफी देर तक वहीं खड़ा दिखाई दिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस भी मामले की जानकारी जुटा रही है।

## संत प्रवर गोविंदाचार्य के सानिध्य में निकली कलश यात्रा

**नागरिकों ने पुष्प बरसाकर किया जोरदार स्वागत**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा व 21 कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ से पूर्व कथा व्यास संत प्रवर गोविंदाचार्य महाराज के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ हो सैकड़ों पीत वस्त्रधारी महिलाएं सिर पर कलश रखकर व पुरुष ध्वज लेकर चल रहे थे। गौरतलब है कि श्रीरामकथा यज्ञ समिति के आयोजकत्व में मंगलवार शाम पांच बजे से हाइवे स्थित बिजली उपकेंद्र



के सामने स्थित मैदान में श्रीराम कथा से पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली जानी थी । इसी क्रम में सुबह दस बजे निजामगंज स्थित घोड़ी वाले बाबा मंदिर पर सैकड़ों पीत वस्त्र धारी महिलाएं एकत्र हुई । यहां से 51 कलशों में जल भरकर यात्रा की शुरुआत हुई । कलश यात्रा में भारी संख्या में सनातनी भक्तों की भीड़ के साथ ही एक रथ पर नैमिष धाम से पधारे कथा व्यास गोविंदाचार्य महाराज विराजित थे। कलश यात्रा बजाजा बाजार, मुख्य चौराहा बिरियागंज, बड़ा बाजार, मौजमपुर, पुराना रोडवेज, अस्पताल रोड होती हुई आर्य समाज मंदिर से घेर चौवा, हिंदीपट्टी, भक्सी मोहल्ला होकर अपरान्ह दो बजे कथा स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान समिति सदस्य सभासद राधारमण मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता लल्ला, श्याम गर्ग, डॉ प्रमोद मिश्रा, संजय मिश्रा, रामसिंह यादव, विवेक मेहरोत्रा, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र राठौर, पंकज सक्सेना, सभासद संजीव कटरा, राम कुमार, विवेक सक्सेना, सुनील सैनी , राज कुमार सिंह समेत महिला भक्तों की भारी भीड़ शामिल रही। कलश यात्रा की निगरानी में इंस्पेक्टर क्राइम दिनेश कुमार सिंह, एसआई गौरव शर्मा, एस आई नेहा सैनी भरी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

## पुलिस बैडमिंटन क्लब ने जी.एफ. कॉलेज क्लब को हराकर जीता टूर्नामेंट

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जी.एफ. कॉलेज में पुलिस बैडमिंटन क्लब और जी.एफ. कॉलेज बैडमिंटन क्लब के बीच आयोजित भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुलिस अधीक्षक की टीम विजयी रही। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों (प्रत्येक क्लब की 4-4 टीम) ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। फाइनल मुकाबला पुलिस बैडमिंटन क्लब की दो टीमों के बीच खेला गया। टीम-1 में पुलिस अधीक्षक और कोच अतुल शामिल थे, जबकि टीम-2 में कांस्टेबल संतोष



और कांस्टेबल राहुल थे। फाइनल मैच के दौरान पुलिस अधीक्षक और कोच अतुल की टीम ने बेहतरीन तालमेल और दमदार प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम को 21-16 और 21-15 के अंतर से हराकर विजयी स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को प्रो. फ़याज़ अहमद जिला सचिव क्रीड़ा अधिकारी ने शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक प्रो. सैयद अनीस अहमद, प्रो. सैयद अली, प्रो. मो. सलीम खां, प्रो. कामरान हुसैन, प्रो. मो. साजिद ख़ान सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सहकारिता से ही सामाजिक-आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन हो सकता हैः डीपीएस

**सहकार भारती की ओर से सहकारिता सप्ताह का एक कार्यक्रम आयोजित**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सहकार भारती के तत्वावधान में सहकारिता सप्ताह का एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डीपी एस राठौर सभापति जिला सहकारी बैंक, अजय प्रजापति उप सभापति जिला सहकारी बैंक एवं सहायक आयुक्त सहायक निबंधक एवं सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, नाबार्ड से प्रवेश गंगवार, मत्स्य विभाग से पूरन लाल, सरकार भारती के जिला अध्यक्ष सर्वेश त्रिवेदी, अभिनव कश्यप प्रदेश प्रमुख मत्स्य प्रकोष्ठ सरकार भारती द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेश प्रमुख अभिनव कश्यप द्वारा आमंत्रित अतिथियों का स्वागत संबोधन में अवगत कराया गया कि



सरकार भारती पूरे भारत में सहकारिता पर काम करने वाली एकमात्र स्वयंसेवी संगठन है, सहकारिता से ही निर्बल शोषित वंचित निम्न स्तर के लोगों को रोजगार सृजन होगा और उनका आर्थिक विकास भी होगा। मुख्य अतिथि डीपीएस राठौर कहा सहकारिता ही से सामाजिक आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन हो सकता है सहकारी समितियां के माध्यम से चाहे वह मत्स्य की समितियां हो दुग्ध की हो के साथ जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त एवं मजबूत हो सकते हैं। उपसभापति अजय प्रजापति ने कहा सहकारिता ही जीवन मंत्र है सहकारिता से ही हमारे देश का सर्वांगीण विकास किया जा सकता हैं। कार्यक्रम में जनपद की समस्त मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के अध्यक्ष, सचिव पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभापति द्वारा सभी समितियां व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में शिवनंदन सागर ने कहा सहकारिता से जुड़कर सहकारी समितियां के माध्यम से हम व्यवसाय भी मजबूत कर सकते हैं। अन्य उद्बोधन में अरविंद मिश्रा स्वदेशी जागरणमंच, देवेश त्रिपाठी विश्व हिंदू महासंघ, राजेश कश्यप संस्थापक कश्यप स्वाभिमान संगठन आदि ने सहकारिता विषय पर अपने अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम में मनोज कश्यप, रघुनाथ, महेश कश्यप, नीरज कश्यप, कन्हैयालाल कश्यप, पप्पू कश्यप, परशुराम कश्यप, ओमकार नाथ, धर्मवीर, अयोध्या प्रसाद मौर्य, आर डी कश्यप, अमित शर्मा, सावित्री शर्मा, रुचि कनौजिया, ममता पाठक, सुशील कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## विलुप्त होती मोहल्ला संस्कृति

'हाई -राइज सोसायटी किसी जेल जैसी लगती है। घर से बाहर निकलो तो बस सीमैंट की दीवारें हैं, लिफ्ट में चढ़ो तो अजनबी चेहरों की चुप्पी।' शहरी विकास का खोखलापन उजागर करता एक वीडियो बीते दिनों सोशल मीडिया पर खासा चर्चित रहा। एकाकीपन से जूझती महिला के हृदय की व्यथा जग-जाहिर करता यह वीडियो दरअसल, आधुनिक युग की कटु वास्तविकता है, जिसे निदा फ़ाज़ली ने कुछ यूं बयां किया था- हर तरफ़, हर जगह बेशुमार आदमी, फिर भी तन्हाइयों का शिकार आदमी।। वीडियो में तन्हाई की कसक है, जिसे अमूमन आज हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। कारण स्पष्ट है, बदलते परिवेश के साथ हमारी प्राथमिकताएं भी बदलीं। संतुष्टि से इतर हम संपन्नता में जिंदगी तलाशने लगे। व्यस्तताओं व विलासिता में बढ़ते रुझान ने हमें हमारे उस सामाजिक दायरे से अलग-थलग कर डाला, जिसे मोहल्ला संस्कृति का नाम दिया गया था। विभिन्न परिवारों को एकसूत्र में पिरोती इस संस्कृति में सभी के सुख-दुख सांझे थे। किसी भी घर में बड़ों की आवाज गूंजती तो आस-पड़ोस में अपनापन जताते नाते-रिश्ते स्वयं ही सृजित हो जाते। शादी-ब्याह के ढोल की थाप पूरे मोहल्ले को उल्लसित कर डालती। पारस्परिक परामर्श बड़ी से बड़ी समस्याएं चुटकी में सुलझा देता। कुल मिलाकर भावनात्मक लगाव ही इस संस्कृति की विलक्षण पहचान था। इसी थीम पर निर्मित आधुनिक फ्लैट संस्कृति का जायजा लें तो स्थिति सर्वथा विपरीत नजर आएगी। दीवारें परस्पर सटी होने के बावजूद संवेदनात्मक जुड़ाव नदारद महसूस होगा। शब्द शालीन, मगर अजनबीपन का अहसास लिए। संक्षेप में, हमारा वजूद मोहल्ला संस्कृति की उदारवादी 'हम' प्रवृत्ति से सिमटकर 'मैं' तक जा पहुंचा है। यही कारण है कि वर्तमान में अवसाद व आत्महत्या के मामले अपेक्षाकृत बढ़ चुके हैं, वह भी उस दौर में, जब तकनीकी साधनों के माध्यम से लोगों से संपर्क साधना पहले की बजाय कहीं सरल है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) के सोशल कनैक्शन कमीशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, विश्व का हर छठा व्यक्ति खुद को सामाजिक रूप से एकाकी महसूस कर रहा है। अकेलापन प्रतिवर्ष 8 लाख 70 हजार से अधिक लोगों का जीवन लील रहा है। प्रति घंटे 100 से ज्यादा लोगों की मृत्यु का कारण एकाकीपन रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक़, मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा अकेलापन शिक्षा, रोजगार तथा अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा है। शाब्दिक भ्रम से उबरने हेतु अकेलेपन तथा सामाजिक अलगाव की परिभाषा में अंतर जानना भी आवश्यक है। रिपोर्ट के अनुसार, अकेलापन वह पीड़ा है जो अपेक्षित सामाजिक जुड़ाव नहीं मिलने पर महसूस होती है, जबकि सामाजिक अलगाव की स्थिति में व्यक्ति के पास संबंधों का ही अभाव होता है। यह समस्या कमोबेश समाज के हर वर्ग को प्रभावित कर रही है लेकिन युवाओं, बुजुर्गों तथा गरीब देशों में रहने वाले लोगों में इसका प्रभाव सर्वाधिक देखने में आए। एक रिपोर्ट के तहत, 5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत किशोर अकेले हैं। अफ्रीका में 12.7 प्रतिशत किशोर अकेलेपन का अनुभव करते हैं, जबकि यूरोप में यह दर 5.3 प्रतिशत है। भारत में भी यह समस्या दिनों-दिन बढ़ रही है। वैश्विक स्तर पर हर चौथा बुजुर्ग अकेलेपन की समस्या से पीड़ित है, जिस कारण मानसिक दबाव बढ़ा है। बुजुर्गों में अकेलेपन के कारण मनोभ्रंश विकसित होने का खतरा 50 प्रतिशत ज्यादा होता है।

# देश को जनसंख्या लाभांश के फायदे या संसाधनों पर दबाव

**संजीव ठाकुर**

भारत आज मात्र एक विशाल जनसंख्या वाला देश नहीं बल्कि वह सभ्यता है जिसकी जनसंख्या देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दिशा को तय करने वाली निर्णायक शक्ति बन चुकी है। वर्ष 2023 के बाद से भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है और यह संख्या अब लगभग 1.45 अरब के आसपास पहुँच रही है। परंतु यह तथ्य जितना गौरवपूर्ण प्रतीत होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी है, क्योंकि बढ़ती आबादी देश के विकास की धुरी भी है और विकास का बोझ भी।

जनसंख्या की यह जटिल स्थिति भारत के लिए दोधारी तलवार के समान हैस एक ओर वह अपार युवा ऊर्जा, श्रमशक्ति और आर्थिक संभावनाएँ प्रदान करती है, तो दूसरी ओर वह संसाधनों, शिक्षा, रोजगार और पर्यावरण पर असंतुलित दबाव उत्पन्न कर देती है। यही कारण है कि भारत की जनसंख्या पर किसी भी प्रकार का विमर्श केवल आंकड़ों की चर्चा भर नहीं होता, बल्कि यह राष्ट्रीय विकास, सामाजिक स्थिरता और मानव गुणवत्ता का प्रश्न बन जाता है। भारत की वर्तमान जनसंख्या संरचना में लगभग 67 से 68 प्रतिशत लोग कार्यशील आयु-वर्ग में आते हैं, जो विश्व में सबसे बड़ा युवा समूह है। यह स्थिति भारत को जनसंख्या लाभांश प्रदान करती है जो हर राष्ट्र को अपनी आर्थिक तेजी बढ़ाने का एक ही अवसर देता है। यदि यह युवा समूह शिक्षित, प्रशिक्षित और उत्पादक बन सके तो वह देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में निर्णायक योगदान दे सकता है। किंतु समस्या यह है कि देश में हर वर्ष लाखों युवा रोजगार की तलाश में निकलते हैं, जबकि गुणवत्तापूर्ण नौकरियों का निर्माण उतनी गति से नहीं हो रहा। बेरोजगारी दर युवा वर्ग में अभी भी चिंताजनक है और असंगठित क्षेत्रों का व्यापक विस्तार युवाओं को स्थिर रोजगार से दूर कर देता है। यदि रोजगार-सृजन की गति, कौशल विकास और शिक्षा सुधार के साथ तालमेल नहीं बैठ पाया तो वही युवा शक्ति जो अवसर थी, भविष्य में सामाजिक तनाव, आर्थिक दबाव और असंतोष का स्रोत बन सकती है। बढ़ती जनसंख्या का दूसरा बड़ा प्रभाव प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है।

भारत में जल संकट, भूमि क्षरण, वनों की कटाई, प्रदूषण और ऊर्जा की बढ़ती मांग ये सभी समस्याएँ जनसंख्या के असंतुलित विस्तार से और भी गंभीर हुई हैं। महानगरों में लगातार बढ़ते पलायन ने झुग्गियों का विस्तार, प्रदूषण, ट्रैफिक जाम, जीवन-स्तर में गिरावट और शहरी असमानताओं को बढ़ाया है। देश के जल-स्तर में गिरावट और भू-जल के अत्यधिक दोहन ने कई राज्यों में जल-संकट को स्थायी रूप दे दिया है। ऐसे में बिना सतत संसाधन-प्रबंधन के जनसंख्या वृद्धि विकास की गति को रेंगने पर मजबूर कर देगी। भारत के विकास की तीसरी प्रमुख चुनौती स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता है।



**भारत में जल संकट, भूमि क्षरण, वनों की कटाई, प्रदूषण और ऊर्जा की बढ़ती मांग ये सभी समस्याएँ जनसंख्या के असंतुलित विस्तार से और भी गंभीर हुई हैं। महानगरों में लगातार बढ़ते पलायन ने झुग्गियों का विस्तार, प्रदूषण, ट्रैफिक जाम, जीवन-स्तर में गिरावट और शहरी असमानताओं को बढ़ाया है। देश के जल-स्तर में गिरावट और भू-जल के अत्यधिक दोहन ने कई राज्यों में जल-संकट को स्थायी रूप दे दिया है। ऐसे में बिना सतत संसाधन-प्रबंधन के जनसंख्या वृद्धि विकास की गति को रेंगने पर मजबूर कर देगी। भारत के विकास की तीसरी प्रमुख चुनौती स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता है। आज भी मातृ मृत्यु दर लगभग 97 प्रति एक लाख जीवित जन्म और शिशु मृत्यु दर 27 प्रति हजार के आसपास है, जो यह संकेत देते हैं कि स्वास्थ्य ढांचा अभी भी मजबूत और सर्वसुलभ नहीं बन पाया है।**

आज भी मातृ मृत्यु दर लगभग 97 प्रति एक लाख जीवित जन्म और शिशु मृत्यु दर 27 प्रति हजार के आसपास है, जो यह संकेत देते हैं कि स्वास्थ्य ढांचा अभी भी मजबूत और सर्वसुलभ नहीं बन पाया है। यदि इतनी बड़ी जनसंख्या को स्वस्थ, सक्षम और उत्पादक बनाना है तो स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच, गुणवत्ता और पोषण व्यवस्था को बेहतर बनाना अनिवार्य है। विशेषकर ग्रामीण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सुलभ स्वास्थ्य-सेवा उपलब्ध कराना ही दीर्घकालीन जनसांख्यिकीय संतुलन की नींव बनेगा। अब बात करें शिक्षा की जो किसी भी जनसंख्या नियंत्रण और गुणवत्ता-वृद्धि का सबसे सशक्त माध्यम है। विशेषकर महिला शिक्षा जनसांख्यिकीय परिवर्तन में सबसे निर्णायक भूमिका निभाती है। एक शिक्षित महिला न केवल अपने परिवार में स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के लिए बेहतर निर्णय लेती है, बल्कि वह परिवार नियोजन के प्रति भी जागरूक होती है।

भारत में जिन राज्यों में महिला साक्षरता अधिक है, वहाँ कुल उर्वरता दर स्वतः नियंत्रित हो गई है। इस प्रकार जनसंख्या केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और शिक्षा के प्रसार से नियंत्रित होती है। रोजगार और अर्थव्यवस्था की दृष्टि से देश में शुरू की गई योजनाएँ, कौशल विकास अभियान, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, आत्मनिर्भर भारत अभियानकृकई युवाओं को नया अवसर प्रदान कर रही हैं, किंतु इन योजनाओं का प्रभाव तभी व्यापक होगा जब वे गाँव-गाँव तक संरचना और प्रशिक्षण के साथ पहुँचें।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो पलायन कम होगा, और शहरों पर भार भी घटेगा। केवल महानगरों और आईटी सेक्टर में रोजगार केंद्रित करने से भारत की विशाल जनशक्ति संतुलित उपयोग नहीं पा पाएगी। परिवार नियोजन भारत में लोकतांत्रिक एवं स्वैच्छिक मॉडल पर आधारित रहा है। चीन ने जहाँ वन चाइल्ड पॉलिसी अपनाई, वहीं भारत ने सामाजिक सहभागिता, जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से जनसंख्या संतुलन का रास्ता चुना। यह मॉडल टिकाऊ और मानवीय है, परंतु इसके परिणाम तभी मजबूत होंगे जब ग्रामीण समुदायों में जागरूकता, शिक्षा और स्वास्थ्य-सेवा की पहुँच पर्याप्त होगी। जनसंख्या को केवल बोझ मानना गलत है, क्योंकि वही जनसंख्या यदि सही दिशा और अवसर पाए तो आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत बन सकती है। परंतु इसे अनियंत्रित छोड़ देना राष्ट्र की प्रगति को अवरुद्ध कर सकता है। इसलिए भारत को एकीकृत दृष्टि की आवश्यकता है जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार सृजन, लैंगिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता को एक साथ जोड़कर देखा जाए। भारत की जनसंख्या वास्तव में एक विशाल सामर्थ्य है। यदि इसे सही नीति, सही दिशा, सही अवसर और सही सामाजिक वातावरण मिले तो यह भारत को विकासशील से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ा सकती है। लेकिन यदि यह दिशा-विहीन रही तो यही शक्ति देश की सबसे बड़ी बाधा बन सकती है। इसलिए अब समय यही है कि हम संख्या की भीड़ को सक्षम, शिक्षित, स्वस्थ और उत्पादक शक्ति में बदलें तभी यह भूमि अपने जनसमुदाय के बोझ से नहीं, बल्कि उनकी ऊर्जा से आलोकित होगी और भारत अपने जनबल के दम पर विश्व में नई पहचान स्थापित करेगा।

## सवालों के घेरे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

सवालों के घेरे में खड़ा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् केवल एक संस्था का संकट नहीं है बल्कि यह वैश्विक नैतिक नेतृत्व के क्षरण की बड़ी कहानी भी है। जब संयुक्त राष्ट्र का जन्म हुआ था, तब दुनिया दूसरी विश्वयुद्ध की राख से निकल रही थी और मानवता ने सामूहिक रूप से यह प्रण लिया था कि भविष्य में किसी भी बड़े युद्ध को रोका जाएगा। उस सपने का केंद्र था- सुरक्षा परिषद, जिसे शांति का संरक्षक, वैश्विक न्याय का प्रहरी और सामूहिक सुरक्षा का आधार माना गया। मगर आज, लगभग 80 वर्ष बाद जब दुनिया यूक्रेन, गाज़ा, सूडान, यमन, म्यांमार और साहेल जैसे संघर्षों से दहक रही है, तब यह संस्था अक्सर मौन खड़ी दिखाई देती है।

यह मौन केवल असहायता का प्रतीक नहीं है बल्कि उस संरचनात्मक कमजोरी का भी संकेत है जिसने वर्षों में इसकी विश्वसनीयता को खोखला कर दिया। जब दुनिया भर के नागरिक शांति की उम्मीद में इस संस्था की ओर देखते हैं, तब यह भू-राजनीतिक हितों की जकड़ में बंधी दिखाई देती है। यही कारण है कि आज शांति का सबसे बड़ा संरक्षक स्वयं सबसे बड़े सवालों का विषय बन गया है। सबसे बड़ी समस्या है- वीटो शक्ति से पैदा होने वाला शक्ति-असंतुलन। पाँच स्थायी सदस्य देशों के हाथों में केंद्रित यह शक्ति उन्हें किसी भी प्रस्ताव को रोकने का अधिकार देती है, भले वह प्रस्ताव मानवीय त्रासदी को रोकने जितना आवश्यक ही क्यों न हो। यही कारण है कि गाज़ा में हज़ारों बच्चों की मौतें हों, यूक्रेन में शहरों के शहर तबाह हो जाएँ या म्यांमार में लोकतांत्रिक संस्थाओं का विनाश हो- सुरक्षा परिषद् अक्सर पक्षाघात की स्थिति में दिखाई देती है। यह एक ऐसे दरवाज़े का दृश्य बन गया है जिसके बाहर सहायता की गुहार लगाने वाले लाखों लोग खड़े होते हैं लेकिन उस दरवाज़े को खोलने की चाबी कुछ सीमित देशों के हाथों में होती है, जो अपने राष्ट्रीय हितों को वैश्विक शांति से ऊपर रख देते हैं।

सवाल यहाँ से आगे बढ़ता है- क्या शांति किसी राष्ट्र के हितों से छोटी हो सकती है? क्या हत्या और भूख से जूझते लोग किसी स्थायी सदस्य की भू-नीति के कारण मृत्यु के लिए छोड़ दिए जाएँ? क्या संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संगठन का उद्देश्य केवल औपचारिक बयान देना रह गया है? ये प्रश्न आज तीखे होते जा रहे हैं क्योंकि दुनिया भर में मीडिया, नागरिक समाज और शांति विशेषज्ञ लगातार महसूस कर रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र की नैतिक शक्ति का क्षरण हो चुका है।

दूसरी समस्या है, इस संस्था की संरचना का अप्रतिनिधिक होना। दुनिया साल 1945 से अब पूरी तरह बदल चुकी है, लेकिन यूएनएससी की संरचना लगभग जड़वत है। अफ्रीका, जो संघर्षों का केंद्र भी है और शांति के लिए सर्वाधिक योगदान भी देता है, उसका कोई स्थायी प्रतिनिधि नहीं है। भारत जैसा विशाल लोकतंत्र, जिसके योगदान शांति रखरखाव से लेकर मानवीय सहायता तक व्यापक हैं, उसे भी अब तक स्थायी सदस्यता नहीं मिली है। यह एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था का संकेत है जो वास्तविकता से कट चुकी है। जहाँ वैश्विक शक्ति-मानचित्र बदल गया है- चीन का उदय हुआ, भारत आर्थिक व राजनीतिक रूप से नई ऊँचाइयों पर पहुँचा, अफ्रीका उभरती संभावनाओं का महाद्वीप बन गया, लातिन अमेरिका राजनीतिक रूप से अधिक मुखर हुआ- वहाँ सुरक्षा परिषद् अब भी साल 1945 की मानसिकता में फंसी है। परिणामस्वरूप, कई देश इसे वैध के बजाय केवल पुरानी व्यवस्था का अवशेष समझने लगे हैं। तीसरी समस्या है, शांति अभियानों की राजनीतिक विफलता। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों ने कई जगह हिंसा को रोका जरूर परंतु राजनीतिक स्थिरता नहीं ला सके। यह ऐसा था मानो किसी टूटते हुए घर की दीवार पर रंग तो कर दिया जाए लेकिन दरारों की मरम्मत न की जाए। शांति केवल बंदूकें शांत कर देने से नहीं आती; यह आती है संवाद, समावेशन, शासन-सुधार और समाज के भीतर विश्वास पैदा करने से। लेकिन संयुक्त राष्ट्र का तंत्र शांति स्थापना और राजनीतिक समाधान को एकीकृत नहीं कर पाता।

### विचार

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को फांसी की सजा



**गौरतलब है कि शेख हसीना पर पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप तय किए गए थे। पिछले साल अगस्त से ही शेख हसीना भारत में निर्वासन में रह रहीं हैं। जिन हालात में उन्होंने यहां शरण ली थी, उसमें उनकी जान पर खतरा साफनजर आ रहा था। शेख हसीना के घर पर जिस तरीके से लूटपाट हुई, उनकी निजी वस्तुओं के साथ प्रदर्शनकारियों ने अभद्रता दिखाई, उससे जाहिर हो रहा था कि बांग्लादेश में शेख हसीना किसी भी तरह सुरक्षित नहीं हैं। भारत में रहकर भी उन्होंने लंबे वक्त तक चुप्पी साधे रही और पिछले दिनों ही कुछेक मीडिया संस्थानों को अपने वक्तव्य दिए।**

बांग्लादेश एक बार फिर 70 के शुरुआती दशक वाली उथल-पुथल के दौर के गुजर रहा है। फ़र्क़ यही है कि अब पाकिस्तान उसका करीबी है और उसे बनाने वाले भारत को वह संदेह की नजर से देख रहा है। क्योंकि इस समय पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना यहां की शरणागत हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी पाते हुए मौत की सजा सुनाई है। दक्षिण एशियाई देशों में राजनैतिक हत्याओं और विरोधियों को मृत्युदंड के दृष्टांत पहले भी हुए हैं।

गांधीजी से लेकर जनरल आंग सान, एस.डब्ल्यू.आर.डी. भंडारनायके, जुल्फीकार अली भुट्टो, शेख मुजीबुर्रहमान, जिया उल हक, रणसिंघे प्रेमदासा, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, बेनजीर भुट्टो जैसे कई नेताओं की उनके राजनैतिक विरोधियों ने बेरहमी से हत्या की है। इन नेताओं से पूंजीवादी, औपनिवेशिक ताकतों को चुनौती मिलती रही, या इन्होंने पश्चिमी ताकतों की कठपुतली बनने से इंकार कर दिया, जिसके जवाब में उन्हें अकाल मौत दी गई। लेकिन वह सब पिछली सदी की बातें थीं। इस नयी सदी में 2006 में सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ाया गया, तब अमेरिका की नीयत पर सवाल उठे थे कि व्यापक संहार के वे हथियार तो इराक से कभी मिले ही नहीं, जिनके शक पर समूचे इराक को बर्बाद किया गया और सद्दाम हुसैन को फांसी दी गई। लेकिन अब सदी के 25वें साल में आकर भी तीसरी दुनिया के देश ऐसी ही साजिशों का शिकार हो रहे हैं, यह देखना दुखद है।

गौरतलब है कि शेख हसीना पर पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप तय किए गए थे। पिछले साल अगस्त से ही शेख हसीना भारत में निर्वासन में रह रहीं हैं। जिन हालात में उन्होंने यहां शरण ली थी, उसमें उनकी जान पर खतरा साफ नजर आ रहा था। शेख हसीना के घर पर जिस तरीके से लूटपाट हुई, उनकी निजी वस्तुओं के साथ प्रदर्शनकारियों ने अभद्रता दिखाई, उससे जाहिर हो रहा था कि बांग्लादेश में शेख हसीना किसी भी तरह सुरक्षित नहीं हैं। भारत में रहकर भी उन्होंने लंबे वक्त तक चुप्पी साधे रही और पिछले दिनों ही कुछेक मीडिया संस्थानों को अपने वक्तव्य दिए। इधर बांग्लादेश में शेख हसीना के धुर विरोधी मो.युनूस अंतरिम सरकार के मुखिया बने हुए हैं, लेकिन उनसे हालात संभाले नहीं गए। साफ नजर आ रहा है कि मो.युनूस बाहरी ताकतों के दबाव में रहकर काम कर रहे हैं। जिस पाकिस्तान से अपमान, उपेक्षा, भेदभाव और क्रूरता के कारण बांग्लादेश अलग हुआ, जिसके लिए लाखों लोगों ने कुर्बानी दी। शेख हसीना का लगभग पूरा परिवार बांग्लादेश बनाने की राह में कुर्बान हुआ, उनके पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान ने मौत सामने देखकर भी अपना देश नहीं छोड़ा, ऐसी तमाम कुर्बानियों का अब मखौल उड़ाया जा रहा है। पाकिस्तान की सैन्य ताकतों से बांग्लादेश चलाने वाले हाथ मिला चुके हैं। पाकिस्तान में भी सैन्य प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर संविधान संशोधन करवाकर फिर सैन्य तानाशाही बनाने का रास्ता खोल रहे हैं। पाकिस्तान के लोकतंत्र समर्थक लोग इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन यह सब नक्कारखाने में तूती की आवाज साबित हो रहा है। इस माहौल में अगर शेख हसीना को उन की गैर मौजूदगी में मामला चलाकर फांसी की सजा सुनाई जा रही है, तो यह आश्चर्यजनक तो नहीं है, लेकिन सावधान होने का संकेत अवश्य है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल इन पड़ोसी देशों की अस्थिरता, राजनैतिक उथल-पुथल हर तरह से भारत को प्रभावित करती है, क्योंकि हमारा न केवल इतिहास साझा है, बल्कि सीमाएं भी साझा हैं।गौरतलब है कि बांग्लादेश में जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 ने शेख हसीना समेत तीनों अभियुक्तों को दोषी पाया है। शेख हसीना पर लगाए गए पांच में से दो मामलों में मौत की सजा दी गई है जबकि दूसरे मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई है। उनके साथ पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी मौत की सजा सुनाई गई है। असदुज्जमां भी अभी भारत में ही हैं। वहीं पूर्व आईजी पुलिस अब्दुल्ला अल मनून को सरकारी गवाह बन गए तो उन्हें पांच साल की सजा सुनाई गई है।

## राशिफल





**मेषः-** पुराने गलतियो से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरे से परिजनो के दिल में जगह बनावें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**बृषभः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरे में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहो की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्कः-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा।

**सिंहः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुलाः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय ब्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम तिब्र होगा।

**वृश्चिकः-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

**धनुः-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओ के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी।

**मकरः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**मीनः-** मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# अधर में लटका हुआ है अमेरिका का भविष्य

**सीमा सिरोही**

**दिलचस्प बात यह है कि ये प्रमुख आवाजें खुद भी आपस में कई तरह की लड़ाइयों में उलझी हुई हैं। मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन)की रानी लॉरा लूमर, जिनकी खुशी ही तय करती है कि दरबार में किसे बैठना है, टकर कार्लसन के साथ एक तरह की 'सर्वाइवर' प्रतियोगिता में हैं जो 'मागा' के भविष्य का मालिक बनना चाहता है। कार्लसन पर यहूदी-विरोधी होने का आरोप लगाया गया है जब उन्होंने पूछा था कि क्या इसराईल के लोग वाकई चुने हुए लोग हैं या यह 'ईसाई पाखंडों में सबसे पुराना' है। 'मागा' वर्ल्ड कम तीव्रता वाले भूकंपों का सामना कर रहा है और ऐसे सवालों पर बिखर रहा है जिन्हें कई लोग खुले तौर पर उठाना मुश्किल समझते हैं।**

डैमोक्रेट्स की उधेड़ बुन डैमोक्रेटिक पार्टी के लिए अपने आंतरिक और बाहरी संघर्षों को दर्ज करने का एक सदाबहार शीर्षक रहा है। लेकिन क्या होगा जब डोनाल्ड ट्रम्प की देशभक्ति और पूर्ण प्रभुत्व के बावजूद रिपब्लिकन पार्टी का पतन हो जाए? दोनों पक्षों की अव्यवस्था को औद्योगिक स्तर पर सफाई की जरूरत है। लेकिन और भी रिसाव की उम्मीद है। गहरे भू-राजनीतिक उतार-चढ़ाव के दौर में यह आत्मविश्वास जगाने वाला नहीं है लेकिन अमरीकी राजनीति में एक बिल्कुल नए युग की शुरुआत हो सकती है।

दोनों दलों की आत्मा की लड़ाई खतरनाक रूप से वास्तविक होती जा रही है क्योंकि सीमांत झगड़े केंद्र में आ रहे हैं। अमरीका का भविष्य अधर में लटका हुआ है। युवा वामपंथी डैमोक्रेट्स पुराने मध्यमार्गियों को चुनौती दे रहे हैं। 2026 के मध्यावधि चुनावों से पहले उन्हें परास्त करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि वर्जीनिया और न्यू जर्सी में मध्यमार्गियों ने गवर्नरशिप जीती लेकिन न्यूयॉर्क मेयर चुनाव में जोहरान ममदानी की जीत ने सबसे ज्यादा चर्चा बटोरी। समाजवादी बड़े शहरों के कॉलेज-शिक्षित उदारवादियों के साथ हैं। लेकिन क्या वे देश के अन्य 'कम विकसित' हिस्सों में टिक पाएंगे? क्या ममदानी, अलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज उर्फ ए.ओ.सी. और उनके गॉडफादर बर्नी सैंडर्स आगे चलकर डैमोक्रेट्स की पहचान बनेंगे? क्या मध्यमार्गी रद्द हो जाएंगे? यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन आशावादी लोग जोर देकर कहते हैं कि डैमोक्रेट्स 'घटाव का नहीं, जोड़ का खेल' खेल रहे हैं। हर जिला, हर लड़ाई अनोखी होती है और स्थानीय मुद्दों पर ही तय होगी। जितने ज्यादा लोग होंगे, उतना ही अच्छा होगा और तंबू भी बड़ा होगा। नीले रंग की जीत दर्ज होने और जश्न शुरू होने में बमुश्किल ही समय लगा था कि गृहयुद्ध तेज हो गया। पार्टी का एक बड़ा हिस्सा शटडाऊन के 'विश्वासघात' पर गुस्से से भड़क उठा।

7 डैमोक्रेट सीनेटरों ने इसे खत्म करने के लिए रिपब्लिकन के साथ वोट दिया। सरकार को फि र से घेरने के उनके वोट से उन्हें स्वास्थ्य सेवा सबसिडी पर कोई गारंटी नहीं मिली, यही मुख्य कारण था कि डैमोक्रेट्स ने यह रुख अपनाया। इसीलिए गुस्सा और आरोप-प्रत्यारोप दिखे। मीडिया से मिली भारी मदद के बावजूद, ट्रम्प के बहाने काम नहीं आ रहे हैं। 33 प्रतिशत तक गिर चुकी अनुमोदन रेटिंग के साथ, वह जो बाइडेन के 'सीमा नियंत्रण में है' वाले भ्रम के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वह व्हाइट हाऊस में बॉलरूम और बाथरूम बनवाने, ग्रेट गैट्सबी थीम वाली पाष्र्टयां करने और दुनिया भर में हवाई यात्रा करने में ज्यादा व्यस्त हैं, नोबेल शांति पुरस्कार की उनकी चाहत की तो बात ही छोड़ दीजिए। वह जानते हैं कि उनके नीचे की जमीन हिल रही है, भले ही वह दावा करें कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। प्रमुख आवाजें एच.1बी वीजा, इसराईल को सहायता, पूर्व आतंकवादी से सीरियाई राष्ट्रपति बने अहमद अल-शरा को व्हाइट हाऊस में आमंत्रित करने और घरेलू मुद्दों पर विदेश नीति को तरजीह देने के उनके रुझान को लेकर ट्रम्प को चुनौती दे रही हैं।

दिलचस्प बात यह है कि ये प्रमुख आवाजें खुद भी आपस में कई तरह की लड़ाइयों में उलझी हुई हैं। मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन)की रानी लॉरा लूमर, जिनकी खुशी ही तय करती है कि दरबार में किसे बैठना है, टकर कार्लसन के साथ एक तरह की 'सर्वाइवर' प्रतियोगिता में हैं जो 'मागा' के भविष्य का मालिक बनना चाहता है। कार्लसन पर यहूदी-विरोधी होने का आरोप लगाया गया है जब उन्होंने पूछा था कि क्या इसराईल के लोग वाकई चुने हुए लोग हैं या यह 'ईसाई पाखंडों में सबसे पुराना' है। 'मागा' वर्ल्ड कम तीव्रता वाले भूकंपों का सामना कर रहा है और ऐसे सवालों पर बिखर रहा है जिन्हें कई लोग खुले तौर पर उठाना मुश्किल समझते हैं। अमरीका को इसराईल का समर्थन क्यों करना चाहिए? आप्रवासन समाज पर क्या असर डाल रहा है? विरासत वाले अमरीकी (श्वेत नागरिक) कितना 'भूरापन' झेल सकते हैं? क्या हिटलर 'कूल' था? 'ग्रॉयपर्स' की दुनिया में आपका स्वागत है, यह शब्द निक फ्यूएंट्स के अनुयायियों के लिए है। निक फ्यूएंट्स एक अति-दक्षिणपंथी, श्वेत राष्ट्रवादी पॉडकास्टर हैं, जिनके बयानों ने न केवल विनम्र रूढ़िवादियों को बल्कि कट्टरपंथी 'मागा' के भीतर भी कई लोगों को झकझोर दिया है। कुछ हद तक प्रचार की चाहत में, कुछ हद तक सत्ता-विरोधी साख साबित करने की निरंतर जरूरत से प्रेरित और कुछ हद तक जो भी घटिया कीचड़ मिल सके उसमें हाथ डालने वाले फ्यूएंट्स इस जटिल दुनिया को समझने की चाह रखने वाले कई लोगों के लिए एक ऑनलाइन गुरु हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### विद्यालयों को निपुण बनाने पर हुई चर्चा



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** इंगोहटा न्याय पंचायत के विद्यालयों के शिक्षकों की संकुल शिक्षक बैठक प्राथमिक विद्यालय बिलहडी में आयोजित की गई एकेडमिक रिसोर्स परसन अकबर अली ने शिक्षक शिक्षिकाओं को निपुण प्लस, विद्यालय एप, बच्चों के आकलन, शिक्षक संदर्शिका प्रयोग, टीएलएम, परख सर्वेक्षण, निपुण लक्ष्य, दक्षताएं एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। एआरपी अभिषेक शुक्ला ने गणित टीएलएम, आकलन व एनडीएमसी को बताया। बैठक में विभिन्न विषयांतर्गत शिक्षण सामग्री को लक्ष्मी देवी, रीना राठोर, रिचा, प्रीति, किशोर कुमार, कुसुमा, नौशाद खां, बीनू पुरषोत्तम, गुरमीत कौर, संध्या व राजीव कुमार निगम ने प्रदर्शित कर समझाया। प्रधानाध्यापक रणजीत सिंह ने संचालन किया। इस मौके पर न्याय पंचायत समस्त नामित शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रही।

### झलोखर गांव में काले काम्वल बाले बाबा का रोगी राहत शिविर का आयोजन किया गया



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड के झलोखर गांव में काले कम्बल वाले बाबा का रोगी राहत शिविर का शुभारंभ हो गया है। बाबा द्वारा गांव में स्थित देव स्थानों का भ्रमण कर मंदिर दरवाजे प्रांगण में शिविर का शुभारम्भ किया। इस दौरान दूर दूर से आए लोगों का उपचार किया। क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित मंदिर प्रांगण में रसिक इंटरनेशनल सांस्कृतिक मंडल द्वारा विख्यात काले कम्बल वाले बाबा के राहत शिविर का पांच दिवसीय आयोजित किया गया है। रोगी राहत शिविर के पहले बाबा द्वारा गांव में प्रभात फेरी निकाल कर देव स्थानों को नमन किया। इसके बाद मां भुवनेश्वरी के मंदिर में जाकर आशीर्वाद लेकर शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में आए रोगी लकवा, लंगड़े, बहरे, व मूक बधिर रोगियों का कम्बल उढ़ाकर रोग से राहत दिलाई। इस शिविर में ब्लाक क्षेत्र सहित अन्य प्रदेशों से लोग इलाज के लिए आ रहे है। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक गांव निवासी आचार्य सत्यभूषण दीक्षित रसिक महराज ने बताया कि काले कम्बल वाले बाबा जी 22 नवंबर तक प्रवास करेंगे।

### उधान विभाग में पंजीकृत कृषकों को शंकर शाकभाजी निःशुल्क बीज वितरण कैम्प का आयोजन किया गया



**हमीरपुर।** जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार के निर्देशन में उद्यान विभाग द्वारा सार्वजनिक उद्यान कम्पनीबाग में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत शंकर शाकभाजी कार्यक्रम में जनपद के पूर्व से पंजीकृत कृषकों को शंकर शाकभाजी बीज का नि:शुल्क वितरण कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें कम्पनियों ने स्टाल लगाकर लौकी, तरोई, कद्दू, मसाला मिर्च, शिमला मिर्च, टमाटर, करेला, आदि का निशुल्क बीज वितरण किया गया। सार्वजनिक उद्यान कम्पनीबाग में सैकड़ों कृषकों ने प्रातः 11 बजे से 3:00 बजे तक बीज प्राप्त किया। बीज आपूर्ति कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी के बीज की गुणवत्ता, खेत तैयार करनें व बुआई की विधि तथा सर्दी व पाले से बचाव की विधियों की विस्तार से जानकारी दी तथा बीज लेने आये कृषकों द्वारा भी चयनित फसल से सम्बन्धित अपनी संकाओं का समाधान किया ट्रापिका सीड्स प्रा.लि. व नुजिवीडू सीड्स कम्पनी द्वारा अपनी कई किस्म के बीजों के साथ स्टाल लगाया गया तथा लगभग 6.0 हेक्टे. हेतु टमाटर बीज, 8.00 हेक्टे. हेतु मसाला मिर्च बीज, 2.00 हेक्टे. हेतु शिमला मिर्च, तथा 10 हेक्टे. हेतु कदूवर्गीय (लौकी, तरोई, करेला आदि) के बीज कृषकों को वितरित किये गये। बीज वितरण की सूचना पर कुछ कृषक बिना पूर्व पंजीकरण के भी आये जिनका शेष लक्ष्य के सापेक्ष मौके पर ही पंजीकरण कराकर बीज उपलब्ध कराया गया।

### जिलाधिकारी ने दलहन-तिलहन खरीद केंद्र का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं



**समृद्धि न्यूज श्रीनगर/महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सहकारी संघ श्रीनगर में पीसीएफ द्वारा संचालित दलहन तिलहन खरीद केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि सभी खरीद केन्द्रो पर त्वरित गति वाले इण्टरनेट की व्यवस्था करायें एवं सेंटर पर कांटो एवं ईपॉस मशीन ठीक हों। सभी किसानो को खरीद के बाद ऑनलाइन सिक्स आर पावती देना सुनिश्चत करें। किसानो को अवगत कराया जाये कि वह अपना रजिस्ट्रेशन जनसेवा केन्द्रो के साथ-साथ क्रय केन्दो पर भी करवा सकते हैं। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि केंद्रों में किसानो के लिये पानी आदि की समुचित व्यवस्था रखें। जिला अधिकारी ने मूंगफली में नमी में मात्रा की जानकारी प्राप्त की, जिस पर क्रय केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अधिकतम मात्रा 8 प्रतिशत तक होने पर खरीद की जा सकती है। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व कुंवर पंकज,जिला प्रबंधक पीसीएफ,अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

### एसपी ने जनसुनवाई कर सुनी फरियादियों की समस्याएं

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनपदवासियों की समस्याओं को सुनने एवं उनके त्वरित समाधान हेतु आयोजित इस जनसुनवाई में फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं।पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए फरियादियों को निष्पक्ष, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए, ताकि आमजन का पुलिस पर भरोसा और अधिक सुदृढ़ हो। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद करते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उन्हें सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया तथा निर्भीक होकर अपनी बात रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

### देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**खन्ना/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की बिक्री,परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर तेज प्रकाश सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक हिरामणि तिवारी व कांस्टेबल राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अटघार गांव के पास से लाला पुत्र रामअवतार उम्र 42 वर्ष निवासी इचौली थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को हिरासत में जिसके कब्जे से एक सफेद बोरी मे 17 क्वार्टर देशी शराब ठेका ब्रान्ड मस्तीह बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना खन्ना में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

- जनसुनवाई के दौरान आयीं 89 शिकायतें, अधिकांश मौके पर निस्तारित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 89 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण



हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## ओवरलोड ट्रक वाहनों की लोकेशन देने वाले 24 लोकेटरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के सम्बन्ध में नियमित रूप से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त निर्देशन में अवैध खनन/परिवहन एवं ओवरलोडिंग में संलिप्त लोकेटर्स और इस कार्य में जुडे लोगों के विरुद्ध जांच टीम गठित की गयी। जांच टीम द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर दिनांक 18-11-2025 को थाना कोतवाली हमीरपुर में कुल 10 वाहनों एवं 24 लोकेटर्स के विरुद्ध नामजद एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 49, 132 191(2), 191 (3), 221, 303(2), 318(4), 351 (2), 352 तथा सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान अधिनियम 1984 की धारा-3 एवं 5 तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4 एवं 21 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एफआईआर में लोकेशनकर्ताओं द्वारा अपने भिन्न-भिन्न गाड़ियों से प्रवर्तन वाहनों को 24 घण्टे लोकेशन देते हुये उप खनिजों के अवैध खनन/परिवहन ओवरलोड़िग किये जाने वाले वाहनों को पास कराते हुये राजस्व की चोरी व राजकीय सम्पत्ति की क्षति पहुचाते है। लोकेशनकर्ताओं द्वारा जांच कर रही टीम के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की भी धमकी भी प्रायः दी जाती है। लोकेशन का कार्य वाट्सएप पर तथा भौतिक रुप से आगे-पीछे गाड़ी लगाकर संगठित रुप से गिरोह बनाकर यथा भिन्न-भिन्न स्थानों जैसे मौदहा, राठ, सरीला, चण्डौत, चिकासी जैसे दूरस्थ स्थानों के वाहनों को वाहन स्वामियों के माध्यम से सूचित कर देते है, जिससे अवैध परिवहन ओवरलोड का जांच कार्य प्रभावित होता है। एफआईआर में कई अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जांच टीमों की पल-पल की लोकेशन देने तथा वाट्सएप पर ग्रुप बनाकर 200 से अधिक लोगो को जोड़कर लोकेशन वायस मैसेज व लिखित मैसेज देकर अधिकारियों/जांच टीमों का लोकेशन प्रसारित करते हुये अवैध परिवहन/ओवरलोडिंग का बढावा देते हुये राजकीय सम्पत्ति का चोरी व शासकीय कार्य को प्रभावित करते है। उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर खतरनाक हथियारों से लैस होकर छलपूर्वक, ट्रको से उपखनिजों का अवैध खनन, परिवहन व ओवरलोडिंग करते हुये राजकीय सम्पत्ति की क्षति व राजस्व की चोरी, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर गाली-गलौज व जांच टीम में लगे अधिकारियों के ऊपर हमलावर होकर, जान से मारने की धमकी देने, अबैध खनन/परिवहन करने को दुष्प्रेरित करने वाले वाहनों को बढावा देने के सम्बन्ध में उक्त गिरोह के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

### विद्युत ट्रांसफार्मर दरवाजे पर लगाने की शिकायत मुख्यमंत्री से

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पंधरी की एक महिला ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर घर के दरवाजे पर विधुत ट्रांसफार्मर लगाने का आरोप लगाकर किसी सुरक्षित स्थान पर रखें जाने की मांग की है पंधरी निवासी शिवदेवी ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में अवगत कराया है कि उसके दरवाजे पर गांव की आपूर्ति के लिए विधुत ट्रांसफार्मर लगा दिया है। जिससे हादसे का खतरा उत्पन्न हो गया है। मौजूदा समय में बांदा मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य में विद्युत खंभों को सड़क किनारे से हटाकर दूसरे स्थान पर लगाया जा रहा है। इसको दृष्टिगत रखते हुए उसके दरवाजे पर रखे गए ट्रांसफार्मर को हटाकर किसी सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया जाये ताकि हादसे का खतरा कम हो सके।

## खाद की दुकान में की छापेमारी दुकानदार दुकानें बंद कर भागे

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर समेत क्षेत्र में रवि की फसल की बुवाई का अंतिम समय चल रहा है जिसके चलते किसनों को खाद की अत्यंत आवश्यकता है। क्षेत्र की खाद समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद न होने के चलते बाजार में खाद की दुकानदार किसानों के साथ मनमानी करने पर उतारू है। वर्तमान समय में नगर समय क्षेत्र में खुली निजी खाद की दुकानों पर नकली खाद बेचे जाने के अलावा किसानों से अतिरिक्त पैसे भी वसूली जा रही हैं। इसकी शिकायत किसान समय-समय पर करते रहे हैं। इस मामले पर मंगलवार को उप जिलाधिकारी करणवीर सिंह ने नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित कान्हा खाद भंडार में छापा डाला जहां मौजूद



दुकानदार अपनी दुकान में मौजूद खाद के स्टाक के बारे में सही जानकारी नहीं दे सका जिसके चलते उप जिलाधिकारी ने उक्त खाद की दुकान को सीज कर दिया।उप जिला अधिकारी की इस कार्रवाही से निजी खाद विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। अवगतों की इसके पूर्व भी उप जिलाधिकारी ने नगर की एक चर्चित दुकान पर नकली खाद व खाली बोरियों समेत बोरिया पैक करने वाली मशीन बरामद कर दुकानदार के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया था।

**प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना**

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की बैठक सम्पन्न हुई। इस योजनान्तर्गत आमजनमानस के घरों में सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना की जाती है जिससे आमजनमानस के विद्युत बिलों में कमी आती है। प्रति एक किलो वाट संयंत्र की स्थापना में लगभग रू.60000/-की लागत आती है। एल किलो वाट संयंत्र की स्थापना में 45000/-रूपये, 02 कि.वा. संयंत्र की स्थापना में 90000/-रूपये तथा 03 कि.वा. संयंत्र की स्थापना हेतु 108000/-रूपये की सब्सिडी प्राप्त होती है। इस योजना का लाभ पाने हेतु लाभार्थी के पास वैध (विद्युत बिल बकाया न हो) विद्युत कनेक्शन अनिवार्य है। सोलर पावर प्लान्ट (संयंत्र) को अपने-अपने घरों में स्थापित



कराये जाने हेतु लाभार्थियों को बैंकों द्वारा ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है। डीएम द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारीगणों अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद महोबा,चरखारी एवं नगर पंचायत कुलपहाड़ खरेला/अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग/अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक/क्षेत्रीय प्रबन्धक, आर्यावृत्त बैंक एवं उक्त योजनान्तर्गत पंजीकृत सभी वेण्डर्सों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में उक्त योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाये। इसके अतिरिक्त परियोजना अधिकारी यूपी नेडा महोबा को निर्देशित किया गया कि जनपद में आयोजित होने वाले तहसील दिवसों थाना दिवसों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का स्टॉल/कैनोपी लगाते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त पार्षदों को योजना से अवगत कराते हुए जनसामान्य में उक्त योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। उपायुक्त, उद्योग एवं प्रोत्साहन केन्द्र महोबा के माध्यम से व्यापार मण्डल एवं उद्योग बन्धुओं तक उक्त योजना का प्रचार-प्रसार कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त योजना की अधिक जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु परियोजना अधिकारी यूपी नेडा महोबा के दूरभाष संख्या 9415609039 एवं कलैक्ट्रेट महोबा में स्थापित कन्ट्रोल रूम नं. 05281-298431 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## सरकारी बीज भंडारों में बीज की उपलब्धता पर्याप्त

- 1300 किसानों को नि:शुल्क बीज मिनी किट वितरण किया गया

**मौदहा, हमीरपुर।** रवी फसलों के लिए बीज राजकीय कृषि बीज भंडार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध किसान भाई मटर, चना, मसूर का बीज 50फीसद छूट पर मिल रहा है , बीज के लिए जिन किसानों ने ऑनलाइन किया था उनका निःशुल्क बीज में चना, मटर, मसूर व सरसों का बीज चयनित किसानों को निशुल्क बीज मिनीकिट बाँटा गया, अभी तक लगभग 1300 किसानों को निशुल्क बीज मिनीकिट बांटा गया है। गोदाम प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि इस वर्ष अधिक वर्षा होने के कारण भूमि में नमी ज्यादा है किसान बीजों को कवक नाशी कीटनाशक रसायन दवाइयां से शोधित करके ही बुवाई करे जिससे सड़न की समस्या से बचा जा सके और अंकुरण अधिक मात्रा में हो सके अभी एक सप्ताह तक मटर , मसूर व



15 दिनों तक चना की बुवाई कर सकते हैं। गेहूं की बुवाई का समय चल रहा है मध्यम एवं लेट वैरायटी के गेहूं दिसंबर के तीसरे सप्ताह तक बोए जा सकते हैं गेंहू का बीज भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मदारपुर की महिला किसान सोना ने मशहूर की मिनी कट प्राप्त किया इसी प्रकार पिपरौडा निवासी भूरी ने लाही की मिनीकिट,पाटननपुर किसान नरेंद्र सिंह को अलसी का मिनीकिट अजय सिंह तिंदुही निवासी को मटर का किट नत्थू को लाही का मिनी किट वितरित किए गए परेहटा, कुनेहटा पिपलौदा इचौली आदि किसानों ने बीज भंडार में पहुंचकर बीज की खरीदारी किया।

## संतोष साहू बनाए गए समाजवादी साहू, राठौर महासभा के जिलाध्यक्ष



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी साहू राठौर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दीपचंद गुप्ता द्वारा मुख्यालय के बड़ीहाट मुहल्ला निवासी समाजवादी विचारधारा से ओतप्रोत वर्तमान समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष संतोष साहू को समाजवादी साहू राठौर महासभा का जिला अध्यक्ष नामित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपचंद गुप्ता ने उम्मीद जताई है कि महासभा को मजबूत करने एवं महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों सहित उसकी नीतियों पर चलकर समाज की रक्षा और उन्नति हेतु तन मन धन से कार्य करेंगे। संतोष साहू की जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

## मानसिक पीड़ित महिला ने लगायी फांसी, मौत

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

थाना पनवाड़ी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सरगपुरा में एक पच्चीस वर्षीय महिला ने मानसिक वीमारी से पीड़ित सुन सान कमरे मे छत मे टंगे पंखे से रस्सी का फन्दा डाल फासी के फन्दे पर झूल गयी। परिजनों के कमरे में देखने पर महिला को आनन-फानन टंगी महिला को उतार सीएचसी ले गये। डयूटी रत डाक्टर ने परीक्षण कर मृत्य घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला का पंचनामा भर पीएम को भेजा। परिजनों का रो-रो



कर बुरा हाल बना हुआ है। परिवारजनों के कथन अनुसार जयन्ती पत्नी नवलकिशोर निवासी सरगपुरा उम्र 25 वर्ष जो मानसिक रूप से पीड़ित थी जिसका इलाज काफी समय से चल रहा था जयंती अपनी बीमारी से तंग आ चुकी थी जिसके परिणामस्वरूप आज भोर जब परिवारजन अपने कार्यों में व्यस्त हो गये उसी समय एकान्त पा छत में लगे फंखे में रस्सी का फन्दा डाल अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। कमरे में महिला को परिजनों ने टंगा देखा तब आनन-फानन जयंती को सीएचसी ले गये जहां डयूटीरत डाक्टर पवन राजपूत ने महिला का परीक्षण कर मृत्य घोषित कर दिया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी पुलिस ने महिला का पंचनामा भर पीएम को भेजा महिला अपने पीछे दो मासूम परी 5 वर्ष रिशभ 3 वर्ष को छोड़ गयी। परिजनों का रो-रो कर वुरा हाल वना हुआ है।



## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1335/ई.ई.-3/जी.एल.-7/2025-26 दिनांक- 18.11.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 25.11.2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 25.11.2025 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदाएं उसी दिन अधोहस्ताक्षरी में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 250mm dia sewar line 50 mtr from H.No. 1/209 to H.No.1/221 Sec-J Jankipuram Lko | 7500.00 | 400 | 30 दिवस |
| 2. | Laying of 250mm dia sewar line 50 mtr from H.No. 1/580 to H.No.1/594 Sec-J Jankipuram Lko | 7500.00 | 400 | 30 दिवस |
| 3. | Laying of 250mm dia sewar line 40 mtr from H.No. 1/676 to H.No.1/691 Sec-J Jankipuram Lko | 6800.00 | 400 | 30 दिवस |
| 4. | Laying of 250mm dia sewar line 40 mtr from H.No. 1/410 to H.No.1/415 Sec-J Jankipuram Lko | 6800.00 | 400 | 30 दिवस |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**


# पूर्व मंत्री एवं अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पार्टी पदाधिकारियों ने किया स्वागत

- भाजपा सरकार पर बरसे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य
- समाज को बांटने की राजनीति कर रही वर्तमान सरकार: स्वामी प्रसाद मौर्य

**अजनर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हिंदू मुस्लिम को बांटने का आरोप लगाया है। आज मंगलवार को अजनर में अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



स्वामी प्रसाद मौर्य का स्वागत समारोह बस स्टैंड पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता हिंदू मुस्लिम के नारे से जनता को गुमराह कर रहे हैं, तथा संविधान बदलने की कोशिश में लगे हैं, कहा कि



लोकसभा चुनाव में भाजपा कह रही थी कि अबकी बार 400 पर लेकिन जनता ने इनको सबक सिखा दिया और उनकी बैसाखी वाली सरकार बनी। इस बात के लिए मैं जनता धन्यवाद देता हूँ क्योंकि आम जनता को विकास चाहिए बटवारा नहीं। इस कार्यक्रम में गिनती के लोग ही देखें जबकि उनके साथ चल रहा काफिला ज्यादा था यहां कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन की कोशिश की लेकिन पुलिस की सक्रियता से प्रदर्शनकारी यहां से भाग गए और कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया।

### युवाओं ने पूर्व मंत्री को काले झंडे दिखा जताया विरोध

**अजनर।** जनपद के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन अजनर क्षेत्र में निर्धारित कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद झाँसी की ओर जा रहे पूर्व मंत्री को हिन्दू संगठन से जुड़े युवाओं ने थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम इन्द्रहटा में काले झंडे दिखाकर विरोध जताया।

# ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी... कप्तान के सख्त हुए तेवर, 19 पर कराया मुकदमा दर्ज

**डॉ. यशवीर सिंह का सख्त निर्देश सुधर जाओ**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ऐसे असामाजिक तत्व जो समाज के साथ-साथ सरकार की भी छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं उन पर कड़ा रुख अपनाते हुए कार्यवाही कर रही है और जब सरकार की मंशा के अनुरूप अधिकारी सरकार को मिल जाए तो सोने पर सुहागा हो जाता है। रायबरेली के पुलिस कप्तान डॉक्टर यशवीर सिंह सरकार की मंशा को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं। ओवरलोड वाहनों को लेकर सरकार लगातार कार्यवाही के मूड में दिख रही है बीते दिनों उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने खनन और परिवहन विभाग के अफसरों व दलालों के गठजोड़ का बड़ा भंडाफोड़ किया है। ओवरलोड ट्रकों से 5 से 10 हजार रुपये लेकर उन्हें बेरोक-टोक पास कराने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। रायबरेली, फतेहपुर और उन्नाव जिलों में एसटीएफ की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। तीनों जिलों में कुल 22 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें एआरटीओ के कर्मचारी, ड्राइवर और कई दलाल शामिल हैं।

**एफआईआर में अफसरों के नाम गायब**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिन अफसरों के नाम पूछताछ में सामने आए, उनके नाम एफआईआर में नहीं दर्ज किए गए हैं। रायबरेली में एआरटीओ के ड्राइवर सुनील यादव और दीवान समेत पांच लोगों पर केस दर्ज हुआ है। फतेहपुर में खनन अधिकारी (अज्ञात), उनके गनर राजू खान, दलाल मुकेश तिवारी, धीरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह और आरटीओ के ड्राइवर बब्लू पटेल पर एफआईआर दर्ज हुई है। उन्नाव में एसटीएफ दरोगा राहुल परमार की तहरीर पर 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, जिनमें एआरटीओ, पीटीओ और उनके हमराही सिपाही शामिल हैं।

**एसटीएफ की कार्रवाई से विभागों में मचा हड़कंप**

तीनों जिलों में हुई इस कार्रवाई के बाद परिवहन और खनन विभागों में हड़कंप मचा हुआ है। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक, अभी और अफसरों पर शिकंजा कस सकता है।

**रायबरेली और फतेहपुर में मोरंग ट्रकों से होती थी वसूली**

एसटीएफ की जांच में खुलासा हुआ कि बांदा से आने वाले मोरंग लदे ट्रकों से लालगंज के मोहित सिंह और अयोध्या के सुशील सिंह 5 से 10 हजार रुपये प्रति ट्रक वसूलते थे। इनकी सेटिंग रायबरेली और फतेहपुर के एआरटीओ और उनके कर्मचारियों से थी। वसूली की रकम का बड़ा हिस्सा अधिकारियों तक पहुंचता था। एसटीएफ ने दोनों दलालों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो कई नाम सामने आए। दलालों ने बताया कि जिन ट्रकों से वसूली हो जाती थी, उन्हें एआरटीओ या पीटीओ नहीं रोकते थे। खनन अफसरों की मिलीभगत भी उजागर हुई है।

**उन्नाव में आधी रात हुई छापेमारी**

उन्नाव में मंगलवार रात करीब ढाई बजे एसटीएफ ने गदनखेड़ा बाईपास पर छापा मारकर 5 दलालों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 13,800 रुपये नकद, सात मोबाइल, एक ट्रक और दो कारें बरामद की गईं। दलालों के पास से 350 ट्रकों की सूची भी मिली, जिन पर कोई चालान नहीं होता था। पूछताछ में दलाल मो. तारिक हुसैन ने खुलासा किया कि वह एआरटीओ संजीव कुमार, एआरटीओ प्रतिभा गौतम और पीटीओ को सैफर किदवई के स्टाफ को प्रति ट्रक 2,500 रुपये देता था। वहीं, कानपुर के पूर्व एआरटीओ अंबुज सिंह के आदमी निर्भय सिंह को 11,000 रुपये प्रति ट्रक दिया जाता था।

# आबकारी विभाग की दबिश, 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



संचालित विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक की टीम द्वारा तहसील सदर के थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विविपायपुर एवं अहियारायपुर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान टीम ने 75 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की तथा लगभग 350 किलोग्राम महुआ लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 03 अभियोग पंजीकृत किए गए। जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक लगाने हेतु ऐसी सतत एवं सख्त कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# उप मंडी स्थल पर 6 केन्द्रों पर किसान बेच रहे धान

**1 लाख 62 के सापेक्ष मे 9000 कुंतल की हुई तौल**



**महराजगंज,रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उप मंडी स्थल महराजगंज मे किसानों के लिए 6 क्रय केंद्रों को खोला खोला गया है। जिसमें पहुंचकर किसान अपना धान बेच रहे हैं। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी रोहित द्विवेदी ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा 6 क्रय केंद्रों को खोला गया है क्षेत्रीय विपणन अधिकारी ने बताया कि हमारे यहां एक लाख 62 हज़ार कुंतल का लक्ष्य है जिसके सापेक्ष में अभी तक 9000 हजार कुंतल तौल हो चुकी है। किसान अपना धान 1 नवंबर से लेकर 28 फरवरी तक बेच सकते हैं किसानों द्वारा अबकी बार 2369 रुपए प्रति कुंतल की दर से खरीददारी की जा रही है। और हमारे अधिकारी कर्मचारी पूरी तन्मयता के साथ लगे हुए हैं। जिसमें सौरभ गुप्ता विपणन निरीक्षक बृजेश प्रताप सिंह राजेश प्रताप सिंह क्षेत्रीय विपणन राघवेंद्र सिंह विपणन निरीक्षक पुनीत सिंह विपणन निरीक्षक द्वारा पूरी तत्परता के साथ किसानों के धान की तौल की जा रही है व शासन की मंशा के अनुसार केन्द्रों को चलाया जा रहा है।



# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रायबरेली।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गशन में महात्मा गांधी इंटर कालेज में नशा मुक्त भारत अभियान एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल द्वारा बालक एवं बालिकाओं को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई जैसे कन्या सुमंगला योजना,बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन,योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह द्वारा बाल विवाह से होने वाली हानियो एवं कानून की जानकारी दी गई बच्चो को शिक्षा के महत्व के बारे मे भी बतया गया। पूजा तिवारी जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा बाल/बालिकाओं को समस्त हेल्प लाइन नंबर आदि की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक व क्षिशिकाए एवं छात्र/छात्राए उपस्थिति रहे।

# ब्लॉक अध्यक्ष के भाई की मृत्यु के उपरांत एनसीपी नेता प्रवीण सिंह ने घर पहुंचकर जताया दुख

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एन सी पी के प्रदेश महासचिव व लहरपुर विधानसभा प्रभारी प्रबीण कुमार सिंह ने ब्लॉक अध्यक्ष अरोज गिरी के बड़े भाई मनोज गिरी की एक्सीडेंट में मृत्यु की खबर पाते ही तुरन्त ग्राम पंचायत सेमरावां विकास खण्ड सकरनं पहुंचे और उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुऐ ढांढस बंधाते हुऐ मृतक मनोज गिरी की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त किया और परिवार को ढांढस बंधाते हुऐ और अवशासन दिया की पीड़ित परिवार की हर प्रकार मदद किया जायेगा और उत्तर सरकार की तरफ से आर्थिक मदद दिलाये जाने का प्रयास किया जायेगा प्रदेश महासचिव प्रबीण कुमार सिंह के साथ जिला अध्यक्ष ललित सिंह संतोष शुक्ला गुड्डू भार्गव नसीम गाजी संतोष कुमार रस्तोगी सुनील गिरी विनोद गिरी संतोष गिरी ब्रजमोहन गिरी विनोद शुक्ला सरोज गिरी आदि पार्टी के काफी कार्यकर्ता मौजूद थे।

किसान दिवस का आयोजन20 को सीतापुर ।उप कृषि निदेशक ने बताया कि शासनादेश दिनांक-15 नवम्बर 2019 के द्वारा किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु किसान दिवस जनपद स्तर पर मनाये जाने के निर्देश है। उक्त के क्रम में माह नवम्बर 2025 के किसान दिवस का आयोजन दिनांक-20.11.2025 समय दोपहर 01.00 बजे से विकास भवन सभागार, सीतापुर में किया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### विधायक के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर विधायक दिनेश रावत के नेतृत्व में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे गंगापुर से पूर्व माध्यमिक विद्यालय दहिला तक विशाल राष्ट्रीय एकता पदयात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री सुरेश राही ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंत्री सुरेश राही ने कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता और अखंडता के सजग प्रहरी थे। उन्होंने आजादी के आंदोलन में योगदान देने के साथ-साथ बिखरी हुई रियासतों का अखंड भारत में विलय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ब्लॉक प्रमुख आरती रावत जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल प्रधान अरुण शुक्ला मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा सचिन वर्मा मोनू सिंह एडवोकेट प्रदीप बाजपेई प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह राहुल सिंह चौहान पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह चंदन सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पंकज दीक्षित पूर्व प्रधान कुशमेश मिश्रा सहित हजारों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हमलावरों ने पूर्व नगर अध्यक्ष पर किया हमला

**बिसवां,सीतापुर समृद्धि न्यूज।** भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार रस्तोगी पर सुबह सैर के दौरान अज्ञात हमलावर ने लाठियों से हमला कर दिया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मोहल्ला पुरवारी टोला निवासी रस्तोगी प्रतिदिन की तरह सुबह करीब पाँच बजे शीतला देवी मंदिर से होते हुए पत्थर शिवाला धाम जा रहे थे। तभी सियाल मेडिकल स्टोर के पास एक अज्ञात हमलावर ने उन पर लाठी से वार कर दिया। घटना के बाद घायल रस्तोगी ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी बिसवां पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल उनका इलाज जारी है। मनसाराम चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### विवाद में पति ने काटी पत्नी की नाक, लखनऊ रेफर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र बाजार शुक्ल के अंतर्गत दक्खिनगाँव पूरे लरई दुबे में एक पति ने कहासुनी के दौरान अपनी पत्नी की पिटाई की और उसकी नाक को अपने दांतों से काट कर अलग कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल और फिर हालत नाज़ुक होने पर रायबरेली एम्स के लिए रेफर किया गया। घटना मोहनगंज थाना क्षेत्र के राजा फत्तेपुर निवासी लीलावती साहू की 30 वर्षीय बेटी सुनीता साहू के साथ हुई। सुनीता का विवाह लगभग 10 वर्ष पहले राजेंद्र साहू से हुआ था। दंपति के तीन नाबालिग बच्चे हैं। पीड़िता की माँ लीलावती की तहरीर के अनुसार, सोमवार को शाम करीब 4 बजे पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई। इस दौरान राजेंद्र ने पहले सुनीता को गालियाँ दीं, फिर लात-घूँसों से पिटाई की। आरोप है अपने ही दांतों से पत्नी की नाक काटकर अलग कर दिया। पीड़िता की माँ ने लिखित शिकायत देकर आरोपी पति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की गंभीरता को देखते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस जांच करते हुए आरोपी पति की तलाश कर रही है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता पदयात्रा आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 की जन्म जयंती अभियान के अंतर्गत सेवता विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश के महामंत्री व सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एकता पदयात्रा में भाजपा नेताओं के साथ-साथ स्थानीय समाजसेवी राष्ट्रभक्त एवं जन सामान्य की बड़ी भागीदारी रही। यात्रा उपरांत सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता ने बताया कि सरदार पटेल द्वारा भारत को मजबूत एवं अखंड करने के लिए जो योगदान दिया गया है वह अमूल्य एवं अभूतपूर्व रहा है सरदार पटेल प्रत्येक भारतवासी की धरोहर है भारतीय जनता पार्टी का यह प्रयास है कि हम सभी महापुरुषों के सम्मान में स्वयं को समर्पित रखें एवं उनके बताए हुए मार्ग को आत्मसात करते हुए राष्ट्र के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में बोलते हुए सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने बताया की सरदार पटेल द्वारा 526 रियासतों को भारत में मिलाकर भारत को अखंड बनाया गया और यह अखंडता अजर अमर है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ सरदार पटेल के बताएं मार्ग पर भारत के विकास को अग्रसर कर रहे हैं और हम सभी सरदार साहब की विरासत को सजोने का कार्य कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी का बच्चा-बच्चा सरदार पटेल को अपना आदर्श मानता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सरदार पटेल की जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी देश की सभी विधानसभाओं में एकता पदयात्रा आयोजित कर रही है इस पदयात्रा का एक ही उद्देश्य है कि भारत के सभी नागरिक एकता के सूत्र में पिरोए जाएं। ताकि दुनिया हमारी अखंडता की शक्ति का अनुभव कर सके और हमारा भारत दुनिया का सिरमौर बन सके इस अवसर पर सेवता विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता पदाधिकारी व जन सामान्य उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता नितेश सिंह ने किया दुग्ध संग्रहण केंद्र का शुभारंभ



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर ख़रसतिया गांव के निकट दुग्ध संग्रहण केंद्र एवं बर्फ खाना का उद्घाटन मानस इंटरप्राइजेज के मालिक अधिवक्ता नितेश सिंह द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता नितेश सिंह ने कहा कि यह केंद्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और डेयरी किसानों को बेहतर सहयोग देने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। स्थापित किए गए इस संग्रहण केंद्र से क्षेत्र के किसानों को समय पर दुग्ध संग्रहण, उचित मूल्य, शीत श्रृंखला सुविधा और स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनमोहन सिंह अभिषेक सिंह राम जी प्रधान अलगू सिंह प्रधान सोनू सिंह अनूप सिंह अतुल सिंह शिवेंद्र सिंह जयप्रकाश सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं किसान उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का हुआ आयोजन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मंगलवार को गौरीगंज नगर में यूनिटी मार्च पदयात्रा एवं जनसभा का भव्य आयोजन किया गया। पदयात्रा की शुरुआत मुसाफिरखाना तिराहे से हुई, जो सब्जी मंडी एवं हनुमान तिराहा होते हुए मटियारी भवन पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं अमेठी जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल की अदम्य साहस, अद्भुत दूरदृष्टि और मजबूत इच्छाशक्ति ने देश को एकजुट किया। मंत्री ने उपस्थित जनसमूह से राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की तथा संयोजन की जिम्मेदारी पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी ने निभाई। दोनों नेताओं ने अपने संबोधन में संगठन, एकता और जनसंवाद की निरंतरता पर बल दिया। जनसभा में पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, डॉ.आरए. वर्मा, जिला महामंत्री केशव सिंह, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, मेरा युवा भारत अमेठी की जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभाग किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण उत्साहपूर्ण और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

### तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त उमेश यादव पुत्र शिवबहादुर यादव निवासी ग्राम हारीपुर को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा व 3 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एक ही बिल बाउचर पर करोड़ों के भुगतान की हो जांच, सौंपा पत्र



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद सीतापुर के विकास खंड बिसवां व पिसावां में क्षेत्र पंचायत में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है? जिस संबंध में राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिला अध्यक्ष/ कार्यकारी अध्यक्ष अवध क्षेत्र उत्तर प्रदेश एस के तूफानी के द्वारा जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई! श्री तूफानी ने बताया कि खंड विकास अधिकारी बिसवां के द्वारा एक ही बिल बाउचर अपलोड कर लगभग एक करोड रुपए से अधिक का भुगतान किया गया है। विकासखंड पिसावा में एक ही बिल अपलोड कर विभिन्न कार्यों पर करोड़ों रुपए का भुगतान किया गया है। एक ही सत्र में विभिन्न कार्यों के नाम पर भुगतान किया गया है यदि विकासखंड बिसवां व पिसावा के पूरे वित्तीय सत्र में किए गए भुगतान की जांच की गई तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर होगा। विकासखंड बिसवा व पिसावा में क्षेत्र पंचायत में कराये गए समस्त कार्यों व भुगतानो में खंड विकास अधिकारी के द्वारा विभिन्न कार्यों के नाम पर कई करोड़ से अधिक रुपए के भुगतान पर एक ही बिल अपलोड कर या बिना बिल अपलोड किए शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए भुगतान किया गया है। खंड विकास अधिकारी बिसवां व पिसावा द्वारा अपने कार्यकाल में बड़े पैमाने में फर्जीवाड़ा किया है। जिसकी जांच होना चाहिए। विकासखंड बिसवां व पिसावा में क्षेत्र पंचायत में कराए गए समस्त भुगतानों की जाँच कर उचित कार्यवाही की मांग किया है। ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी को सौंपा गया। उन्होंने आश्वासन दिया जांच कर कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ सलाहकार एडवोकेट राजेश खन्ना, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महासचिव अखिलेश गौतम, एडवोकेट संतोष कुमार, राकेश कुमार, सर्वेश गौतम, जागेश्वर वर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से मासूम की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र मुंशीगंज के अंतर्गत सड़क हादसे में आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। देर शाम घर के बाहर खेल रहे बच्चे को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल बच्चे को सुल्तानपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना मुंशीगंज थाना क्षेत्र के मनीरामपुर गांव की बताई जा रही है। मृतक बच्चे की पहचान आठ वर्षीय ऋषभ शर्मा के रूप में हुई है। उसे टक्कर मारने वाले बाइक चालक का नाम विनोद यादव है। बताया जा रहा है कि घटना के समय विनोद यादव शराब के नशे में धुत था। हादसे के बाद बाइक चालक विनोद यादव अपनी बाइक घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। परिजन बच्चे के शव को लेकर घर वापस आ गए हैं। मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# राज्यमंत्री ने नन्हे छात्रों के विज्ञान मॉडल देख बढ़ाया हौसला



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

**कहा, ग्रामीण अंचल के स्कूल में बच्चों को मिल रही अच्छी शिक्षा**

कोटवा सड़क स्थित एपेक्स एकेडमी ऑफ मॉडर्न एजुकेशन में मंगलवार को आयोजित शैक्षिक प्रदर्शनी में प्रदेश के राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल, प्रोजेक्ट और वैज्ञानिक प्रयोगों को गहराई से देखा तथा उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संचालित यह विद्यालय शिक्षण-व्यवस्थाओं में शहरों से किसी भी तरह कम नहीं है। मंत्री शर्मा ने बच्चों को निरंतर प्रयास कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यालय के स्टाफ और प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी पहल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखती है।

कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबंधक रवि कान्त वर्मा ने किया। ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा और प्रबंधक राधेलाल वर्मा की उपस्थिति से कार्यक्रम और भी उत्साहपूर्ण रहा। प्रिंसिपल रविकांत वर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों की नवाचार क्षमता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# नशामुक्त भारत अभियान की वर्षगाँठ पर छात्रों ने निकाली रैली

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**







सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूरे देश में 18 नवम्बर को नशामुक्त भारत अभियान की 5वी वर्षगाँठ मनाई जा रही है, इस अवसर पर नशामुक्त जागरूकता के साथ ही हर स्तर पर लोगों को नशे से दूर रहने व राष्ट्र को नशामुक्त करने की शपथ दिलाई जा रही है। इस अभियान से स्वैच्छिक रूप से जुड़कर बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल ग्राम छन्दवल में नशामुक्त अभियान जागरूकता रैली एवं शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र छात्राओं ने नारे लिखी तख्तियों बैनर के साथ छन्दवल, ककरहा, छोटी छन्दवल गांव की हर गलियों में नशामुक्त का नारा गुंजायमान किया। ग्रामीण महिलाएं पुरुषों ने भी इस अभियान से हाथ मिलाया और बच्चों के संग नारे लगाए तथा नशा न करने की शपथ ली।

बीड़ी सिगरेट और तम्बाकू,
स्वास्थ्य सम्पदा के हैं यह डाकू
जीना है तो, शराब छोड़ो..
जान का जोखिम, इज्जत जाए,
जो व्यक्ति नशे को गले लगाए

**जैसे नारों से गांवों की गलियां गूंज उठी।** संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार के निर्देशन एवं प्रधानाचार्य विनोद कुमार के नेतृत्व में आयोजित रैली में 182 छात्र छात्राएं, आधा सैकड़ा अभिभावक व शिक्षक तीन गांवों की रैली में भाग लिया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं सहित 221 लोगों ने बाराबंकी को नशामुक्त करने की शपथ ली। कार्यक्रम में शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मौर्य, सरिता यादव, अनिता, प्रिंसी वर्मा, पलक कनौजिया, अनिता एवं जियालाल, सरोज , सरस्वती सहित तमाम लोग रैली में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# लोकतंत्र की मजबूती जन-जन की भागीदारी से ही संभव: जिला अध्यक्ष

**एसआईआर को लेकर बैठक, बूथ स्तर पर मतदाता सूची दुरुस्ती करण का संकल्प**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर एसआईआर को लेकर आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्षों व मंडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की, जबकि जिले में प्रवासी के रूप में उपस्थित दीपू पांडेय व शिववीर भदौरिया ने बैठक का संचालन करते हुए आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में प्रवासी नेताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रहते हुए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का अभियान चलाएं। साथ ही, फर्जी वोटों को सूची से हटवाने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई, ताकि कोई भी युवा मतदान जैसे लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न रहे और लोकतंत्र का पर्व निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे सेक्टर प्रमुखों व बूथ प्रमुखों के साथ समन्वय स्थापित कर पूरी निष्ठा से इस कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जन-जन की भागीदारी से ही संभव है, इसलिए सही मतदाताओं के नाम जुड़वाना और फर्जी मतदाताओं के नाम हटवाना दोनों ही आवश्यक हैं। उन्होंने चेताया कि किसी भी विदेशी या फर्जी पहचान वाले व्यक्ति द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दूषित न होने दें और पूरी सजगता बनाए रखें। बैठक में सभी मंडल अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे।



बैठक कर चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता

# पुरस्कार पाकर खुशी से खिल उठे बच्चों के चेहरे

**सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

फर्रूखाबाद रोड स्थित सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में आयोजित भव्य और विविधतापूर्ण सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में पुरस्कार पाकर मेधावी छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की सृजनात्मकता, मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना था। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण और उत्सवमय बना रहा।

विद्यालय के निदेशक वीसी अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना विद्यालय की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने, सकारात्मक सोच रखने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण उन बच्चों का सम्मान था, जिन्होंने इस वर्ष शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राथमिक से लेकर उच्च कक्षाओं तक के



टॉपर छात्रों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में आयोजित स्पीच प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, तथा आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। अभिभावकों ने तालियों से उनका मनोबल बढ़ाया। सीमा चतुर्वेदी के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और अभिभावकों ने इस आयोजन को अत्यंत सफल बताया तथा कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, प्रतिभा और अनुशासन को बढ़ावा देते हैं।

## जलालाबाद में यूरिया की काला बिक्री उजागर, की कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान किसानों की शिकायत पर उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने कार्रवाई करते हुए कस्वा जलालाबाद की मैसर्स गुप्ता खाद एजेंसी पर यूरिया की काला बिक्री का मामला पकड़ा है। जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के डिगसरा गांव निवासी खेमकरन सहित कई किसानों ने बताया था कि एजेंसी द्वारा यूरिया निर्धारित मूल्य से अधिक, यानी 400 रुपये प्रति बैग में बेची जा रही है। शिकायत मिलते ही उप निदेशक कृषि मौके पर पहुंचे और जांच की। दुकान पर मौजूद सोनू ने भी स्वीकार किया कि विक्रेता द्वारा किसानों से 400 रुपये प्रति बैग की वसूली की गई। निर्धारित दर से अधिक मूल्य लेने के कारण दुकानदार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। आसपास के गाँवों के किसानों ने भी पुष्टि की कि दुकान पर लगातार अधिक दर पर यूरिया बेचा जा रहा है। किसानों के आर्थिक शोषण और उर्वरक विक्रय में पाई गई गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए उप निदेशक कृषि ने जिला कृषि अधिकारी कन्नौज को एजेंसी का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।कृषि विभाग का कहना है कि ऐसी सख्त कार्रवाई आगे किसी भी कृषक के शोषण पर रोक लगाने के लिए आवश्यक है।

# विपत्ति में न छोड़े भगवान का नाम: आचार्य हरिशंकर



**महेश चंद तिवारी की नवमी पुण्यतिथि पर भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी ब्रह्मलीन महेश चंद तिवारी की नवमी पुण्यतिथि पर सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम पृथ्वीपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भक्त प्रह्लाद चरित्र, भगवान नरसिंह अवतार एवं समुद्र मंथन के प्रसंग सुनकर सैकड़ों श्रोता भाव-विभोर हो उठे। व्यास पीठ से आचार्य साहित्याचार्य पंडित हरिशंकर शुक्ल ने प्रह्लाद की गुरुशाला, असुरों द्वारा बार-बार मारने के प्रयास, सर्प-दंश, हाथी से कुचलवाने, अग्नि में झोंकने के बावजूद प्रह्लाद की अटूट भक्ति का मार्मिक वर्णन किया। अंत में स्तंभ फटने से भगवान नरसिंह के प्रकट होने और हिरण्यकश्यप के वध का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य जी बोले भक्त प्रह्लाद से हमें शिक्षा मिलती है कि चाहे कितनी भी विपत्ति आए, भगवान का नाम और भक्ति कभी नहीं छोड़नी चाहिए। प्रह्लाद ने कहा था 'नारायण ही सर्वत्र हैं, यही सच्ची भक्ति है जो मृत्यु को भी जीत लेती है। आचार्य श्री ने कहा समुद्र मंथन से कूर्मि अवतार, धनवंतरी अवतार और मोहनी अवतार लेकर भगवान ने भक्तों का कल्याण किया। इससे पूर्व परीक्षित की भूमिका में श्रीचंद्र (ललुआ) तिवारी, सपना तिवारी, विश्वनाथ तिवारी एवं प्रीतिका तिवारी ने ब्रह्मलीन पितामह आशुकवि भगवत दयाल तिवारी, राजरानी तिवारी, पिता महेश चंद तिवारी एवं चाचा दिनेश चंद तिवारी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। रोजाना दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक चल रही कथा में सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम के बाबा अजय, श्रीमती पुष्पा तिवारी, श्रीमती मुनेश तिवारी, श्रीया, आशीष तिवारी व तिलक चंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# रालोद महासचिव अनिल द्विवेदी का भव्य स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** इत्र नगरी कन्नौज में पहली बार पदार्पण पर राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल द्विवेदी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तिर्वा कट पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से माल्यार्पण किया तथा साफा बांधकर पारंपरिक सम्मान दिया। स्वागत अवसर पर रालोद राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के जयकारे गूंजते रहे। इस दौरान पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं जिलाध्यक्ष प्रोफेशनल मंच पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इंजीनियर गौरव चतुर्वेदी, छात्र सभा जिलाध्यक्ष नवीन शुक्ला, जिला महामंत्री सुबीन त्रिवेदी, हिमांशु त्रिवेदी एडवोकेट, अवनीश मिश्रा, गोपाल द्विवेदी, राजीव गिहार, वरिष्ठ नेता कंदरपी दीक्षित, धर्मू पांडेय, शिवा बाथम, शिवम चतुर्वेदी, आनंद पांडेय सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैठक में विद्यालयों को निपुण बनाने पर दिया जोर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जमला में न्याय पंचायत अनौगी की संकुल स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन वरिष्ठ शिक्षक संकुल मदार बख्श की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अध्ययनरत बच्चों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं, मेरी कक्षा - मेरा प्रेरणा चित्र, अभिनव शिक्षण हरित विद्यालय, अकादमिक प्रयासों की शेयरिंग, स्मार्ट क्लॉस, कक्षानुरूप दक्षताओं , नैट परीक्षा, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाए जाने आदि विषयों पर चर्चा - परिचर्चा की। इस दौरान एआरपी रंजना पाठक ने सक्रिय सामुदायिक सहभागिता एवं आपसी समन्वय से निपुण विद्यालय बनाए जाने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। शिक्षक संकुल अबधनारायण ने निपुण विद्यालय आंकलन से जुड़ी बारीकियों को साझा करते हुए प्रथम चरण के अंतर्गत माह दिसंबर में विद्यालयों के प्रस्तावित डायट लेड असेसमेंट के लिए विशेष प्रभावी कार्य योजना के अनुसार शिक्षण कार्य करते हुए अधिक से अधिक विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाए जाने पर जोर दिया। इस दौरान शिक्षक संकुल विजय कुमार, सिराज अहमद ,रामप्रकाश, अमरेंद्र त्रिपाठी, संजीव प्रजापति, जितेन्द्र कुमार, रोहित द्विवेदी, हरिओम आदि शिक्षक - शिक्षिका रही।



बैठक में चर्चा करते शिक्षक संकुल अवधनारायण व मौजूद शिक्षकगण

# गन्ने की कटाई के बीच बढ़ते वन्यजीव खतरे पर अलर्ट

**रहीम नगर ग्रांट में वन विभाग ने किसानों को किया जागरूक**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मानव-वन्यजीव संघर्ष की लगातार बढ़ती घटनाओं को रोकने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को भीरा वनरेंज के छैरासी बीट की ग्राम पंचायत रहीम नगर ग्रंट में एक महत्वपूर्ण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गन्ने की कटाई और रबी की बुवाई के चरम समय में खेतों के आसपास वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ने के मद्देनजर यह गोष्ठी बेहद अहम मानी जा रही है। ग्रामीणों में सुरक्षा उपायों के प्रति समझ विकसित करना और संभावित दुर्घटनाओं को टालना ही कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य रहा। ग्राम प्रधान के आवास पर आयोजित इस गोष्ठी में भारी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर वन विभाग की बातों को गंभीरता से सुना।

गोष्ठी में वनरक्षक एवं छेरासी बीट प्रभारी रामशंकर पांडेय ने मानव-वन्यजीव संघर्ष से बचने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि इस मौसम में किसानों को विशेष रूप से सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से सलाह दी कि महिलाएं और बच्चे अकेले खेतों की ओर न जाएं और कटाई-बुवाई के दौरान किसान समूह में जाएं तथा आवाज लगाते रहें।

# युवक का खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल

**सड़क सुरक्षा और पुलिस पर उठे सवाल**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सोशल मीडिया पर एक युवक का चलती बाइक पर जानलेवा स्टंट करते हुए वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक लखीमपुर-भीरा राज्यमार्ग पर तेज रफ्तार बाइक पर खड़े होकर उसे चलाता दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि बाइक की स्पीड करीब 100 किमी प्रतिघंटा के आसपास थी। उसके आगे-पीछे चल रहे युवक इस खतरनाक हरकत का वीडियो बनाते नजर आए।

सूत्रों के अनुसार यह वीडियो थाना भीरा क्षेत्र की पुलिस चौकी पड़रिया तुला के अंतर्गत नब्बूपुर गांव के पास लखीमपुर-भीरा राज्यमार्ग पर शूट किया गया है। जिस स्थान पर स्टंट



किया गया, वहां पूरे दिन भारी आवाजाही रहती है और छोटे-बड़े वाहन लगातार आते-जाते रहते हैं। ऐसे में इस तरह का लापरवाह स्टंट न सिर्फ स्टंट करने वाले की जान को जोखिम में डालता है, बल्कि अन्य राहगीरों के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता था।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। लोगों का कहना है कि हाईवे पर इस तरह की हरकतें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। यदि समय रहते ऐसे युवाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए तो ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है। लोगों ने मांग की है कि न केवल वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाए, बल्कि हाईवे पर गश्त बढ़ाकर ऐसे स्टंट और रील बनाने के चलन पर रोक लगाई जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि ÷सड़कें स्टंट के लिए नहीं, सुरक्षित आवागमन के लिए बनी हैं, लेकिन प्रशासन की नरमी के कारण ऐसे हादसे को दावत देने वाले कारनामे बढ़ते जा रहे हैं। फिलहाल इस मामले में पडरिया तुला चौकी प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया वीडियो हमारे संज्ञान में नहीं है वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि अन्य युवा भी ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचें।

## ठेकेदार से संबंधों के आरोप में अधिशासी अभियंता योगेन्द्र नीरज निलंबित

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) ने खंड लखीमपुर खीरी में तैनात अधिशासी अभियंता योगेन्द्र कुमार नीरज को ठेकेदार फर्म से पारिवारिक संबंधों के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। रिपोर्ट में पाया गया कि फेज-2 व फेज-3 की योजनाओं में काम कर रही फर्म का संबंध अभियंता के भाई से है। मुख्य अभियंता की रिपोर्ट में आचरण नियमों के उल्लंघन की पुष्टि के बाद निलंबन आदेश जारी किया गया। निलंबन अवधि में उन्हें मुख्य अभियंता कार्यालय मेरठ से संबद्ध किया गया है। नियमों के तहत उन्हें आधे वेतन के बराबर जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा, जिसे पाने के लिए उन्हें यह प्रमाणित करना होगा कि वह किसी अन्य व्यवसाय में संलग्न नहीं हैं। विभाग ने आदेश की प्रतिलिपि कई वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी है।

# मतदाता पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

**पालिका अध्यक्ष बोले, अभियान को 100 प्रतिशत बनाएं सफल**

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में मंगलवार, 18 नवंबर को पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र के बूथ संख्या 187 से 233 तक के बीएलओ उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अभियान की प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा की और बीएलओ द्वारा सामने रखी गई समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित वार्डों के सभासदों के सहयोग से बीएलओ को मतदाता पहचान एवं सत्यापन कार्य में सहायता सुनिश्चित कराने की योजना तैयार करवाई। उन्होंने कहा, मतदाता पुनरीक्षण अभियान को नगर में सौ प्रतिशत सफल बनाने के लिए पालिका परिवार पूर्ण सहयोग करेगा। बैठक के समापन पर खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा ने सभी उपस्थित बीएलओ, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई। बैठक में सभासद नानक चन्द्र वर्मा, आनंद सोनी, सुरेश जायसवाल, दानिश राईन, हरिओम वर्मा, धर्मेन्द्र जायसवाल, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र तिवारी, सुफियान खान, राजेश वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा सहित कुल 25 बीएलओ मौजूद रहे।

# कोतवाली सदर में मैरिज लॉन संचालकों की बैठक, डीजे 10 बजे के बाद बंद करने के निर्देश



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शहर में स्थित सभी मैरिज लॉन मालिकों और प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज कोतवाली सदर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश और एसडीएम कार्यालय से प्राप्त निर्देशों की जानकारी देते हुए स्पष्ट रूप से दिशा-निर्देश जारी किए। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि शादी-विवाह में डीजे बजाने की अनुमति रात 10 बजे तक ही मान्य है। इसके बाद किसी भी दशा में डीजे नहीं बजेगा। इसके पालन के लिए प्रत्येक आयोजनकर्ता से लिखित में सहमति लेकर उनके हस्ताक्षर करवाए जाएँगे। उन्होंने चेतावनी दी कि 10 बजे के बाद डीजे बजता मिला तो संबंधित आयोजक व मैरिज लॉन पर कार्रवाई की जाएगी। नियम उल्लंघन पर किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। बैठक के दौरान प्रभारी कोतवाली ने अपना मोबाइल नंबर भी सभी संचालकों को उपलब्ध कराया और कहा कि यदि कोई व्यक्ति आयोजन के समय हंगामा करे या नियमों का उल्लंघन करने का प्रयास करे तो मुझे तुरंत सूचना दें। मैं तत्काल कार्रवाई करूँगा। पूरी बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। बैठक में सुनील बरतरिया, मनमोहन मौर्य, अशोक वर्मा विनोद वर्मा आदि लगभग 25 से 30 लोग मौजूद रहे ।मैरिज लॉन संचालकों ने भी निर्देशों के पालन का आश्वासन दिया।

# कोल्हुओं पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, पांच को कराया बंद



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

वायु प्रदूषण रोकने के प्रयासों के तहत पराली जलाने पर नियंत्रण के साथ अब प्रशासन ने प्रदूषण फैलाने वाले कोल्हुओं पर भी सख्ती शुरू कर दी है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के आदेश पर मंगलवार को एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने गोला तहसील क्षेत्र के जलालपुर और सिकंदराबाद गांवों में कोल्हुओं पर व्यापक छापेमारी की। सहायक पर्यावरण अभियंता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाण्डसारी निरीक्षक सहित संयुक्त टीम ने 100 कोल्हुओं का निरीक्षण किया।

**हर कोल्हू में वेट स्क्रबर और 10 मीटर चिमनी अनिवार्य: एसडीएम**

वायु प्रदूषण नियंत्रण के मानकों को लागू कराने के लिए मंगलवार को तहसील सभागार में एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता में कोल्हू संचालकों की बैठक आयोजित हुई। अधिकारियों ने साफ कहा कि हर कोल्हू में वेट स्क्रबर और भूतल से 10 मीटर ऊंची चिमनी अनिवार्य रूप से लगाई जाए। सभी व्यवस्थाएं एक सप्ताह के भीतर दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने चेतावनी दी कि तय समयसीमा में सुधार न होने पर कोल्हू संचालन पर रोक लगा दी जाएगी। संचालकों ने मानकों को समय पर पूरा करने का भरोसा दिया, जबकि प्रशासन ने भी दो-टूक कह दिया कि अगली जांच में गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई और सख्त होगी।

**कोल्हू संचालकों की बैठक में प्रशासन सख्त, एक हफ्ते में सुधार का अल्टीमेटम, अगली जांच में सख्त कार्रवाई तय**

जांच में सामने आया कि अधिकांश कोल्हू डीजल इंजन से संचालित, चिमनियाँ मात्र 4-5 मीटर ऊँची और वेट स्क्रबर जैसी प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था पूरी तरह नदारद मिली। इसके कारण चिमनियों से लगातार काला धुआँ और राख उड़ने की शिकायतें सही पाई गईं। साथ ही अधिकांश इकाइयों में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सहमति भी नहीं मिली, जो सीपीसीबी की 13 अगस्त 2019 की गाइडलाइन व वायु अधिनियम 1981 का उल्लंघन है।

## परचून की दुकान पर गयी नाबालिग से दुकानदार ने की अश्लील हरकत

**कालपी,जालौन।** सोमवार देर शाम नगर के मुहल्ला रामगंज में परचून की दुकान पर सामान लेने गई नाबालिग के साथ दुकानदार ने अश्लील हरकत कर दी। पीड़िता की मां ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। महिला के अनुसार नगर के मुहल्ला रामगंज में बब्लू पुत्र भिखारी मुहल्ला में ही परचून की दुकान संचालित करता है जहां पर आसपास के लोग जरूरत का सामान लेने जाते हैं। शिकायतकर्ता महिला की माने तो उसकी पुत्री भी अक्सर सामान लेने जाती रहती है लेकिन विगत 6 माह से उक्त दुकानदार उसकी बेटी को अक्सर परेशान करता रहता था हालाकि यह बात उसने घर नहीं बताई थी लेकिन सोमवार शाम 6 बजे उसकी पुत्री फिर उसी दुकान पर सौदा लेने गयी थी।

# हारजीत की बाजी लगाते जुआड़ियों को पुलिस ने दबोचा

**12 हजार 320 रुपये की नकदी व मोबाइल फोन बरामद**

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

हार जीत की बाजी लगा रहे छह लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 12320 रुपये नकद व मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को सूचना मिली कि मोहल्ला मुरलीमनोहर में तालाब के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर वह पुलिस फोर्स समेत तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से हार-जीत की बाजी लगा रहे मुरलीमनोहर निवासी रोहित कुमार, अमन कुमार व राहुल नारोभास्कर निवासी रिषभ कुमार, पहलवानबाड़ा निवासी शिवम व बैठगंज निवासी अमित कुमार पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने मालफड़ पर 10050 रुपये व जामा तलाशी में 2270 रुपये, ताश की गड्डी व मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।



# प्रेमी संग गायब हुयी नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम से गायब नाबालिग के परिजनों की हत्या की आशंका गलत साबित हुई। मंगलवार को पुलिस ने उसे नाटकीय अंदाज में बरामद कर लिया है। मालूम हो कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम से 29 अक्टूबर को एक नाबालिग गायब हो गई थी परिजनों ने 30 अक्टूबर को कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कानपुर देहात के थाना मूसानगर क्षेत्र के ग्राम सरौठा निवासी युवक अशोक निषाद पर अपहरण करने का आरोप लगाकर हत्या किए जाने की संभावना जताई थी। हालांकि पुलिस ने इस मामले में नामित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी लेकिन उसके पिता द्वारा हत्या की आशंका जाहिर करने पर पुलिस विभाग में खलबली मची गई थी। आला अफसरों ने आनन फानन उसकी खोज शुरू की थी और रिश्तेदारों पर दबाब बनाया तो सफलता मिल गई है। सूत्रों की माने तो नाबालिग अपने प्रेमी के साथ घर से निकली थी जो विभिन्न स्थानों से होकर दिल्ली पहुंच गये थे हालांकि रिश्तेदारो पर दबाब बना तो वह मंगलवार को वह कालपी आए थे जानकारी पर पुलिस ने उन्हे कब्जे मे लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को जन-जन तक पहुंचायें: चौहान

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी ने एकता पद यात्रा एवं विशाल जनसभा विधान सभा उरई में की जिसके मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह चौहान रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि एक भारत, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष श्रृंखला में आयोजित एकता पद यात्रा कार्यक्रम औंता बगिया से लेकर सोम गार्डन चक जगदेवपुर तक किया गया। उन्होंने कहा कि लौहपुरुष सरदार पटेल ने अखंड भारत का जो सपना साकार किया, उसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने का



सरकार कार्य रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने आए हुए सभी कार्यकताओं का आभार जताया मुख्य रूप से उपस्थित विधायक मूलचंद्र निरंजन, जिला प्रवासी अशोक गिरी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, एमएलसी रमा निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, राजेश सिंह सेंगर, संजीव उपाध्याय, रामेंद्र सिंह, नागेंद्र गुप्ता बाबा बालक दास रामलखन रामानुग्रह राजावत नीरज दुबे, वीरप्रताप जादौन, दिलीप दुबे, रविंद प्रताप, विवेक कुशवाहा, अग्निवेश चतुर्वेदी, मनोज यादव एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी व जनता जनार्दन उपस्थित रही।

# छात्रों से भरी स्कूली वैन में लगी आग, बच्चों ने कूदकर बचायी जान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम अखमेलपुर में गौतम बुद्ध शिक्षण संस्थान की छात्रों से भरी स्कूल वैन में अचानक आग लगने से बच्चों में अफरातफरी मच गयी। बच्चों ने खिड़की खोलकर कूदकर अपनी-अपनी जान बचायी।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम अखमेलपुर में गौतम बुद्ध शिक्षण संस्थान की एक वैन बच्चों को लेकर स्कूल से वापस जा रही थी, तभी अचानक वैन में आग लग गयी। जिससे उसमें बैठे बच्चों में अफरा-तफरी मच गयी।

बच्चों ने आनन-फानन में कूदकर अपनी जान बचायी। मौके पर काफी ग्रामीण एकत्रित हो गये। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग नहीं बुझ सकी। घटना की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी खुदागंज शिव कुमार मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि आग की जाँच की जा रही है। पुलिस स्कूल प्रबंधक व वाहन चालक से पूछताछ कर रही है। यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पूर्व भी ऐसी कई घटनायें घट चुकी है, लेकिन जिम्मेदार कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। जिससे स्कूल प्रशासन के हौसले बुलंद हैं। वहीं कमालगंज थाने के इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



मौके पर जली स्कूली वैन

**सुरक्षा के नाम पर न तो फर्स्ट एड किट थी और न ही सीजफायर सिलेंडर**

सुरक्षा के नाम पर यदि बात की जाये, तो स्कूली वैन में न तो फर्स्ट एड किट थी और न ही आग बुझाने का कोई सिलेंडर। सुरक्षा के ये दोनों अनिवार्य प्रावधान न होने से हादसे के दौरान स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। इस घटना को लेकर बच्चों के अभिभावकों व ग्रामीणों में खासा रोष देखा गया। अभिभावकों का कहना था कि फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करते समय परिवहन विभाग और आरटीओ इन बुनियादी सुरक्षा मानकों की जांच भी नहीं करते, जिससे स्कूल वाहन बिना सुरक्षा उपकरणों के ही सड़कों पर दौड़ते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि स्कूल वाहनों पर शासन के नियम सिर्फ कागजों में हैं। जमीनी स्तर पर न तो जांच होती है और न ही कोई कार्रवाई। ऐसे में बच्चों की जान रोजाना जोखिम में रहती है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि आरटीओ और परिवहन विभाग की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज ब्लॉक के गांव कोला निवासी रमेश पुत्र जिलेदार और नन्हें लाल अपने साथी कैलाश निवासी खूंटादेव थाना कमालगंज के साथ एक बाइक पर सवार होकर कोला गांव से फतेहगढ़ जा रहे थे। अचरा के पास सामने से आ रही एक डीसीएम ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद खेतों में काम कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंचकर डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 की टीम ने घायलों को तुरंत नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। नवाबगंज सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रमेश और कैलाश की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।



सीएचसी में भर्ती घायल

# प्रसव पीड़ा होने पर पति पत्नी को लेकर पहुंचा अस्पताल, मौत



अस्पताल में रोते बिलखते मृतका के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रसव पीड़ा होने पर पति पत्नी को प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे सीएचसी ले जाने की सलाह दी। जिस पर पति बाइक पर बैठालकर पत्नी को सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 11:46 बजे कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी महफूज अली अपनी पत्नी सैजी उम्र करीब 26 वर्षीय को प्रसव पीड़ा होने पर एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर पहुंचा। जिस पर डाक्टरों ने उसे सरकारी अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। पति परिजनों के सहयोग से पत्नी को अपनी बाइक पर बैठालकर कायमगंज सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र बहादुर ने देखते ही प्रसूता को मृत घोषित कर दिया और मेमो कोतवाली भिजवाया। गर्भवती प्रसूता की मौत की सूचना पाते ही तहसीलदार विक्रम सिंह, एसएसआई सुरजीत पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही करने लगी, उसी दौरान मृतका के मायके व ससुराल पक्ष से पति पोस्टमार्टम नहीं करवाने की जिद पर अड़ गये। पुलिस द्वारा काफी समझाने के बाद मृतका के परिजन माने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका सैजी के पति ने बताया की मेरी माँ शकीला की मौत हो चुकी थी। घर में सुबह नास्ता व शाम को खाना बनाने की काफी दिक्कत होती थी। उसके बाद हमने सैजी पुत्री परवेश निवासी चिलौली पठान थाना कायमगंज के साथ 2 वर्ष पूर्व शादी की थी। आज हमारी पत्नी भी हमें छोड़कर चली गई।

# तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना



तहसील में धरने पर बैठे अधिवक्ता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रेवन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव ने साथी अधिक्ताओं के साथ तहसील में व्याप्त विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमन्त्री व जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन बीते दिन उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को सौंपना चाहा था, लेकिन ज्ञापन को नजरंदाज कर अपने कार्यालय के अंदर चले गये थे। जिससे अधिवक्ता आक्रोशित हो गये और मंगलवार को इसी विरोध में बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण तहसील परीसर में दरी बिछाकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक तहसील में भ्रष्टाचारी, रिश्वतखोर पीठासीन अधिकारियों का स्थानान्तरण नहीं होगा और समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक अधिवक्तागण अनिश्चितकाल हड़ताल पर रहेंगे और विरोध प्रदर्शन व धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव, सचिव अवनीश गंगवार, नाजिर खाँ, अनोखेलाल, बाल किशन शाक्य, दिलीप कुमार, रजनेश कुमार, अमित कुमार गंगवार, सतीश चन्द्र शाक्य, इन्द्रेश गंगवार, मुनीश कुमार, रामदास वर्मा, माधव शुक्ला, सुखवीर सिंह, अनीस खाँ सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## ट्यूबवेल से स्टार्टर चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा



स्टार्टर के साथ युवक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी मानसिंह पुत्र रामचंद्र ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि बीती रात्रि के लगभग 11:30 मेरे खेत में लगे ट्यूबवेल से स्टार्टर चोरी हो गया। मैंने सुबह 112 नंबर पुलिस को इस मामले की जानकारी दी। सुबह लोगों के द्वारा जानकारी मिली कि गांव के ही बलराम सिंह के घर से चोरी का स्टार्टर बरामद हो गया। पुलिस के गांव से जाते ही बलराम सिंह के परिजन प्रीति पुत्री सर्वेश, प्रियंका पुत्री सर्वेश, सुमित पुत्र सर्वेश के द्वारा मेरे साथ गाली-गलौज की गई। पुलिस ने चोरी के स्टार्टर सहित बलराम को पड़कर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### अवैध खनन की सूचना पर दौड़ी पुलिस, मामला मारपीट का निकला

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवैध खनन की सूचना पर शमशाबाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन जांच में मामला गाली-गलौज व मारपीट का निकला। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव बेला सराय गजा में रात में ग्रामीण द्वारा थानाध्यक्ष रमेश सिंह को फोन पर सूचना दी गई कि ट्रैक्टर द्वारा बालू खनन कियाजा रहा है। थाना अध्यक्ष पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, तो जांच में मामला गली-गलौज का निकला। ध्रुव कुमार और प्रवीण में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी। इसके बाद ध्रुव के परिजन प्रवीण के दरवाजे पर पहुंचे और ट्रैक्टर को लेकर कुछ मिट्टी ट्रैक्टर में डाल दी और थाना अध्यक्ष को सूचना दी कि ट्रैक्टर में बालू भारी है। जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में मामला मारपीट का निकला। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया बालू ट्रैक्टर में भरने को लेकर दोनों पक्ष में मारपीट हुई थी। किसी भी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है।

### जमीनी विवाद में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद में चचेरे भाई ने बहन के साथ मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। थाना क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी महिला कमला पत्नी स्वर्गीय जोखी लाल ने चचेरे भाई अजय कुमार के खिलाफ थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया और बताया पीड़ित मायके में जमीन मिली है। उसमें चचेरे भाई आए दिन गाली-गलौज व मारपीट करते हैं। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया पीड़ित की शिकायती पत्र पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### साइड न देने पर बाराती और ग्रामीणों में भिड़े, चार घायल

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद मैनपुरी थाना बिछुआ क्षेत्र के गांव भारमई से सोमवार रात बारात दादू नगला जा रही थी। साइड न देने की मामूली बात ने बड़ा रूप ले लिया। ग्राम भारमई निवासी सोबरन के पुत्र भोले की बारात दादूनगला निवासी ओमवीर के घर आई थी। बारात जाते समय सुल्तानगंज मोड़ पर वाहन को साइड न देने को लेकर बारातियों और स्थानीय ग्रामीणों के बीच कहासुनी हो गई। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट में भारमई निवासी विजय कुमार तथा सुल्तानगंज निवासी राजवीर, बालवीर और अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया दोनों पक्षों में संभ्रांत लोगों ने समझौता करबा दिया है। थाने में कोई तहरीर नहीं मिली।

### युवक को कच्ची शराब सहित पकड़ा, चालान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों व शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज के उपनिरीक्षक मोहित मिश्रा मय हमराह नवनीत के साथ मुखबिर की सूचना पर शिवा राजपूत पुत्र छत्रपाल निवासी दतू नगरा थाना कायमगंज को एक प्लास्टिक पिपिया में 5 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने धारा-60 आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# बारात में शामिल होने आये युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बारात में शामिल होने आए युवक को ट्रक ने रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद बारातियों में हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल संतोष को तत्काल लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद एटा के थाना जैथरा के नगला अहमद निवासी 20 वर्षीय संतोष पुत्र मुन्नालाल की देर रात ट्रक से कुचलकर मौत हो गई।

संतोष अपने गांव के ही दोस्त जीतू पुत्र श्याम बाबू की बारात में शामिल होने के लिए थाना क़ादरीगेट क्षेत्र के सातनपुर स्थित गुंजन बिहार कॉलोनी आया था। रात करीब 11 बजे वह सड़क के किनारे खड़ा था, तभी तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल संतोष को तत्काल 11:07 पर लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंचे आवास विकास चौकी इंचार्ज विशेष कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की मां गायत्री देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक संतोष 6 भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक के पिता मुन्नालाल खेती करते हैं।

संतोष गुड़गांव में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मचा है।



मृतक का फाइल फोटो



मृतक के परिजन

# महिला को अकेला देख की छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव रामनगर निवासी शिल्पी पुत्री संतराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह घर पर अकेली थी, तभी प्रार्थिनी के ताऊ के बेटे अरविन्द, अमित उर्फ भोले पुत्रगण राजेन्द्र घर में घुस आये और बुरी नियत से प्रार्थिनी को जबरन पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे।

जिस पर प्रार्थिनी चीखने चिल्लाने लगी, तो प्रार्थिनी के परिजन आ गये। प्रार्थिनी के परिजनों ने किसी तरह से प्रार्थिनी को बचाया और पुलिस को फोन द्वारा सूचना करनी चाही, जिस पर उक्त अरविन्द्र व अमित ने फोन छीनकर तोड़ दिया। उसके बाद अरविन्द व अमित के पिता राजेन्द्र, माँ मोरश्री, भाई सुमित, अजीत, बृजमोहन, अर्चना ने प्रार्थिनी व उनकी बहन प्रियंका, प्राची, माँ पप्पी, पिता सन्तराम, भाई चन्दन के साथ मारपीट कर दी। जिससे सभी के अन्दरूनी चोटें आयी हैं। उसके बाद प्रार्थिनी के भाई ने डायल 112 नम्बर पर पुलिस को फोन द्वारा सूचना दी। जिस पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। पुलिस ने शिल्पी की शिकायत पर प्रियंका, प्राची, पप्पी, सन्तराम, चन्दन को मेडीकल परीक्षण के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# मारपीट एवं छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार दिनांक 17 नवंबर को वादी मुकदमा द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्त अभिषेक पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम भावन थाना अमृतपुर द्वारा उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की गयी। वादी की सूचना के आधार पर दिनांक 18.11.2025 को थाना अमृतपुर पर मु.अ.सं. 179/2025 धारा-352/74 बीएनएस बनाम अभिषेक उपरोक्त पंजीकृत किया गया। पुलिस ने मंगलवार को अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

# पानी न देने के विवाद में दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव उखरा में पानी न देने के मामूली विवाद को लेकर युवक व उसके भतीजे को लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। युवक ने थाने में घटना की लिखित तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने जाँच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार गांव उखरा निवासी अतुल नट मंगलवार दोपहर अपने खेत पर बैठे थे। उसी समय गाँव के ही निवासी युवक अपने साथियों के साथ उनके खेत पर पहुँचे। उन्होंने अतुल पर पानी न देने का आरोप लगाकर भद्दी-भद्दी गालियाँ देना शुरू कर दिया। जब अतुल ने गाली-गलौज का विरोध किया। जिस पर युवक व उसके साथियों ने लाठी-डंडों से अतुल नट के साथ मारपीट करने लगे। अतुल के साथ मारपीट होती देख बचाने आये उनके भतीजे सूजल को भी दबंगों ने जमकर पीटा। मारपीट में अतुल और सूजल दोनों बुरी तरह घायल हो गए। घायल अतुल नट ने थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना पुलिस को अतुल ने युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। थाना पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेज दिया।

## मारपीट के मामले में तीन महिलाओं सहित चार को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश तृतीय न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने मारपीट के मामले में रामनरेश पुत्र लुकमान, पप्पी पुत्र रामनरेश, सावित्री उर्फ अनारकली पत्नी रामनरेश, छुन्नी देवी उर्फ पूनम देवी पत्नी वर्मा उर्फ ब्रह्मजीत को दोषी करार दिया। बीते लगभग 23 वर्षों पूर्व थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम हरसिंगहपुर निवासी सुमन पत्नी राकेश ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें बताया कि मेरे गांव के उक्त आरोपी मेरे परिवार से इस बात से रंजिश मानते हैं कि आरोपियों के घर से शराब पकड़वाई है। इसी बात को लेकर उपरोक्त लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार न्यायाधीश ने सावित्री देवी उर्फ अनारकली व छुन्नी देवी उर्फ पूनम को तीन वर्ष का कारावास दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। रामनरेश, पप्पी को पांच वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# खनन करते ट्रैक्टर व चालक को पुलिस ने पकड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अवैध तरीके से किये जा रहे खनन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने लाकर खड़ा कराया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना पुलिस को सूचना मिली कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के फर्रुखाबाद रोड पर एक गांव के निकट क्षेत्र में अवैध तरीके से मिट्टी खनन किया जा रहा है। वैसे ही थाना पुलिस के दरोगा कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध तरीके से खनन कर रहे ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया तथा ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने लेकर आये। ट्रैक्टर पर पुलिसिया कार्रवाई जारी थी। खबर लिखे जाने तक कहीं दिग्गज व्यक्ति ट्रैक्टर को छुड़ाने का प्रयास कर रहे थे। थाना पुलिस के मुताबिक ट्रैक्टर के खनन की पकड़े जाने की सूचना उच्च अधिकारियों को भी दी गई थी और ट्रैक्टर पर कार्रवाई करने की बात कही जा रही थी।



ट्रैक्टर ट्राली को थाने लाती पुलिस

## अज्ञात वाहन की टक्कर से भिखारी घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव परौली पैथान खुर्द निवासी बब्लू उम्र 40 वर्षीय पुत्र प्रेमचन्द्र ने बताया की उसके भाई छोटेलाल ने उसे घर से निकाल दिया है। वह भीख मांगकर गुजारा करता है। वह रोज की भांति मंगलवार को पैदल भीख मांगता हुआ आ रहा था। जैसे ही वह नगर के मैन चौराहे पर पहुँचा, उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसके सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बब्लू के पैर में काफी चोट आने पर वहाँ से गुजर रहे कस्बा चौकी पर तैनात कांस्टेबिल विजय गुर्जर ने घायल बब्लू को अपनी बाइक पर बैठालकर सरकारी अस्पताल में लाकर उसका उपचार करवाया।

# यातायात जागरुकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को दी गयी जानकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह के अंतर्गत एक कालेज में जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देकर जागरुक किया गया।

नवाबगंज में यातायात माह के अंतर्गत बाईपास रोड स्थित शकुंतला देवी इंटर कॉलेज में जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें क्षेत्राधिकार मोहम्मदाबाद अजय वर्मा और थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। अभियान के दौरान क्षेत्राधिकार अजय वर्मा ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे ने बताया कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। पुलिसकर्मियों ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।



शपथ लेते छात्र-छात्रायें

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीन तलाक एवं मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, ,समृद्धि न्यूज।** पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि थाना क्षेत्र के ग्राम गंगाइच थाना कमालगंज की निवासिनी है। प्रार्थिनी का विवाह प्रार्थिनी के माता-पिता द्वारा दिनांक 02.06.2024 को मुस्लिम रीतिरिवाज के अनुसार अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर अजहर खाँ पुत्र माशाअल्लाह निवासी खेमरैगाई थाना कमालगंज के साथ की थी। शादी के पश्चात से ही अजहर खाँ कमाने के लिए मुम्बई चला गया था। कुछ दिन बाद प्रार्थिनी का पति जब घर लौटा, तो उसने प्रार्थिनी को प्रताड़ित करना शुरु कर दिया और अतिरिक्त दहेज में माता-पिता से दो लाख पचास हजार रुपये लाने की बात कहता। विरोध करने पर ससुरालीजन पति अजहर खाँ, सास रुकसाना बेगम, ससुर माशा अल्लाह, देवर अरमान, राहत व ननद अल्शिफा मारपीट करते थे। प्रार्थिनी के पिता ने जब अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थतता जतायी, तो प्रार्थिनी से ससुरालीजन भला बुरा कहते और ताने देते थे। बीते दिन पति ने प्रार्थिनी को तीन तलाक कहकर तलाक दे दिया और पहने हुये कपड़ों में घर से निकाल दिया और कहा कि अगर तूने कहीं शिकायत की तो तुझे व तेरे पिता को जान से मार देंगे। तीन तलाक की बात सुनकर प्रार्थिनी की मां साजिदा बेगम व पिता तरीक खां के परिजन सदमे में आ गये। पीड़िता ने पिता के साथ थाने में प्रार्थना पत्र दिया,लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब प्रार्थिनी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने उपरोक्त ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# मेला श्रीराम नगरिया की तैयारी बैठक में साधु-संतों ने लिया भाग

▸ इस बार होगी और भी बेहतर व्यवस्थाः डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में 03 जनवरी से 03 फरवरी तक लगने वाले मेला श्री रामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी की तैयारियों के संबंध में साधु संतों व मेला समिति की बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक लेते डीएम मौजूद साधु-संत

अपर जिलाधिलारी न्यायिक/मेला सचिव ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मेला क्षेत्र में पेयजल हेतु हैंडपम्प, समर्सिबल पम्प लगाये जायेंगे व विशेष पर्वो पर नगर पालिका के टैंकर द्वारा भी पानी की आपूर्ति की जाएगी। पूरे मेला क्षेत्र की सजावट की जायेगी।, पुल को सजाया जायेगा, सभी साधु संतों के कैम्पो में, कल्पवासियों, दुकानों को विद्युत आपूर्ति की जायेगी, ध्वनि व्यवस्था हेतु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाये जायेंगे, सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में अस्थाई शौचालय बनाये जाएंगे, पूरे मेला क्षेत्र की ड्रोन कैमरों व सी.सी.टी.वी. कैमरों द्वारा निगरानी की जायेगी, वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। डीएम ने मेला के वेहतर प्रबंधन के लिये साधु संतों व मेला कमेटी के सदस्यों से सुझाव मांगे। साधु संतों व मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा मेला शुभारंभ के पूर्व मेला में सभी दुकानों को लगवाने, टेंट की समुचित व्यवस्था कराने सदस्यों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने, महंगे कलाकार न बुलाने, मेले की आय व व्यय का विवरण सभी को उपलब्ध कराने, बाहर से आने बाले श्रद्धालुओं के लिये रेंट पर कॉटेज उपलब्ध कराने, मेले में अस्थाई मोबाइल टॉवर लगाने, घाटों का नामकरण व नम्बरिंग कराने, मेला क्षेत्र को थर्माकोल व प्लास्टिक मुक्त जोन बनाने, गंगा में गिर रहे नालो की टैपिंग कराने, मेला में ली जाने बाली विद्युत की सिक्योरिटी वापस किये जाने, एक और पैंटून पुल बनबाने व मेले को भव्य बनाने के सुझाव दिये। डॉ. शिव ओम अंबर ने मेले में कराये जाने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को 24 जनवरी उ0प्र0 स्थापना दिवस पर कराये जाने का सुझाव दिया।

विधायक अमृतपुर ने बताया कि मेले का प्रान्तीयकरण कराने का प्रयास चल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने अपील की कि मेले में कोई भी कानून व्यवस्था अपने हाथ मे न लें किसी भी परेशानी पर पुलिस व प्रशासन को सूचना दे। डीएम ने अवगत कराया कि संस्कृति विभाग उ.प्र. सरकार द्वारा मेले को 30 लाख का बजट उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को मेले को भव्य बनाने में योगदान करना होगा। इस अवसर पर साधू संत, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिलारी वित्त एवं राजस्व, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर, सभी जिलास्तरीय अधिकारी व मेला कमेटी के सदस्य, संजय गर्ग, सुरेन्द्र पाण्डेय, बृजकिशोर मिश्रा मौजूद रहे।



शपथ दिलाते प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद अमीन

## नशा मुक्त के लिए छात्र-छात्राओं को दिलायी गई शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में उच्च शिक्षा निदेशक प्रयागराज के अनुपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरुकता अभियान चलाते हुए छात्र–छात्राओं को शपथ दिलायी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग के दिशा–निर्देशन में जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे के विरुद्ध जागरुकता हेतु भ्रमण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद अमीन ने छात्र–छात्राओं को शपथ दिलवायी और जागरुक किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र–छात्रायें मौजूद रहे।

## आराध्या दीक्षित का हुआ कराटे नेशनल ट्रायल के लिए चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रानी लक्ष्मीबाई कालेज में 18 से 21 नवंबर को होने वाली सीबीएससी बोर्ड नेशनल ट्रायल के लिए आराध्या दीक्षित का चयन हुआ है। नेशनल ट्रायल के लिए आराध्या दीक्षित रवाना हो गयी। कराटे एसोसिएशन के सचिव व कोच पारस भारद्वाज ने कहा कि जनपद के लिये बहुत गर्व की बात है की कराटे सीबीएससी बोर्ड से कोई छात्र जनपद का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने खिलाड़ी आराध्या को आशीर्वाद देते हुए जनपद का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आराध्या इसी तरह आगे बढ़ती रहे और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो।



आराध्या दीक्षित

## डीएम ने की मतदेय स्थल की सूची को अंतिम रुप देने की पहल



बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थल सूची को अन्तिम रूप देने हेतु सांसद, विधायकगणों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों ने अवगत कराया कि आलेख्य प्रकाशित मतदेय स्थल सूची में 192 कायमगंज विधान में 470, 193 अमृतपुर विधानसभा में 261, 194 फर्रुखाबाद विधानसभा में 413 तथा 195 भोजपुर विधान में 380 मतदेय स्थल थे। जिनमें कोई किसी प्रकार की कोई बढ़ोतरी/कमी नहीं की गई है। बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा आलेख प्रकाशित मतदेय स्थल सूची के सम्बन्ध में सहमति प्रकट की गयी।

## सेवाव्रत दिवसः 67 जोड़े हुए एक दूजे के, वरमाला में सार्थक हो उठा सीता स्वयंवर

▸ कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं: मनोज अग्रवाल
▸ दंपतियों को दिये गये उपहार, अधिकारियों ने दिया आशीर्वाद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



सेवाव्रत दिवस सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद वर वधू

समाजसेवी स्व. विशनस्वरुप अग्रवाल की स्मृति में मंगलवार को बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित होने वाले 18वें सेवाव्रत दिवस के मौके पर पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने कहा कि प्रभु की असीम कृपा है, जो यह कन्यायें मुझे कन्यादान करने का मौका दे रही हैं। कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं होता। यह शुभ अवसर हम लोगों को प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जब तक मैं जीवित हूं तब तक सामूहिक विवाह कराये जाते रहेंगे। इससे पूर्व गणेश पूजन व दीप प्रज्वलित करके जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व आयोजक पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल, चेयरमैन वत्सला अग्रवाल ने गणेश पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। सुबह से ही शहर में समारोह जैसा माहौल उस समय पैदा हो गया जब पहली किरण के साथ जब लोग उठे तो मोहल्ले-मोहल्ले, दरवाजे-दरवाजे चूना पड़ा मिला। उधर शाम होते-होते शहर भर से बैंडबाजों की धुनें गुंजायमान होने लगीं, बारातें आयीं। बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस के विशाल प्रांगण में सजे मंडपों में विवाह की तैयारियां चलती रहीं। उधर दुल्हनों को सजाये जाने का क्रम बराबर चलता रहा। वहीं जिस समय सामूहिक जयमाल कार्यक्रम हुआ, उस समय सतरंगी वातावरण पैदा हो गया और राम विवाह जैसा दृश्य सार्थक हो गया। एक साथ 67 दंपत्तियों ने एक-दूसरे के गले में माला डालकर जनम-जनम का साथ निभाने का संकल्प लिया। दंपत्तियों को रोजमर्रा की वस्तुओं के उपयोग के साथ ही नथुनी भी दी गई। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व चेयरमैन वत्सला अग्रवाल ने मंडप-मंडप जाकर विधि विधान पूर्व कन्यादान किया। इस मौके पर देवांश अग्रवाल, सारांश अग्रवाल, सुंदर गुप्ता, सोनू गुप्ता, मनोज बाजपेई, राजीव गुप्ता, करण पांडे, संजय गुप्ता, शिवम गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, मनोज गुप्ता, विजय गुप्ता, संजय गर्ग, मनोज दीक्षित, जेंटल दीक्षित आदि ने कार्यक्रम की व्यवस्था देखी।

## भाजपा नेता की पहल पर ग्वालटोली की विद्युत लाइन हुई सही

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फतेहगढ़ के नवदिया ग्वालटोली टिलिया में सोमवार रात को लाइट बंद हो गई।

लाइट को ठीक कराने के लिए मोहल्ले वासियों ने अनेक बार कुटरा पावर हाउस को सूचना दी, लेकिन लाइट को चालू नहीं किया गया। सुबह जब भाजपा के मंडल मीडिया प्रभारी राहुल राठौर को सूचना मिली तो स्वयं जाकर देखा संबंधित अधिकारियों को सूचना दी।

इसके बाद तत्काल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइट ठीक करायी गई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि फतेहगढ़ के एक गेस्ट हाउस में शादी का प्रोग्राम था, लोग रोड पर पटाखे छुटा रहे थे, पटाखे की चिंगारी से केबिल में आग लग जाने के कारण केविल में फाल्ट हो गया था, जिस कारण रात भर लाइट नहीं आई है।



बिजली ठीक करता लाइनमैन

# व्यावसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप न लगाने पर दस हजार का जुर्माना

▸ रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने पर 02 वाहन सीज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एआरटीओ कार्यालय में परिवहन व्यावसायियों की बैठक कर एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि समस्त व्यावसायिक वाहनों पर एआईएस 090 और एआईएस 089 मानक के अनुसार रिफ्लेक्टिव टेप एवं रियर मार्किंग टेप लगाया जाना अनिवार्य है तथा रिफ्लेक्टिव टेप एवं रियर मार्किंग टेप न लगे होने की स्थिति में फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जायेगा तथा सम्बन्धित वाहन के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने बताया गया कि वाहन में रिफ्लेक्टिव टेप एवं रियर मार्किंग टेप न लगे पर दस हजार का जुर्माना लगाया जायेगा। मानक के अनुसार रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने पर 2 वाहनों को सीज भी किया गया है। सर्दी का मौसम शुरू हो गया है तथा कोहरा चालू हो गया, जिससे मार्ग पर दृश्यता कम होने लगी है। जिसके दृष्टिगत सभी व्यावसायिक वाहन स्वामी अपने-अपने वाहनों एआईएस 090 और एआईएस 089 मानक के अनुसार रिफ्लेक्टिव टेप एवं रियर मार्किंग टेप तत्काल लगवालें। केन्द्रीय मोटरयान नियमावली के अनुसार ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, टैक्सी, सभी प्रकार के माल वाहन, यात्री वाहन-मोटर कार, ओमनी बस तथा अन्य यात्री वाहन, कृषि ट्रैक्टर, पावर ट्रैलर, ट्रैलर अटैच्ड पावर ट्रैलर तथा निर्माण इक्विपमेन्ट वाहन में भी रिफ्लेक्टिव टेप एवं रियर मार्किंग टेप लगाना आवश्यक है। एआईएस 090 और एआईएस 089 मानक के अनुसार रिफ्लेक्टिव टेप एवं रियर मार्किंग टेप, आरएआई पुणे, सीआईआरटी पुणे, आईसीएटी मानेसर तथा वीआरडीई अहमदनगर द्वारा एप्रूव्ड होना चाहिये।




बैठक लेते एआरटीओ मौजूद टीएसआई

टीएसआई सतेन्द्र कुमार ने बताया कि माह अक्टूबर तक जनपद में 397 स?क दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 227 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 312 व्यक्ति घायल हुये हैं। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार मृतकों में लगभग 20 प्रतिशत व्यक्ति पैदल यात्री होते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों और यातायात के प्रति सतर्क रहने के उपायों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सड़क पर चलते समय पैदल यात्री, वाहन चालक एवं साइकिल सवार सभी को नियमों का पालन करना चाहिए। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। इसके साथ ही उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की कठोर चेतावनी दी।

## नहीं रहे लोको दरगाह के सज्जादानशीन



फाइल फोटो शाह मुहम्मद शरीफ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। दरगाह शहाबुद्दीन औलिया लोको दरगाह के सज्जादानशीन शाह मुहम्मद शरीफ साहब का निधन हो गया। वह पिछले एक वर्ष से बीमार थे। मंगलवार की सुबह 11 बजे अटेक पड़ने से इंतकाल हो गया। सूचना मिलते ही उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका कानपुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान अटेक पड़ने से निधन हो गया।

## अप्रेंटिसशिप मेले में 35 अभ्यार्थियों को मिला रोजगार



मेले में साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन हुआ। चार कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 350 रिक्तियों के सापेक्ष 40 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। मेले में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार कर 35 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। मेले की व्यवस्था नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुई। चार कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 35 अभ्यार्थियों का रोजगार हेतु चयन किया। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा का पारिश्रमिक भुगतान परीक्षकों के खाते में पहुंचा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। यूपी बोर्ड की इंटर मीडिएट की परीक्षा हेतु निर्धारित मूल्यांकन केंद्र केआर रस्तोगी इंटर कालेज फर्रुखाबाद पर मूल्यांकन कार्य करने वाले प्रधान, उप प्रधान, परीक्षकगणों के पारिश्रमिक की धनराशि उनके द्वारा पावना पत्र में अंकित विवरण के अनुसार जांच के बाद संबंधित बैंक खाते में कोषागार के माध्यम से हस्तान्तरित की जा चुकी है। रस्तोगी इंटर कालेज पर मूल्यांकन अंकेक्षण कार्य करने के फलस्वरुप पारिश्रमिक का भुगतान होना शेष हो तो वह सात दिन के अंदर अपना प्रत्यावेदन साक्ष्यों सहित रस्तोगी इंटर कालेज में सुनिश्चित करें, अन्यथा इसके उत्तरदायी परीक्षकगण होंगे। यह जानकारी उप नियंत्रक मूल्यांकन केंद्र व रस्तोगी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ने दी है।

# महिलाओं व छात्राओं को नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन की दी गई जानकारियां

▸ जिले भर में चलाया जा रहा है जागरुकता अभियान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



आर्मी स्कूल में छात्राओं को जागरुक करती थानाध्यक्ष



महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों में महिलाओं व छात्राओं तथा स्काउट प्रशिक्षण में प्रतिभागियों कोएंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने जागरुक किया।

थाना शमशाबाद क्षेत्र में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरुक किया गया। जिला जेल चौराहे पर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 112 आपातकालीन पुलिस सेवा आदि के बारे में जानकारी दी गयी। थाना कादरीगेट में बालिकाओं एवम् महिलाओं को सशक्त और जागरूक किया गया।

थाना राजेपुर क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत जागरूक किया गया। वहीं थानाध्यक्ष महिला थाना द्वारा स्काउट और गाइड प्रशिक्षण शिविर में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में छात्र-छात्राओ को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। थाना मेरापुर व थाना कम्पिल में मिशन शक्ति के तहत छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया गया। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्ग थाना नबावगंज में छात्र/छात्राओं को जागरुक किया गया, साथ ही सभी को सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया। पुलिस ने टीम ने महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया गया।

## प्राथमिक विद्यालय में संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक सम्पन्न

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक संपन्न हुई।

कस्बा नवाबगंज स्थित नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जोगापुर में खंड शिक्षाधिकारी के निर्देशन में संकुल शिक्षकों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सभी संकुल शिक्षकों ने यू-डायस निपुण लक्ष्य के तहत विचार विमर्श किया। वहीं सभी संकुल शिक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्र में बच्चों की पढ़ाई पर ज्यादा से ज्यादा जोर देने की बात कही तथा यू-डाइस निपुण लक्ष्य सहित कई चीजों के बारे में शिक्षकों को जानकारियां दी तथा सभी शिक्षकों को बताया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में लगकर बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें, जिससे कि निपुण लक्ष्य के तहत विकासखंड क्षेत्र को उच्च स्थान प्राप्त हो सके। इस मौके पर संकुल शिक्षक अनूप यादव, प्रशांत कटियार, रामबरन, प्रवेंद्र सिंह चौहान, प्रज्ञानंद शाक्य, प्रशांत कटियार, आशीष यादव, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद संकुल शिक्षक

## हत्या व पास्को एक्ट के मामले में एक पर दोषसिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। हत्या व पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पास्को एक्ट) मेराज अहमद ने अभियुक्त सचिन पुत्र खुशीराम निवासी भिम्मी नगला थाना कमालगंज को दोषी करार दिया। सजा के लिए 19 नवम्बर की तिथि नियत की गई है। थाना कमालगंज के भिम्मी नगला निवासी प्रेमचन्द्र पुत्र रामबाबू ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि 10 दिसम्बर 2021 मेरी 14 वर्षीय पुत्री जो इंटरमीडिएट आरपी इंटर कालेज की छात्रा है पढ़ने के लिए अपनी सहेली के साथ गयी थी। जब वह दोपहर तक नहीं पहुंची तो मैंने उसकी सहेली से पूछा जिस पर उसने कहा कि मैं चाचा को बता दूंगी, लेकिन घर वालों के उत्पीड़न की बजह से अब कोई बात बताने से मना करती है। दोनों लड़कियों ने 21 दिसम्बर 2021 को हॉफ–डे की छुट्टी ली थी। 25 दिसम्बर 2021 को पुलिस ने सचिन पुत्र खुशीराम के विरुद्ध धारा 363 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचक ने मुकदमे की जांच की। पुलिस को अपहृत छात्रा का शव बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने सचिन के विरुद्ध धारा 363, 366, 367, 302, 201 व धारा 3/4 पास्को एक्ट के तहत आरोपत्र पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पास्को एक्ट) मेराज अहमद ने अभियुक्त सचिन पुत्र खुशीराम निवासी भिम्मी नगला थाना कमालगंज को दोषी करार दिया। सजा के लिए 19 नवम्बर की तिथि नियत की गई है।

## इस्लामिया स्कूल की सना हुसैन व मोइस अहमद बने कप्तान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में स्कूल कप्तान के चुनाव में सना हुसैन और मोइस अहमद को स्कूल कप्तान चुना गया। इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में स्कूल कप्तान के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें स्कूल कप्तान छात्रा के लिए छह छात्राओं व छात्रों में तीन छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय प्रबन्धक सैय्यद रिजवान अली की उपस्थिति में आयोजित चुनाव में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत जोश के साथ प्रतिभाग किया। चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व सभी प्रत्याशियों ने अपना अपना परिचय देकर समर्थन की अपील की।विद्यालय कप्तान के चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत विद्यालय प्रबन्धक द्वारा कुमारी सना हुसैन व मोइस अहमद को स्कूल कैप्टन के बैच सौंपे गए। प्रबन्धक सैय्यद रिजवान अली ने कहा कि विद्यार्थी नेतृत्व का अर्थ है कि छात्र स्वयं अपनी जिम्मेदारी लेते हुए स्कूल, कॉलेज या समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। यह केवल पद या टाइटल की बात नहीं है, बल्कि निर्णय लेने की क्षमता, टीम वर्क, समस्या समाधान और दूसरों को प्रेरित करने की क्षमता है। नेतृत्व करने से छात्रों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल, समय प्रबंधन और जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है। हर स्कूल-कॉलेज को चाहिए कि वह अपने छात्रों को नेतृत्व के अवसर दे, ताकि हमारा देश आने वाले समय में सशक्त, जिम्मेदार और दूरदर्शी नेताओं से भरा हो। आज का छात्र नेता, कल का राष्ट्र नेता बन सकता है। इसलिए विद्यार्थी नेतृत्व को प्रोत्साहित करना हर शिक्षण संस्थान का दायित्व है।



विद्यालय के कप्तान सना हुसैन व मोइस अहमद

## खबरें एक नजर में

### हाफिज रजा लापता हुए



**समृद्धि न्यूज, इटावा।** जसवंतनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला सरायखाम निवासी फख़्रदीन पुत्र जफ़रउद्दीन ने बताया कि मरा छोटा भाई हाफ़िज रजा उम्र 18 साल 15 नवम्बर को सुबह 10 बजे घर से बिना बताये कहीं चला गया है जो अभी तक घर लौटकर नहीं आया है। उक्त संबंध में जसवंतनगर कोतवाली में तहरीर दे दी गई है। काफ़ी तलाशने के बाद व जानकारी के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला है। आप सभी लोगों से अपील है कि जिस किसी को इस संबंध में कोई जानकारी हो तथा पता चले तो कोतवाली थाना इंस्पेक्टर का मोबाइल नं. 9454403275 एवं सीओ जसवंतनगर मो. नं. 9454401448 तथा जांच निरीक्षक का नं. 9140289095 पर सूचना देने की कृपा करें।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**समृद्धि न्यूज,इकदिल, इटावा।** कन्नौज-भरथना मार्ग के रेलवे पुल के पास कार की टक्कर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। गांव लोहिया दौलतपुर के रहने वाले अवनीश कुमार (25) पुत्र राजवीर सिंह अपने दोस्त कृष्णा (21) पुत्र राजू कुमार रविवार देर शाम को शहर से अपने घर बाइक से आ रहे थे तभी रेलवे पुल के पास आ रही तेज कार ने बाइक सवार को टक्कर मार घायल कर दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

### स्कूली बस बिजली पोल से टकराई, हादसा टला

**समृद्धि न्यूज, इकदिल, इटावा।** क्षेत्र के ददोरा-मानिकपुर मार्ग पर मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक स्कूली बस अनियंत्रित होकर बिजली खम्बे से टकरा गई, हादसें में बिजली पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया । जोधपुरा के तरफसे मानिकपुर मोड़ के तरफसुबह बच्चों को लेकर जा रही स्कूली बस गांव नगला वर के पास अनियंत्रित होकर रोड किनारे खड़े बिजली खम्बे से तेज आवाज के साथ टकरा गई धड़ाम की आवाज सुन आस पास के लोग दौड़कर पहुंचे और बस में बैठे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकलवाया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन लोग अपने बच्चों को अपने साथ ले गए। ग्रामीणों ने बताया कि बस में करीब आठ दस बच्चे ही बैठे हुए थे गलिमत रही कि उस समय बिजली नही चल रही थी नही तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था, और उन्होंने बताया कि बस ड्राइवर ने बस के ब्रेक फैल होने की बात कही है। लेकिन स्कूल स्टाफका कोई भी कर्मचारी मौके पर नही आया।

### अवैध लकड़ी काटे जाने की डीएम से की शिकायत



**समृद्धि न्यूज, इटावा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने बढ़पुरा ब्लॉक में अवैध लकड़ी काटे जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी से शिकायत की है। ग्राम पृथ्वीपुर में पिछले काफ़ी दिनों से अवैध लकड़ी काटी जा रही हे बन विभाग की जमीन पर जिसकी शिकायत ग्राम के लोगो ने कवि डीएफ़ओ, एसडीओ एवं रेंजर अधिकारी से की परंतु ना कोई चेक करने आया न कोई बात सुनी गई सही ढंग से ग्रामबासी महेश चौधरी, आकाश चौधरी, संजीव चौधरी, रेशु चौधरी, कल्लू प्रजापति, सुखदेव कुमार अन्य लोग ने शिकायत की परंतु कोई सुनवाएं नही हो रही है।

### स्प्रिकंलर योजना का लाभ उठायें किसान

**समृद्धि न्यूज,बांदा।** जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पर ड्राप मोर क्राप माइक्रोड्रीगेशन योजनान्तर्गत ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर/माइक्रोस्प्रिंकलर / पोर्टेबल स्प्रिंकलर के लक्ष्य प्राप्त हुये हैं। ड्रिप सिंचाई प्रणाली से पानी में मौजूद पोषक तत्वों को बूंद-बूंद से पौधों की जड़ों तक पहुंचाया जाता हैं। पानी की बर्बादी को रोकने के साथ ही फसल की उत्पादकता बढ़ाने में मददगार है। इससे सूखे और जल संकट वाले क्षेत्रों में सफलतापूर्वक लागू किया जा सकता है। इसी प्रकार मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से कम पानी में अधिक फसल का उत्पादन किया जा रहा है। इस सिंचाई पद्धति को अपना कर 40-50 प्रतिशत पानी की बचत के साथ ही 35-40 प्रतिशत उत्पादन की वृद्धि एवं उपज की गुणवत्ता सुधार सम्भव है। ड्रिप एवं मिनी में 80-90 प्रतिशत एवं पोर्टेबल स्प्रिंकलर में 65-75 प्रतिशत की छूट उपलब्ध है। पर ड्राप मोर क्राप माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर/पोर्टेबल स्प्रिंकलर योजना का लाभ लेने वाले कृषकों को मसाला फसल प्याज, लहसुन एवं संकर शाकभाजी का बीज निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन निदेशालय से प्राप्त दिशा निर्देश के आधार पर किया जायेगा। योजना का लाभप्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर दिया जायेगा। लाभ प्राप्त करने हेतु कृषक भाई आवश्यक प्रपत्र (खतौनी, खसरा, आधार, बैंक पासबुक, मो. नं. एवं एक फोटो) तैयार कर कार्यालय में आवेदन कर सकते है। योजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, नवाब टैक अतर्रा रोड, बाँदा में सम्पर्क करें।

### नाबालिग के साथ कुकर्म करने वाले अभियुक्त को बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**समृद्धि न्यूज,बांदा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में वर्ष-2021 में थाना कमासिन क्षेत्र अन्तर्गत नाबालिग के साथ कुकर्म करने वाले अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया । गौरतलब हो कि 10 अगस्त 21 थाना कमासिन क्षेत्र के रहने वाले एक बच्चे के साथ अभियुक्त पीयूष पुत्र दीपक निवासी कस्बा व थाना कमासिन द्वारा कुकर्म की घटना को अंजाम दिया था । इस सम्बन्ध में पीि?त के पिता की तहरीर पर थाना कमासिन पर धारा 377/506 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना निरीक्षक सुभाष चन्द्र चौरसिया द्वारा सम्पादित की गयी । विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था । लोक अभियोजक सुनील कुमार गुप्ता द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी गौरव कुमार व जितेन्द्र कुमार तथा पैरोकार आरक्षी सतीश कुमार के अथक प्रयासों से अभियुक्त को न्यायालय द्वारा 20 वर्ष के कठोर कारावास व 22 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया । अभियुक्त का नाम पीयूष पुत्र दीपक निवासी कस्बा व थाना कमासिन जनपद बांदा है।

### 30 दिन में भी सूचना न मिलने पर कस्तूरबा विद्यालयों में भ्रष्टाचार के आरोप तेज

**समृद्धि न्यूज,जसपुरा/बांदा।** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पिछले अक्टूबर माह में बेसिक शिक्षा विभाग, बांदा से पांच अहम बिंदुओं पर सूचना मांगी थी, लेकिन निर्धारित 30 दिन बीत जाने के बाद भी जनसूचना अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका कहना है कि तय समय पर सूचना न मिलना विभाग की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े करता है। सपा नेता ने कस्तूरबा विद्यालयों से संबंधित पाँच प्रमुख बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। सभी विद्यालयों को 2022 से दी गई अग्रिम धनराशि व उसके भुगतान का ब्यौरा। सभी कस्तूरबा विद्यालयों में हास्टल मेंटिनेंस/मिलेनियस मद का व्यय विवरण। सब्जी, फल, दूध आदि सामग्री की खरीद और भुगतान की जानकारी, फर्म नाम सहित। चुनाले का आरोप है कि सूचना न देने से प्रतीत होता है कि कुछ न कुछ गड़बड़ अवश्य है। चुनाले ने मांग की है कि जिलाधिकारी बांदा जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की जांच किसी सक्षम अधिकारी से कराएं। उनका दावा है कि जांच हुई तो कई अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ जल्द ही प्रेस कान्फ्रेंस कर सभी साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे।

### गोली मारकर हत्या करने वाले चार अभियुक्तों को न्यायालय ने दी आजीवन कारावास की सजा

**समृद्धि न्यूज, बांदा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में वर्ष-2020 में थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या के मामले में 04 अभियुक्तों को आजीवन कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया । गौरतलब हो कि 23 जून को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गुरेह के रहने वाले नीतेश सिंह ने कोतवाली देहात पर सूचना दी कि 22 जूल को उनके भाई विजय सिंह उर्फ लब्बू को गांव के ही वीरेन्द्र, हर्षित, शिवपूजन व अभिषेक ने गोली मारकर हत्या कर दी । सूचना पर थाना कोतवाली देहात में धारा 302/34 भादवि पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना निरीक्षक रुकमपाल सिंह द्वारा सम्पादित की गई थी । विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था । लोक अभियोजक मनोज कुमार दीक्षित व रामकुमार सिंह द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी विपुल कुमार व नीतिश कुमार तथा पैरोकार आरक्षी देवी दयाल के अथक प्रयासों से चारों अभियुक्तों को एडीजे प्रथम न्यायालय बांदा द्वारा आजीवन कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया । अभियुक्तों में वीरेन्द्र उर्फ विन्दा पुत्र सुखवीर निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा, हर्षित पुत्र वीरेन्द्र निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा, शिवपूजन पुत्र सियाराम निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा व अभिषेक उर्फ आशू पुत्र प्रदीप उर्फ पप्पू निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा है।

# सास से विवाद पर पुत्र बधू ने खाया जहर

### इकलौते अबोध बेटे को छोड़ मां ने लगाया मौत को गले

समृद्धि न्यूज



**भरथना, इटावा।** भरथना कोतवाली कस्बा के नव सृजित मोहल्ला पूठ की मड़ैया में एक इकलौते अबोध बेटे की मां रेखा देवी 24 वर्ष पत्नी भास्कर ने अपनी सास से विवाद करने के बाद जहरीला पदार्थ का कर आत्महत्या करली।

हालांकि बीती सोमवार की शाम सास राजेश्वरी देवी से विवाद के बाद पुत्रबधु रेखा द्वारा जहर खाने की जानकारी होते ही परिजन और आस पास के लोग अचेत अवस्था में इलाज के लिए सैंफई पीजीआई लेकर पहुंचे जहां रात भर चले इलाज के बाद रेखा की मौत हो गई। पुत्र बधू रेखा की मौत की खबर सुनते ही ससुराल और मायके पक्ष के परिजनों में बुरी तरह कोहराम मच गया। जहर खाकर आत्महत्या करने की खबर मिलते ही कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह पाल ने सेंफई पीजीआई पहुंचकर मृतका रेखा के मायके सूचना भेजकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। ग्रामीणों के अनुसार बीती देर शाम सास राजेश्वरी देवी से पुत्र बधू रेखा ने विवाद करने के बाद जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था,जानकारी होते ही परिजन आनन फ़नन में रेखा को अचेत अवस्था में इलाज को लेकर सैंफई लेकर पहुंचे जहां पूरी रात्रि चले इलाज के बाद रेखा की मौत हो गई। मृतका रेखा अपने पीछे अपना इकलौता अबोध 2 वर्षीय बेटा कन्हैया सास राजेश्वरी देवी,पति भास्कर,देवर राघव और राम किशोर को रोता बिलखता छोड़ गई है। वहीं पुलिस घटना की जांच करने के साथ मृतका के मायके वालों के पहुंचने का इंतजार कर रही है।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**समृद्धि न्यूज, इकदिल, इटावा।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर मानिकपुर मोड़ के पास हाइवे पार करते समय तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक घायल हो गया। गांव अड्डा तलैया के रहने वाले मोहन सिंह का 32 वर्षीय बेटा रंजीत यादव सोमवार दोपहर को मानिक पुर मोड़ के पास घर आने के लिए पैदल हाइवे रोड पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार कार टक्कर मार फ़रार हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े युवक को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख उसे सैफ़ई रेफ़र कर दिया, लेकिन परिजन लोग बेहतर इलाज के लिए उसे आगरा ले गए।

# धूना व प्रधान कुंड से भक्तों को प्रदान की गई भभूति

समृद्धि न्यूज



**इटावा।** मंगलवार को मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ परिसर में पिछले आठ महीनों से अखंड रूप से प्रज्वलित पवित्र धूना और प्रधान कुंड से भक्तों को भभूति प्रदान की गई। यह वही धूना है जिसकी तपन, सुगंध और दिव्य ऊर्जा ने पूरे आयोजन काल में नगर की आध्यात्मिक चेतना को जागृत रखा। पूज्य यज्ञाधीश रामदास महाराज ने कहा कि धूना से प्राप्त भभूति को सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र, कल्याणकारी और रक्षक माना गया है-यह साधक के मन को स्थिर करती है, नकारात्मकता का शमन करती है और शरीरदृचेतना में शांति व ऊर्जा का संचार करती है। इसी प्रकार प्रधान कुंड की भभूति, जिसमें करोड़ों मंत्र आहुतियों का दिव्य प्रभाव समाहित है, आशीर्वाद का वह स्वरूप है जिसे पाना अपने आप में एक अद्भुत सौभाग्य माना जाता है। पिछली रात्रि विशाल भंडारे के पश्चात परंपरा के अनुसार विसर्जन का पावन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वितरित की गई भभूति इस समूची आध्यात्मिक यात्रा का सार लिए हुए प्रत्येक श्रद्धालु के लिए एक अमूल्य प्रसाद है-यज्ञ की दिव्य अग्नि का स्पर्श, मंत्रों की तरंगों का आशीष, और इष्टिकापुरी में आठ महीनों से लगातार प्रवाहित हो रही पुण्य ऊर्जा का संक्षिप्त रूप। यह भभूति केवल एक चिन्ह नहीं, बल्कि इस महायज्ञ की स्मृति, शक्ति और संकल्प को अपने जीवन में धारण करने का माध्यम है।

# घर-घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करें बीएलओ : डीएम

समृद्धि न्यूज



**बांदा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मत देय स्थलों के संभाजन 2025 के संबंध में जिलाधिकारी श्रीमती जेव रीभा की अध्यक्षता में सांसद, विधायक एवं समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधियों के साथ 1200 से अधिक मतदाता वाले मत देय स्थलों की संशोधित प्रस्ताव पर दावे/ आपत्तियों/ सुझाव पर विचार विमर्श करने हेतु बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थानों की संशोधित प्रस्तावों पर दावे एवं सुझाव आमंत्रित किया। बैठक में उन्होंने बताया कि वर्तमान सभी मत देय स्थलों का संबंध ई व आरओ द्वारा सत् प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया गया है। यदि कोई भवन जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है तो उस मत देय स्थल को इस केंद्र में उपलब्ध अच्छी दशा के भवन में परिवर्तित किए जाने एवं 1200 से अधिक मतदाता वाले मत देय स्थलों का चिन्हकन किया गया है। किसी भी मतदाता को मतदान केंद्र पर दो से अधिक दूरी पर स्थित नहीं है। बैठक में उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करते हुए प्रगाढ़ मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्य को संपादित करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार धर्मेंद्र एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी तथा सांसद एवं विधायक गणों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उप परिवहन आयुक्त ने सड़क पर पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**समृद्धि न्यूज, बांदा।** उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी के डी सिंह गौर ने आज जनपद बांदा की प्रवर्तन टीम के साथ मेडिकल तिराहे पर बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्यवाही का नेतृत्व किया। झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त, जिनके पर्यवेक्षण में बुंदेलखंड के 7 जिलों की कमान है, आज झांसी से बांदा पहुंचे और परिवहन विभाग बांदा की सभी प्रवर्तन टीमों को लेकर शहर में व्यापक चेकिंग संपादित कराई। कार्यवाही में कुल 154 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया, साथ ही वाहन चालकों की काउंसिलिंग भी गई। उप परिवहन आयुक्त ने बेहद रोचक और चुटीले अंदाज में स?क पर चालकों से संवाद किया और उन्हें हेलमेट न लगाने के खतरे तथा हेलमेट लगाने के फायदे बताए। इस व्यापक प्रवर्तन कार्यवाही में के डी सिंह गौर के नेतृत्व में श्यामलाल एआरटीओ प्रवर्तन बांदा, राम सुमेर पीटीओ बांदा तरह वीरेंद्र राजभर पीटीओ बांदा मौजूद रहे।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न




### वालीबॉल प्रतियोगिता में महनेपुर विजेता

समृद्धि न्यूज

इकदिल, इटावा। मेरा युवा भारत केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकास खण्ड बढ़पुरा की ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कंपोजित विद्यालय इकदिल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपस्थित भाजपा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने फीता काट कर शुभारंभ किया। विशिष्ठ अतिथि नगर पंचायत इकदिल की अध्यक्ष साधना दोहरे, पिंकू गोयल ने विजेता टीम व उपविजेता टीम के खिलाडियों को सम्मानित किया। संचालन डॉ. सुशील सम्राट संयोजक ने किया। मेरा युवा भारत केंद्र इटावा की जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा के निर्देशन में प्रतियोगितायें आयोजित की गयीं स वालीबॉल प्रतियोगिता, कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय इकदिल विजेता रही व इकदिल बी उप विजेता रही स 200 मीटर दौड़ में राखी प्रथम व सुनैना द्वितीय रहीं स 400 मीटर दौड़ में अमन प्रथम व सचिन द्वितीय रहे। बेडमिंटन में डेलिशा प्रथम व रिया द्वितीय रहीं। रेफ़री की भूमिका वेदप्रकाश व नृपेंद्र चतुर्वेदी ने निभाई। इस मौके पर भाजपा के जिलामहामन्त्री प्रशांत राव चौबे, जिलामंत्री राहुल राजपूत, जिलामंत्री जितेंद्र गौड़, लेखाकार श्रवण कुमार बाथम, मनोज तिवारी, जौली शाक्य, राहुल तिवारी, अनुराग राजपूत, अनुभव राजपूत, ईशू वर्मा आदि उपस्थित थे।

# ब्राह्मण धर्मशाला के निर्माण के लिए दी धनराशि



समृद्धि न्यूज

**बांदा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण उत्थान परिषद के तत्वाधान में परशुराम ब्राह्मण महासभा मंडल अध्यक्ष संकटा प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में परिषद के पदाधिकारी गण जनपद के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिकारी पंडित गोपीनाथ दनादन के निवास बुंदेलखंड सेनानी भवन पहुंचकर उनके उत्तराधिकारी पुत्र सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट से मिला और बतलाया कि आप सभी के सहयोग से राष्ट्रीय रामायण मेला के सामने चित्रकूट में ब्राह्मण धर्मशाला का निर्माण कराया जा रहा है जिसका कार्य तेज गति से चल रहा है क्रांतिकारी पंडित दनादन के पुत्र द्वारा धर्मशाला निर्माण हेतु 11,000 नगद धनराशि परिषद के पदाधिकारी को प्रदान की गई और उन्होंने ब्राह्मण समाज से आवाहन किया गया कि इस कार्य में ब?- च?कर श्रद्धा अनुसार सभी अपना सहयोग प्रदान करें इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ राजेश दुबे, वरिष्ठ भाजपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिपाठी, राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा सपा ओम नारायण त्रिपाठी विदित, बीएसपी नेता दुर्गेश तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार सुनील तिवारी, समाजसेवी कुलदीप शुक्ला, प्रबंधक तिंदवारा इंटर कालेज विनय कुमार पांडे, कांग्रेस नेता धीरेंद्र पांडे धीरू मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन सहित पुलिस कार्यालय परिसर में चलाया गया वाहन चेकिग अभियान

### अभियान का उद्देश्य सभी पुलिस कर्मियों दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का करें प्रयोग

समृद्धि न्यूज

**बांदा।** यातायात माह जागरुकता अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा पुलिस लाइन बांदा एवं पुलिस कार्यालय परिसर चेकिंग अभियान चलाया गया । इस दौरान परिसर में बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन व बिना सीट बेल्ट लगाए चारहिया वाहनों की चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान लगभग सभी पुलिसकर्मी हेलमेट लगाकर वाहन चलाते पाये गए । साथ ही बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चलाने वाले कुल 06 पुलिसकर्मियों का चालान करते हुए सख्त हिदायत दी गई । अभियान का उद्देश्य न केवल आम जनता में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता ब?ाना है, बल्कि पुलिस विभाग के भीतर भी यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना है । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा ने कहा कि जब सभी पुलिसकर्मी स्वयं नियमों का पालन करेंगें तो आम जनता में इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा । बांदा पुलिस की जनता से भी अपील की है कि वह दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें ।

# सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें : डीएम

समृद्धि न्यूज

**बांदा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बाँदा श्रीमती जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेªट में पंचायत निर्वाचक नामावली बृहद पुनरीक्षण 2025 कार्य के अन्तर्गत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आयोग के निर्देशानुसार सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन की समीक्षा करते हुए समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि बीएलओ के द्वारा पंचायत सहायकों के सहयोग से इस कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि घर-घर जाकर डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन का कार्य पूर्ण करें, इस कार्य में शिथिलता न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान यदि बीएलओ के कार्य के सत्यापन में कमी पायी जाती है तो सम्बन्धित बीएलओ के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने समस्त ईआरओ को निर्देशित किया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली के बृहद पुनरीक्षण कार्य को तेज गति से पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सुपरवाइजर एवं बीएलओ फील्ड पर जायें और मतदाताओं का आधार कार्ड से मिलान करते हुए डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि वेण्डर द्वारा फीड किये गये विलोपन/संशोधन मतदाताओं का अप्रूवल एवं मतदान केन्द्र भौतिक सत्यापन भी किया जाए। उन्होंने ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि दिनांक 24 नवम्बर, 2025 तक तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि./रा. कुमार धर्मेन्द्र, समस्त उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा पंचायत ग्राम पंचायत विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल श्रम के विरुद्ध चलाया गया विशेष चेकिंग एवं जागरुकता अभियान

समृद्धि न्यूज



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक जनपद बांदा पलाश बंसल निर्देशन आज थाना मानव तस्करी निरोधी इकाई, विशेष किशोर पुलिस इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, साथी संस्था, ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान आदि की संयुक्त टीम द्वारा शहर क्षेत्र में बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध सघन चेकिंग एवं जागरुकता अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान शहर क्षेत्र के संकट मोचन मन्दिर, अशोक लाट, बस स्टैण्ड इत्यादि भीड़-भाड़ व सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग की गई । अभियान के दौरान लोगों को बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम आदि न कराने हेतु जागरुक किया गया । बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम/बाल भिक्षावृत्ति, बच्चा चोरी, जहर खुरानी आदि की सूचना विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों- चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, डायल यूपी-112, या मानव तस्करी निरोधी इकाई के सीयूजी नम्बर-7839862477 पर दें । साथ ही यात्रियों को पंपलेट के माध्यम से बाल विवाह न करने एवं गांव/मोहल्ले में यदि कोई बाल विवाह हो रहा हो तो इसकी सूचना सरकारी हेल्पलाइन नंबर अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सूचित करने की सलाह दी गई, बच्चों के साथ सफर कर रहे यात्रियों को बच्चों को अपने पास रखने एवं अनजान व्यक्ति द्वारा दी गई किसी भी सामग्री को ना खाने की सलाह दी गई । स्टेशन रोड पर मौजूद दुकान/होटल पर बालश्रम आदि के विरुद्ध अभियान चलाया, अभियान के दौरान दुकान/होटल आदि की चेकिंग की गई एवं आसपास के दुकानदारों एवं आम जनमानस को बच्चों (18 वर्ष से कम आयु) से बाल श्रम न कराने हेतु जागरुक किया गया एवं हिदायत दी गई कि यदि कोई व्यक्ति/दुकानदार बच्चों से बाल श्रम करते हुए पाया गया तो उपरोक्त व्यक्ति/दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी । संकट मोचन मंदिर पर श्रद्धालुओं को बाल श्रम एवं बाल विवाह के संबंध में जागरूक किया गया तथा परिजनों को बच्चों को स्कूल भेजने की सलाह दी गई । अभियान के दौरान थाना प्रभारी एएचटीयू निरीक्षक विजय सिंह, उ.नि. अनिल कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत यादव, महिला आरक्षी स्वेतलाना मौर्य,चाइल्ड हेल्पलाइन बांदा से शिव संपत यादव एवं ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान बांदा से शिवम यादव आदि मौजूद रहे ।

# ग्राम खप्टिहा खुर्द की चकबंदी में भारी अनियमितताओं के आरोप

समृद्धि न्यूज

**जसपुरा/बांदा।** ब्लाक जसपुरा क्षेत्र के ग्राम खप्टिहा खुर्द में जारी चकबंदी कार्य को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने चकबंदी प्रक्रिया को जानलेवा बताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने और अपर आयुक्त/अपर निदेशक स्तर से स्थलीय व अभिलेखीय जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच वीडियोग्राफी के साथ कराई जाए, ताकि किसी भी तथ्य को छिपाया न जा सके। चकबंदी 2016 में शुरू, लेकिन प्रक्रियाओं में भारी गड़बड़ियों का आरोप गांव में चकबंदी धारा-04 का प्रकाशन 05 मार्च 2016 को किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि उस समय लेखपाल प्रेमचंद, सविता, कानूनगो कामता प्रसाद, सहायक चकबंदी अधिकारी रामविलास आजाद, तथा चकबंदी अधिकारी शैलेंद्र कुमार और राणा प्रताप ने सर्वे, आपत्तियों, अपीलों और शिकायतों के समाधान में ÷कोई रुचि नहीं दिखाई और कागजी हेराफेरी कर किसानों का उत्पी?न किया। ग्रामीणों का दावा है कि चकबंदी के दौरान एक किसान पुत्र महाबली निषाद को अच्छी जमीन के बदले ऊसर जमीन दिए जाने से वह मानसिक रूप से टूट गया। परिजनों के अनुसार, विभागीय अधिकारियों से समाधान न मिलने के कारण उसने आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद गांव में चकबंदी को लेकर नाराजगी और अविश्वास और गहरा गया है। ग्रामीणों के आरोप सर्वे, मालियत और भू-आंकड़ों में धांधली ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में कई गंभीर बिंदु उठाए मौके पर सर्वे व तरमीम न होने का आरोप ग्रामीणों का कहना है कि लेखपाल प्रेमचंद, सविता और कानूनगो कामता प्रसाद ने मौके पर जाकर सर्वे ही नहीं किया। तरमीम का कार्य कागजों में बैठे-बैठे किया गया। मालियत निर्धारण में पक्षपात सहायक चकबंदी अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने गाटा-दर-गाटा भालियत मौके पर नहीं लगाई, बल्कि कथित तौर पर दलालों, लेखपालों और कानूनगो के कहने पर कक्ष में बैठकर कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि कम उपजाऊ जमीन को अधिक मालियत और उपजाऊ जमीन को कम मालियत दी गई। उदाहरण के तौर पर गाटा संख्या 377 व 378, जो सड़क पर स्थित हैं, उनकी मालियत 60 पैसे लगाई गई, जबकि पीछे के कम उपजाऊ रकबे की मालियत 90 पैसे कर दी गई। समाधि, तालाब, कुआँ और पेड़ भी 'गायब' ग्रामीणों का आरोप है कि सर्वे व नकल तैयार करते समय कई महत्वपूर्ण स्थलों को नजरअंदाज किया गया पंचा की मइयादीन जैसी पुरानी समाधियाँ काट दी गई, किसान गया प्रसाद व कालू ठेंडिया के कुएँ की मालियत नहीं लगाई गई, देव राज, सुरेश, रामकुमार दिक्से के नलकूप दर्ज नहीं किए गए, फलदार पेड़ों की गिनती भी अधूरी दर्ज हुई। उदाहरण के तौर पर दुलारे के 12 महुआ के पेड़ भी अभिलेखों में सही तरीके से अंकित नहीं किए गए। चकबंदी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। चकबंदी निदेशालय से अपर आयुक्त/अपर निदेशक स्तर की टीम गांव में भेजी जाए, और दोषियों पर कठोर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो कई किसान उत्पीड़न की इस प्रक्रिया के शिकार हो सकते हैं।